# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 73 | अंक 224 | पृष्ठ 12+8=20

रीवा, बुधवार 13 मई, 2026

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत् 2083

नगर | मूल्य 5 रुपए

आज के अंक के साथ सत्यकथा





## 1$=95.50₹: रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर

*यह है वजह: तेल महंगा होने पर डॉलर की मांग बढ़ती है। इससे रुपए पर दबाव बढ़ता है। विदेशी निवेशक भी जोखिम बढ़ने पर भारतीय बाजारों से पैसा निकालकर डॉलर जैसी सुरक्षित संपत्तियों में निवेश कर रहे हैं।*

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान 1 डॉलर की कीमत 95.50 रुपए हो गई। रुपए में यह गिरावट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान को लेकर दिए गए बयान और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बाद दर्ज की गई। सोमवार को रुपया 95.31 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था, जबकि पिछले सप्ताह इसने 95.43 का रिकॉर्ड निचला स्तर छुआ था। अब यह स्तर भी टूट गया है। साल 2026 की शुरुआत से ही रुपया लगातार दबाव में बना हुआ है। दिसंबर 2025 में पहली बार रुपया 90 प्रति डॉलर के स्तर के पार गया था।

विशेषज्ञों के मुताबिक पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल रुपए की कमजोरी की बड़ी वजह है। ट्रंप ने हाल ही में ईरान के साथ संघर्ष विराम को 'कमजोर' बताया था, जिसके बाद वैश्विक बाजारों में तनाव बढ़ गया। इसी बीच ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें बढ़कर 105 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। भारत अपनी जरूरत का करीब 80 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में तेल महंगा होने पर डॉलर की मांग बढ़ जाती है, जिससे रुपए पर दबाव बढ़ता है। इसके अलावा विदेशी निवेशक भी जोखिम बढ़ने पर भारतीय बाजारों से पैसा निकालकर डॉलर जैसी सुरक्षित संपत्तियों में निवेश कर रहे हैं।

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि डॉलर महंगा होने से भारत में महंगाई बढ़ सकती है। पेट्रोल-डीजल, एलपीजी, प्लास्टिक और अन्य पेट्रोकेमिकल उत्पाद महंगे हो सकते हैं। मोबाइल, लैपटॉप और आयातित इलेक्ट्रॉनिक्स की कीमतों पर भी असर पड़ने की आशंका है। इसके अलावा विदेश यात्रा और विदेश में पढ़ाई भी भारतीयों के लिए महंगी हो जाएगी, क्योंकि डॉलर खरीदने के लिए अब ज्यादा रुपए खर्च करने होंगे। अगर पश्चिम एशिया संकट और गहराया और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती रहीं, तो भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव और बढ़ सकता है।

# नीट परीक्षा रद्द

## सीबीआई करेगी पेपर लीक की जांच

**22.79** लाख छात्र देशभर से लिए थे नीट यूजी परीक्षा में हिस्सा

**5432** केंद्रों पर आयोजित की गई थी यह परीक्षा भारत और विदेशों में

**600** अंकों के सवाल थे लीक पेपर में, कुल 720 अंकों की परीक्षा

**150 पन्नों के 'क्वेश्चन बैंक' में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के कुल 410 प्रश्न शामिल थे। जांच में पता चला कि इनमें से 120 प्रश्न हूबहू पूछे गए थे।**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 पर मंगलवार को बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई को आयोजित हुई परीक्षा रद्द करने की घोषणा की है। यह फैसला पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ियों के गंभीर आरोपों के बाद लिया गया है। केंद्र सरकार ने इस पूरे मामले की व्यापक जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी है।

इस बार परीक्षा को लेकर अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम के दावे किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद पेपर लीक की खबरों ने परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नीट परीक्षा रद्द होने के पीछे एक साधारण-सा व्हाट्सएप मैसेज बड़ा सुराग बना। राजस्थान की एसओजी जांच के दौरान एक ऐसा संदेश मिला, जिस पर 'फॉरवर्डेड मेनी टाइम्स' लिखा था। इसी संदेश ने पेपर लीक की परतें खोलीं।

जांच एजेंसियां शुरुआत में इसे सीमित स्तर का लीक मान रही थीं, लेकिन बार-बार फॉरवर्ड मैसेज से संकेत मिला कि कथित 'गैस पेपर' बड़े पैमाने पर फैल चुका था। अब तक इस मामले में 45 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें छात्र, सॉल्वर गैंग के सदस्य, बिचौलिए और कथित पेपर सप्लायर शामिल हैं। जांच में बिहार, राजस्थान, झारखंड, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र तक फैला इंटर-स्टेट नेटवर्क सामने आया है।

### 6 से 8 दिन में घोषित होंगी नई तारीखें, छात्रों को फिर आवेदन की जरूरत नहीं

एनटीए ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि केंद्रीय एजेंसियों और कानून प्रवर्तन संस्थाओं से मिले इनपुट तथा जांच निष्कर्षों के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। एजेंसी के अनुसार, उपलब्ध तथ्यों को देखते हुए मौजूदा परीक्षा प्रक्रिया को जारी रखना संभव नहीं था। इसलिए सरकार की मंजूरी के बाद परीक्षा को रद्द कर दोबारा आयोजित करने का फैसला लिया गया।

*एनटीए की अपील: एजेंसी ने छात्रों और अभिभावकों से केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की है।*

### छात्रों के लिए जरूरी सूचनाएं

- एनटीए ने कहा है कि नई परीक्षा की तारीखें अगले 6 से 8 दिनों में घोषित कर दी जाएंगी।
- एडमिट कार्ड दोबारा जारी किए जाएंगे, लेकिन छात्रों को दोबारा आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी।
- मई 2026 परीक्षा चक्र के रजिस्ट्रेशन, परीक्षा केंद्र और अन्य विवरण स्वतः अगली परीक्षा के लिए मान्य रहेंगे।
- कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा और पहले जमा की गई फीस वापस की जाएगी।
- नई परीक्षा एनटीए के अपने संसाधनों से दोबारा आयोजित की जाएगी।



परीक्षा रद्द होने के बाद दिल्ली में छात्र संगठनों का विरोध प्रदर्शन तेज हो गया। कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने नई दिल्ली के शास्त्री भवन के बाहर प्रदर्शन किया।

### 2024 में भी हुआ था लीक

यह पहली बार नहीं है जब नीट परीक्षा विवादों में घिरी हो। इससे पहले 2024 में भी परीक्षा के दौरान पेपर लीक के आरोप लगे थे। उस मामले में भी सीबीआई जांच हुई थी। तब सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा था कि कम से कम 155 छात्रों को पेपर लीक से फायदा पहुंचा था।

### नासिक से पकड़ाया भोपाल का स्टूडेंट

नीट पेपर लीक में मध्य प्रदेश का भी नाम जुड़ गया है। महाराष्ट्र से गिरफ्तार आरोपी डॉ. शुभम खैरनार भोपाल के एक निजी विश्वविद्यालय का छात्र है। वह आयुर्वेद कॉलेज से बीएएमएस अंतिम वर्ष का छात्र है। कुछ समय पहले तक वह भोपाल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। नीट यूजी 2026 की परीक्षा में देशभर से 23 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए थे, वहीं मप्र में इनकी संख्या 1 लाख 18 हजार से ज्यादा है। प्रदेश में कुल 283 सेंटर बनाए गए थे। सबसे ज्यादा सेंटर इंदौर में 57 और भोपाल में 33 थे।

### केरल-राजस्थान से शुरू हुआ मामला छह राज्यों तक पहुंचा

मामले की शुरुआत राजस्थान के सीकर से हुई, जो अब बिहार, राजस्थान, झारखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र से होते हुए मध्य प्रदेश तक पहुंच गई है। शिकायतों के बाद राजस्थान स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) ने जांच की। जांच के मुताबिक सीकर निवासी राकेश मंडावरिया ने देहरादून से यह सामग्री साझा की थी। इसके बाद लीक पेपर चूरू के छात्र तक पहुंचा, जो केरल में पढ़ रहा है।

- 1 मई को केरल के चूरू निवासी एमबीबीएस छात्र ने कथित क्वेश्चन बैंक सीकर भेजा।
- 2 मई को सीकर में उसने यह सामग्री पीजी संचालक को दी। इसके बाद पीजी में रहने वाले छात्रों, करियर काउंसलर्स और अन्य अभ्यर्थियों के बीच यह तेजी से फैलने लगी।
- 3 मई को परीक्षा खत्म होने के बाद सीकर के पीजी संचालक ने उद्योग नगर थाने और एनटीए को शिकायत दी कि बड़ी संख्या में छात्रों के पास संदिग्ध क्वेश्चन बैंक था।
- 6-7 मई को सोशल मीडिया और कोचिंग संस्थानों में कथित पेपर और वास्तविक प्रश्नपत्र के बीच समानता को लेकर चर्चा तेज हो गई।
- 7 मई को एनटीए ने माना कि उसे राजस्थान और उत्तराखंड से परीक्षा में गड़बड़ी से जुड़े इनपुट मिले हैं।
- 8 मई को मामले की जांच केंद्रीय एजेंसियों को सौंप दी गई।
- 10 मई के बाद सीकर और आसपास के इलाकों से पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### आईपीएल में आज

कोलकाता **बनाम** बेंगलुरु

समय : रात 7.30 बजे से

प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**परिणाम:** गुजरात ने हैदराबाद को 82 रनों से हराया।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय मंत्री बंदी संजय के बेटे पर पॉक्सो केस

**हैदराबाद, जेएनएन।** केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार के बेटे साई भागीरथ के खिलाफ तेलंगाना में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। 17 वर्षीय एक नाबालिग लड़की की मां ने आरोप लगाया है कि भागीरथ ने उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया। शिकायत के आधार पर 8 मई को हैदराबाद में केस दर्ज किया गया। मामले में साई भागीरथ ने तेलंगाना हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। साथ ही उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला रद्द करने की भी मांग की है।

### आरजी कर मामले की सुनवाई से हटीं जस्टिस

**कोलकाता, जेएनएन।** कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस राजशेखर मांथा की खंडपीठ ने खुद को आरजी कर कॉलेज की डाक्टर के दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई से अलग कर लिया है। खंडपीठ ने टिप्पणी की कि अदालत में मामलों की अधिकता है और ऐसी संभावना है कि राज्य सरकार इस संवेदनशील मामले के लिए एक स्वतंत्र न्यायिक आयोग का गठन कर सकती है। इससे पहले जस्टिस देबांग्शु बसाक की बेंच ने भी समय की कमी का हवाला देते हुए इस केस से पल्ला झाड़ लिया था।

**पश्चिम एशिया संघर्ष:** ट्रंप बोले- ईरानी नेतृत्व बेईमान

## दावा: युद्ध में यूएई भी शामिल रिफाइनरी पर किया था हमला

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच एक बड़ा खुलासा सामने आया है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी गुप्त रूप से ईरान पर सैन्य हमले किए थे। रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल में ईरान के लावान द्वीप स्थित ऑयल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया, जिससे वहां भीषण आग लग गई और तेल उत्पादन लंबे समय तक प्रभावित रहा।

रिपोर्ट के अनुसार हमला अप्रैल की शुरुआत में हुआ था, ठीक उसी दौरान जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप युद्धविराम की घोषणा कर रहे थे। उस समय ईरान ने कहा था कि उसकी रिफाइनरी 'दुश्मन के हमले' में क्षतिग्रस्त हुई है। इसके बाद तेहरान ने यूएई और कुवैत पर मिसाइल तथा ड्रोन हमले किए थे। हालांकि यूएई ने इन हमलों को आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया है। लेकिन यूएई विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि देश को अपनी सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे का जवाब देने का अधिकार है, जिसमें सैन्य कार्रवाई भी शामिल है।

इसी बीच ट्रंप ने ईरानी नेतृत्व पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ईरानी नेता 'बेईमान' हैं और बार-बार अपनी बातें बदलते हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि जिन दस्तावेजों को अमेरिका तक पहुंचने में 20 मिनट लगने चाहिए, उन्हें ईरान 5 दिन बाद भेजता है। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत को जानबूझकर लंबा खींच रहा है।

इधर, ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट अब 74वें दिन में पहुंच गया है। इंटरनेट मॉनिटरिंग ग्रुप नेटब्लॉक्स के मुताबिक 28 फरवरी से देश में इंटरनेट सेवाएं लगभग पूरी तरह बंद हैं। नेटब्लॉक्स ने आरोप लगाया कि जब दुनिया विज्ञान और तकनीक में आगे बढ़ रही है, तब ईरान तकनीक से जुड़े लोगों को गिरफ्तार और फांसी दे रहा है। हालांकि ईरानी सरकार का कहना है कि युद्ध समाप्त होने के बाद इंटरनेट सेवाएं सामान्य कर दी जाएंगी।




### कई मुद्दों पर फंसी अमेरिका-ईरान वार्ता

अमेरिका और ईरान के बीच जारी शांति वार्ता कई विवादित मुद्दों में उलझ गई है। होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री नियंत्रण, ईरानी जहाजों की अमेरिकी नाकेबंदी, परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में राहत और बैलिस्टिक मिसाइल जैसे मुद्दों पर दोनों देशों के बीच गहरे मतभेद बने हुए हैं।

### होर्मुज स्ट्रेट 500 किमी का ऑपरेशन जोन घोषित

ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गॉर्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज स्ट्रेट को लगभग 500 किलोमीटर लंबा 'ऑपरेशन जोन' घोषित कर दिया है। ईरान ने कहा कि अब इस क्षेत्र में गुजरने वाले जहाजों को उसके तय समुद्री मार्ग का पालन करना होगा, वरना सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले की राय**

## पाक से वार्ता-वीजा जारी रहें हमलों का जवाब सख्ती से दें



**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के राष्ट्रीय महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत के रास्ते पूरी तरह बंद नहीं करने चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच वीजा सेवाएं, खेलकूद और व्यापार जारी रहना चाहिए, लेकिन पुलवामा जैसे आतंकी हमलों का जवाब मजबूती से देना भी जरूरी है। एक इंटरव्यू में होसबाले ने भारत-पाकिस्तान संबंधों, मुस्लिम समुदाय, हिंदू राष्ट्र की अवधारणा, कथित 'लव जिहाद' और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष सहित कई मुद्दों पर अपनी बात रखी।

होसबाले ने कहा कि भारत-पाक के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध रहे हैं, क्योंकि दोनों देश कभी एक ही राष्ट्र का हिस्सा थे। वर्तमान में पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व पर भरोसा कम है, इसलिए वहां के खिलाड़ियों, वैज्ञानिकों और सिविल सोसायटी को संबंध सुधारने में भूमिका निभानी चाहिए। पश्चिम एशिया संघर्ष पर उन्होंने कहा कि यह 'सभ्यताओं का संघर्ष' नहीं बल्कि तेल और संसाधनों पर नियंत्रण की लड़ाई है।

## औद्योगिक विकास के लिए काम कर रही है प्रदेश सरकार: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि औद्योगिक विकास में लंबी छलांग लगाने के लिए राज्य सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है। हमारे पास तकनीक के साथ-साथ अनेक अनुकूल पक्ष हैं। सरकार उद्यमियों के साथ कदम से कदम मिलकर चलने को तैयार है। सीएम मंगलवार को अपने निवास पर इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव के प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया तो फ्रांस ने भारत का समर्थन किया था। फ्रांस से भारत ने राफेल डील भी की। भारत के साथ काम करते हुए सभी क्षेत्रों में व्यापार-व्यवसाय की व्यापक संभावनाएं हैं। सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी औद्योगिक निवेश की अपार क्षमता, योग्यता और संभावनाएं हैं। राज्य सरकार का फोकस व्यापार-व्यवसाय में निवेश बढ़ाने पर है। निवेश दोनों पक्षों की आपसी सहमति से आगे बढ़ता है। मध्यप्रदेश देश के मध्य में होने के कारण कनेक्टिविटी के मामले में सबसे बेहतर है।

### प्रदेश को मिलेगा अधिकतम सहयोग: माथू



फ्रांसीसी राजदूत थियरी माथू ने कहा कि मध्यप्रदेश को विभिन्न क्षेत्रों में फ्रांस की ओर से अधिकतम सहयोग प्राप्त होगा। मध्यप्रदेश में आगामी वर्ष होने वाले ग्लोबल समिट की दृष्टि से फ्रांस और मध्यप्रदेश के मध्य दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग को मजबूत बनाने के प्रयास होंगे।

## असम: 4 मंत्रियों के साथ हिमंता ने ली शपथ

**गुवाहाटी, जेएनएन।** हिमंता बिस्वा सरमा ने लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर राज्य की राजनीति में नया अध्याय शुरू किया। गुवाहाटी के खानापारा वेटरनरी कॉलेज मैदान में आयोजित भव्य समारोह में असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई केंद्रीय मंत्री और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहे।

शपथ ग्रहण समारोह में हिमंता सरमा के साथ चार अन्य नेताओं ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें भाजपा से रामेश्वर तेली, अंजना नियोग शामिल हैं, जबकि सहयोगी दलों की ओर से अतुल बोरा (एजीपी) और चरण बोरो (बीपीएफ) ने मंत्री पद संभाला। खास बात यह रही कि सभी नेताओं ने असमिया भाषा में शपथ ली।

असम की नई कैबिनेट में भाजपा ने क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश की है। रामेश्वर तेली चाय बागान समुदाय से आते हैं, जबकि अतुल बोरा असम गण परिषद (एजीपी) का प्रतिनिधित्व करते हैं। चरण बोरो को शामिल कर बोडोलैंड क्षेत्र को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। वहीं अजंता नेओग असम की प्रमुख महिला नेताओं में गिनी जाती हैं। समारोह में हिमंता सरमा का परिवार भी मौजूद रहा। उनकी पत्नी रिनिकी भुइयां, बेटे नंदिल और बेटी सुकन्या ने इस मौके को 'गर्व और खुशी का पल' बताया।




शपथ लेने के बाद हिमंता ने मंच पर पीएम मोदी और अन्य वरिष्ठ नेताओं का अभिवादन किया।

## इटारसी में सरकारी वकील ने रेप पीड़िता को धमकाया

**समझौते के लिए डाला जा रहा था दबाव**

**जागरण, भोपाल।** नर्मदापुरम के इटारसी न्यायालय से एक दुष्कर्म पीड़िता को केस में समझौते के लिए सरकारी वकील द्वारा धमकाने के आरोप लगे हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि सरकारी वकील ने आरोपी से सांठगांठ कर उसे केस वापस लेने के लिए धमकाया। इस पर प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला अभियोजन अधिकारी को पत्र लिखकर संबंधित अधिवक्ता को हटाने और कार्य विभाजन संशोधित करने के निर्देश दिए हैं। न्यायाधीश ने इसे गंभीर और अक्षम्य लापरवाही मानते हुए लिखा, अधिवक्ता का कृत्य कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और अनुचित लाभ प्राप्त करने की मंशा को दर्शाता है, ऐसे कृत्य से न्याय प्रणाली पर से विश्वास उठ सकता है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि सरकारी वकील भूरेसिंह भदौरिया उसे केस वापस लेने और समझौता करने के लिए लगातार धमका रहे हैं। उसने फोन पर चर्चा करनी चाही तो उन्होंने कहा कि केस वापस ले लें, इसमें कुछ नहीं रखा।

**स्टडी का दावा** | दलित और आदिवासी समुदाय सबसे ज्यादा असंगठित मजदूरी में फंसे हैं पूरे देश में

## देश में नौकरी, वेतन, पलायन आज भी जाति से प्रभावित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने का दावा करता है, लेकिन एक नई अकादमिक स्टडी ने देश के श्रम बाजार की गहरी सामाजिक असमानताओं को उजागर किया है। अध्ययन के मुताबिक भारत में आज भी जाति और सामाजिक पहचान नौकरी मिलने, वेतन तय होने, व्यवसाय शुरू करने और यहां तक कि पलायन के पैटर्न को प्रभावित करती है।

यह अध्ययन 2026 में प्रकाशित पुस्तक 'अनइक्वल ऑपुर्चुनिटीज: एन एनालिसिस ऑफ इनइक्विलिटीज इन एम्प्लॉयमेंट ऑपुर्चनिटीज अमॉन्ग डिफरेंट सोशल ग्रुप्स इन लेबर मार्केट ऑफ इंडिया' में सामने आया है। इसे गुजरात विद्यापीठ की मंजुला लक्ष्मण और रश्मिका डाभी ने तैयार किया है। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि संवैधानिक सुरक्षा और आरक्षण नीतियों के बावजूद भारत के औपचारिक और अनौपचारिक दोनों श्रम बाजारों में संरचनात्मक भेदभाव अब भी मौजूद है। अध्ययन के अनुसार अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोगों को भर्ती, वेतन, पदोन्नति, पूंजी तक पहुंच और सुरक्षित रोजगार के मामलों में लगातार भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट कहती है कि रोजगार बाजार 'समान अवसर' देने में अब भी विफल है, खासकर निजी क्षेत्र में।



### बहुआयामी गरीबी में सबसे ज्यादा एससी-एसटी

- अध्ययन में बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) 2021 का हवाला देते हुए कहा गया है कि भारत में हर छह गरीब लोगों में से पांच एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों से आते हैं।
- 50 फीसदी से अधिक हिस्सा हैं एसटी समुदाय का देश की बहुआयामी गरीब आबादी में
- 33.3 फीसदी हिस्सेदारी रखते हैं एससी समुदाय के लोग
- 27.2 फीसदी हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर हैं ओबीसी समुदाय

### पुराने आंकड़े, लेकिन आज भी प्रासंगिक

रिपोर्ट में इस्तेमाल किए गए अधिकांश सरकारी आंकड़े 2011 से 2015 के बीच के हैं। इनमें जनगणना 2011, सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना 2011, रोजगार एवं बेरोजगारी सर्वेक्षण 2013-14 और आर्थिक जनगणना 2015 शामिल हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि जातिवार श्रम और आय संबंधी अद्यतन आंकड़े सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए पुराने आंकड़ों का ही सहारा लेना पड़ा।

### 90 फीसदी से ज्यादा लोग असंगठित क्षेत्र में

भारत की 90 फीसदी से ज्यादा कार्यशक्ति असंगठित या अनौपचारिक क्षेत्र में काम करती है। ई-श्रम पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार 27 करोड़ से अधिक श्रमिक प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं, जिनमें करीब 74 फीसदी एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों से हैं। इनमें से अधिकांश श्रमिकों की मासिक आय 10 हजार रुपए या उससे कम है। रिपोर्ट के मुताबिक यही वह वर्ग है जो सामाजिक सुरक्षा, स्थायी नौकरी और न्यूनतम वेतन जैसी सुविधाओं से सबसे ज्यादा वंचित है।

### ज्यादा काम, लेकिन सबसे खराब नौकरियां

2013-14 के श्रम ब्यूरो आंकड़ों के अनुसार एसटी समुदायों में श्रम भागीदारी दर सबसे अधिक 60.8 फीसदी थी। इसके बाद एससी और ओबीसी समुदाय आते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि अधिक श्रम भागीदारी का मतलब बेहतर रोजगार नहीं है। बड़ी संख्या में एससी और एसटी श्रमिक कम वेतन वाली अस्थायी मजदूरी और असुरक्षित नौकरियों में फंसे हुए हैं। केवल 8 फीसदी एसटी श्रमिक ही नियमित वेतन वाली नौकरियों में थे।

## कूनो: 4 चीता शावकों की मौत, शिकार की आशंका

### एक माह पहले हुआ था जन्म, मांद के पास मिले शव

**जागरण, श्योपुर।** प्रदेश के श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता केजीपी-12 के चार शावकों की मौत हो गई। मंगलवार सुबह मॉनिटरिंग टीम को डेन साइट (मांद) के पास चारों शावकों के शव मिले। वन विभाग के मुताबिक शव आंशिक रूप से खाए हुए थे, जिससे किसी जंगली जानवर के शिकार की आशंका जताई जा रही है। शावकों का जन्म 11 अप्रैल 2026 को हुआ था और वे करीब एक महीने के थे। टीम ने उन्हें 11 मई की शाम आखिरी बार जीवित देखा था। मौत के सही कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा।

मालूम हो कि पिछले 2 दिनों से कूनो नेशनल पार्क में प्रोजेक्ट चीता को लेकर उत्साह का वातावरण था। 10 मई को मदर्स डे पर मादा चीता और शावकों की शार्ट फिल्म जारी की गई थी। 11 मई को सीएम डॉ. मोहन यादव ने बोत्सवाना से लाई गई दो मादा चीताओं को बाड़े से खुले जंगल में रिलीज किया था।



**कूनो में अब 50 चीते बचे**

वन विभाग ने बताया कि मादा चीता केजीपी-12 पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ है। इलाके में निगरानी बढ़ा दी गई है। कूनो में अब 50 चीते बचे हैं, जिनमें 33 भारत में जन्मे चीते हैं। गांधी सागर अभयारण्य में तीन चीते मौजूद हैं। देश में चीतों की कुल संख्या अब 53 हो गई है।

गुजरात की सबसे बड़ी जीत, हैदराबाद की सबसे बड़ी हार (पेज : 11)



## पीसीसी महासचिव डॉ. प्रतिभा को दो जिलों का प्रभार



**रीवा।** मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव डॉ. प्रतिभा सिंह को संगठन द्वारा छतरपुर एवं पन्ना जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर डॉ. प्रतिभा सिंह ने मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व एवं सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा जताए गए विश्वास पर वह पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगी तथा दोनों जिलों में महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएँगी। डॉ. प्रतिभा सिंह की नियुक्ति पर समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।






# नवीन कोर्ट के बार बिल्डिंग में राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न





### रीवा, गुढ़, सेमरिया और रायपुर कर्चुलियान के 3597 अधिवक्ताओं में से 2569 ने किया मतदान

जागरण, रीवा

जिला न्यायालय के नवीन भवन में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव पूरे उत्साह के साथ शांतिपूण तरीके से संपन्न कराये गये। राज्य अधिवक्ता परिषद के 25 सदस्यीय नई कार्यकारिणी के लिए रीवा, गुढ़, सेमरिया और रायपुर कर्चुलियान के 3597 अधिवक्ताओं में से 2569 अधिवक्ताओं अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन अधिकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश प्रधान के नेतृत्व में मतदान सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक हुआ। मतदान के लिए चार मतदान केन्द्र बनाये गये थे। मतदान केन्द क्रमांक-1 में 405 मत, मतदान केन्द क्रमांक-2 में 798 मत, मतदान केन्द क्रमांक-3 में 697 मत एवं मतदान केन्द क्रमांक-4 में 669 मत डाले गये। राज्य अधिवक्ता परिषद के लिये कराये गये चुनाव में प्रदेश भर से 122 उम्मीदवार मैदाने में थे, इसमें रीवा से अकेले 20 उम्मीदवार थे। राज्य अधिवक्ता परिषद के 122 उम्मीदवारो में 98 पुरुष और 24 महिला प्रत्याशी मैदान में थे। रीवा से सर्वाधिक उम्मीदवार होने के कारण इस चुनाव को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। न्यायालय परिसर में रीवा के लगभग सभी उम्मीदवारों के स्टाल लगा थे जहां गर्मी से राहत देने के लिए ठंडा पानी और कूलर आदि व्यवस्था की गई थी। मतदान के महत्व को देखते हुए राज्य के सभी न्यायालयों में मंगलवार को कार्यमुक्त घोषित किया गया था, ताकि सभी अधिवक्ता बिना किसी बाधा के वोट डाल सकें। न्यायिक कर्मचारी और न्यायाधीश भी इस चुनावी प्रक्रिया को सुचारु बनाने में सहयोग करते रहे।

#### दो विधायकों ने भी किया मतदान

नवीन न्यायालय परिसर में हुए राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव में दो विधायकों ने भी पहुंच कर मतदान किया। ये दोनों रीवा न्यायलय में पैरवी करते रहे हैं। पहले सीधी से विधायक रीती पाठक ने आकर अपने मताधाकार का प्रयोग किया। इसके बाद पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं देवतालाब विधायक गिरीश गौतम ने भी कोर्ट पहुंच कर मतदान किया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रीवा में राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव के लिए कितना उत्साह था।

#### 16 जून से शुरू होगी मतगणना

राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव संपन्न होने के बाद अगली प्रक्रिया में आगामी 16 जून से मतगणना शुरू होगी। मतपत्रों की गिनती जबलपुर उच्च न्यायालय परिसर स्थित मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के सभागार में चुनाव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सेवानिवृत्त जस्टिस एसके पालो के नेतृत्व व निर्देशन में की जाएगी। चुनाव के परिणामों से ही तय होगा कि अगले कार्यकाल के लिए प्रदेश के अधिवक्ताओं का नेतृत्व कौन करेगा।

#### रीवा से मैदान में रहे 20 प्रत्याशी

राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव में कुल 122 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई हैं। इनमें से अकेले रीवा से 20 अधिवक्ता उम्मीदवार शामिल हैं। इस निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से कुल 25 सदस्यों का चुनाव किया जाना है। इसमें 18 पुरुष और 7 महिला सदस्य शामिल हैं। अधिवक्ताओं में अपने प्रतिनिधियों को चुनने के लिए सुबह से ही भारी उत्साह देखा गया और मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखी गई। रीवा से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों में एडवोकेट अखंड प्रताप सिंह, रावेंद्र मिश्रा, अखंड तिवारी, संदीप पटेल, राजेंद्र तिवारी राजू, राकेश निगम, अवधेश सिंह, विधि सिंह, प्रवीण तिवारी, नित्यानंद मिश्रा, सुनील मिश्रा, स्वदीप सिंह, अनिल सिंह गहरवार, सूर्यकांत मिश्रा, अमित तिवारी, गोपाल सिंह, सुमिता सिंह गहरवार, मनोज पांडे, अरुण सिंह शामिल हैं।

#### मताधिकार से वंचित रहे गये

राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव में चुनाव सूची में नाम न होने के कारण एडवोकेट नूतन अग्रवाल मताधिकार से वंचित हो गये। उन्होंने बताया कि वे विगत 27 वर्षों के नियमित रूप से वकालत कर रहे हैं और प्रत्येक चुनाव, चाहे जिला अधिवक्ता संघ रीवा का हो या राज्य अधिवक्ता परिषद का, प्रत्येक चुनाव में मताधिकार का उपयोग करते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रीवा जिला से भारी संख्या में अधिवक्ताओं को इस चुनाव मे मताधिकार से वंचित किया गया है।

## अपरा एकादशी आजः भगवान विष्णु की पूजा से घर में होगा लक्ष्मी का वास, खुलेगा सुख-समृद्धि का द्वार

### यह व्रत करने से पाप होते हैं नष्ट, पुष्कर स्नान जैसा मिलता है फल

**जागरण,रीवा।** यदि आप ब्रह्महत्या, परनिंदा या झूठ बोलने जैसे पापों के बोझ से दबे हैं या जीवन में दरिद्रता पीछा नहीं छोड़ रही तो ज्येष्ठ मास की अपरा एकादशी आपके लिए खास है। शास्त्रों में अचला एकादशी के नाम से जाने जाने वाला यह व्रत 13 मई, बुधवार को रखा जाएगा। मान्यता है कि यह व्रत पापों को काटने के लिए किसी कुल्हाड़ी की तरह काम करता है। अपरा एकादशी का प्रताप इतना है कि इसका फल कार्तिक पूर्णिमा पर पुष्कर स्नान या गंगा तट पर किए गए पितु पिंडदान के समान माना गया है। अपरा एकादशी महज एक व्रत नहीं, बल्कि मन की शुद्धि और आर्थिक समृद्धि का द्वार है। इसे पूरी निष्ठा से करने पर ही अचला यानी स्थिर लक्ष्मी का वास होता है।

#### आगे अधिकमास में पड़ेंगी यह खास एकादशी

**27 मईः पद्मिनी एकादशीः** अधिकमास के शुक्ल पक्ष की इस एकादशी को कमला भी कहते हैं। यह संतान सुख, वैभव और सुख-समृद्धि प्रदान करने वाली मानी जाती है।

**11 जूनः परमा एकादशी :** मोक्षदायिनी मानी जाने वाली यह एकादशी आर्थिक संकटों और दरिद्रता को दूर करती है। कुबेर देव ने सर्वप्रथम इसका पालन किया था।

**25 जूनः निर्जला एकादशीः** इसे भीमसेनी एकादशी कहा जाता है। सबसे कठिन मानी जाने वाली इस एकादशी पर बिना जल ग्रहण किए उपवास रखने से वर्षभर की सभी एकादशियों के बराबर पुण्य मिलता है। इस दिन जलदान और छबील लगाने का विशेष महत्व है।

#### उदया तिथि का मानः 13 को व्रत, 14 को किया जाएगा पारण

ज्योतिषाचार्य डॉ.हुकुमचंद जैन के अनुसार, एकादशी तिथि का शुभारंभ 12 मई को दोपहर 02.53 बजे से होगा, जो 13 मई बुधवार को दोपहर 01.30 बजे तक रहेगी। चूंकि वैष्णव परंपरा में उदया तिथि की महत्ता है। इसलिए श्रद्धालु 13 मई को ही व्रत रखेंगे। व्रत का पारण 14 मई, गुरुवार को सुबह 05.31 से 08.14 बजे के बीच किया जा सकेगा।

#### भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को बताया था धनवर्षा का मार्ग

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने धर्मराज युधिष्ठिर को इस व्रत का महत्व समझाया था। उन्होंने कहा था कि अपरा एकादशी का व्रत रखने वाले को न केवल अपार धन की प्राप्ति होती है, बल्कि उसे संसार में यश और कीर्ति भी मिलती है। यह व्रत उन लोगों के लिए विशेष फलदायी है जो अनजाने में किए गए पापों का प्रायश्चित करना चाहते हैं।

## लिपिक कर्मचारी संघ ने कलेक्टर से की मुलाकात



**रीवा।** म.प्र.लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ जिला इकाई ने नवागत कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी से मुलाकात कर उनको गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। तत्पश्चात संगठन के द्वारा कलेक्टर से लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि कर्मचारी कल्याण हेतु संयुक्त परामर्शदात्री समिति की आगामी बैठक 25 मई को होना सुनिश्चित है जिसमें दिये गये एजेन्डे पर वृहद चर्चा की जायेगी। संघ के पदाधिकारियों ने मान.कलेक्टर के मृदुभाषी व्यवहार से प्रभावित होते हुए उनकी भूरि-भूरि प्रसंशा की। इस अवसर पर संघ के कार्यकारी प्रान्ताध्यक्ष संतोष तिवारी, जिलाध्यक्ष नागेश पाण्डेय, बृजेश सिंह, संतोष पाण्डेय, उमाशंकर माझी, श्रीधर मिश्रा सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

## भूमि-नक्शा तरमीम को लेकर शिकायत, पटवारी पर गंभीर आरोप



**रीवा।** जनसुनवाई में इंदौर से पहुंचे सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने अपनी भूमि से जुड़े मामले में प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि सेमरिया तहसील के बम्हनी अजमेर में स्थित उनकी भूमि का नक्शा तरमीम कराने के लिए उन्होंने आवेदन दिया था, लेकिन पिछले दो वर्षों से यह मामला लंबित है। शिकायतकर्ता के अनुसार, संबंधित हल्का पटवारी अमित मिश्रा द्वारा लगातार हीलाहवाली की जा रही है और अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन वहां से भी कोई समाधान नहीं मिला। सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने आरोप लगाया कि पटवारी द्वारा काम करने के बदले रिश्वत की मांग की जा रही है, जिसके कारण उनका कार्य अटका हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायालय द्वारा निर्देश जारी किए जाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि पटवारी द्वारा उन्हें लगातार धमकाया जा रहा है कि वह गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। इसी कारण उन्होंने कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग की है। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि संबंधित पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उनकी भूमि का नक्शा तरमीम कराने के लिए आवश्यक आदेश जारी किए जाएं।

## भीषण गर्मी में भी अलग ही छटा बिखेर रहे मौसमी पुष्प



**जागरण, रीवा।** मौसम चाहे कोई सा भी हो प्रकृति की सौंदर्यता लगभग हर मौसम में देखी जा सकती है। वर्षाकाल में तो चारों ओर हरियाली छाई रहती है, वहीं शीत काल में विभिन्न फूलों के साथ ही गुडहल के फूल, खेतों पर लहराती गेहूं, सरसों की फसल प्राकृतिक सौंदर्य को चार चांद लगाती है, किन्तु ग्रीष्मकाल में लगन वाले मौसमी पुष्प कुछ कमी नहीं, ग्रीष्मकाल में पुष्पों से लगे पेड़ भी अपनी अलग ही छटा बिखेर रहे हैं।

## पार्टी कार्यालय अटल कुंज तक साइकिल से पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष



**रीवा।** रीवा जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता मंगलवार को अपने आवास से पार्टी कार्यालय अटल कुंज तक साइकिल से पहुंचे। श्री गुप्ता ने कहा कि यह केवल एक यात्रा नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली, विदेशी मुद्रा की बचत एवं राष्ट्रहित के प्रति जागरुकता का प्रेरणादायी संदेश है। प्रधानमंत्री मोदी जी का विजन है कि छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं। हम सभी भी ऊर्जा बचत, विदेशी मुद्रा संरक्षण और स्वच्छ पर्यावरण के लिए अपने स्तर पर योगदान देने का संकल्प लें।

## अमहिया मार्ग का अतिक्रमण हटाने दूसरे दिन भी चली जेसीबी

### तिराहे से लेकर अमहिया मोड़ तक सड़क के दोनों तरफ तोड़ी गई दुकानें



**जागरण, रीवा।** नगर निगम द्वारा अमहिया मार्ग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी की गई। सोमवार शाम जहां से कार्रवाई बंद थी, मंगलवार को वहीं से प्रारंभ की गई। एहतियात के तौर तिराहे से लेकर अमहिया मोड़ तक रास्ता को बैरीकेट लगाकर बंद कर दिया गया था। सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण तोड़ दिये जाने के बाद मार्ग काफी चौड़ा दिखाई देने लगा है। मंगलवार को तिराहे से लेकर अमहिया मोड़ तक सड़क के दोनों तरफ दुकानें तोड़ी गई हैं। गौरतलब है कि निगम आयुक्त अक्षत जैन के निर्देश पर कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम की दो जेसीबी दिनभर कार्रवाई में जुटी रहीं और ट्रैक्टर सड़क में बिखरा मलबा हटाने में लगे रहे। सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक सड़क चौड़ीकरण करने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है। यह अतिक्रमण सड़क चौड़ीकरण में सबसे बड़ी बाधा था। इसे दूर करने के लिए 165 अतिक्रमणकारियों को नगर निगम एवं जिला प्रशासन द्वारा कई बार नोटिस देकर स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया। लेकिन कुछ लोगों ने ही अपना अतिक्रमण हटा रहे थे, वह भी बेहद धीमी गति से। यह देखकर नगर निगम द्वारा अपना अमला उतार दिया और दो दिन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई अस्पताल चौराहा तक निरंतर जारी रहेगी।

#### परिवर्तित रहा मार्ग

अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही दौरान अमहिया मार्ग में आवागमन बंद रखा गया। इसके लिए वैकल्पिक कॉलेज चौराहा से कलामंदिर रोड होकर लोगों को अस्पताल पहुंचना पड़ा। सड़कों में बिखरा मलवा यातायात में बाधक रहा। अतिक्रमण कार्यवाही दौरान टूटे छतों के मलबे से मकान मालिक छए एकत्रित करने में भी जुटे रहे।

## चाकघाट में सामूहिक विवाह समारोह 14 को

**रीवा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत गरीब परिवार की बेटियों के विवाह सामूहिक विवाह समारोह में संपन्न कराए जाते हैं। इस क्रम में त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में चाकघाट कृषि उपज मण्डी में 14 मई को दोपहर 12 बजे से सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र होंगे। समारोह की अध्यक्षता विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी राज करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, जिला पंचायत सदस्य गीता राजमणि मांझी, डॉ. संगीता सोनल शर्मा, सुमन विकास कोल तथा बबोल प्रसाद कोल शामिल होंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष त्योंथर मीनू देवी कोल, उपाध्यक्ष अंजना सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष त्योंथर कृष्णवती शुक्ला, नगर परिषद अध्यक्ष चाकघाट विभव जायसवाल, उपाध्यक्ष प्रतिमा गुप्ता तथा उपाध्यक्ष नगर पंचायत त्योंथर राजकुमार मिश्रा शामिल होंगे।

# रीवा व मऊगंज में 5000 ज्वेलर्स व 15000 आभूषण कारीगर इन पर संकट की आशंका से सराफा में विरोध शुरू

### पीएम की सोना न खरीदने की अपील... फिलहाल सराफा में असर नहीं, लेकिन दबे मुंह जताने लगे ऐतराज

**जागरण,रीवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक साल सोना न खरीदने की अपील का रीवा जिले में सोने के कारोबार पर फिलहाल कोई असर नहीं है। वहीं सराफा व ज्वेलर्स संचालक पीएम मोदी की इस अपील का दबे मुंह विरोध जरूर कर रहे हैं। सोनी समाज के पदाधिकारियों ने आशंका जताई है कि यदि अपील का असर हुआ तो रीवा व मऊगंज जिले में करीब 15000 आभूषण कारीगर बेरोजगार हो जाएंगे। उनके परिवार के भरण पोषण का संकट आ जाएगा। शहर में करीब 2000 तो रीवा व मऊगंज जिले भर में करीब 5000 से अधिक ज्वेलर्स है। ज्वेलर्स संचालक सक्षम होते हैं, उनके और भी कई उद्योग धंधे होते हैं, यदि कारोबार नहीं चला तो उन्हें ज्यादा समस्या नहीं होगी, लेकिन एक-एक ज्वेलर्स 20-30 कारीगरों को काम देती है। आभूषण नहीं बिके तो उनके परिवारों पर संकट आ जाएगा।

#### न सोने पर असर, न पेट्रोल-डीजल पर

सराफा बाजार सहित जिले भर के ज्वेलर्स में आम दिनों की तरह ही ग्राहकी हुई। वहीं पेट्रोल-डीजल पर भी वाहन चालक आम दिनों की तरह ही पेट्रोल पंप पर पहुंचे। शहर के पेट्रोल पंप के संचालकों का कहना है कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में यह अपील की है, जिससे अभी इसका असर नहीं है, हो सकता है कि आने वाले दिनों में इसका असर दिखे। हालांकि मंगलवार को पेट्रोल पंप में अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा भीड़ देखने को मिली। लोग लाइन में लगकर पेट्रोल भराते दिखे।



2016 में 2 प्रतिशत एक्साइज, नवंबर 2016 में नोटबंदी, जुलाई 2017 में जीएसटी, मार्च 2020 में कोविड काल से सारा कारोबार बंद और उसके बाद 2021 में हॉल मार्किंग से स्वर्णकारी कार्य बुरी तरह से प्रभावित हुआ था। जनवरी 2026 में सोने-चांदी के दाम में भारी उछाल से यह कारोबार पहले ही ठप है। वहीं अब पीएम का यह बयान करोबारोरियों के लिए कंगाल बना देगा।

**लखनलाल खंडेलवाल, पूर्व शहर अध्यक्ष कांग्रेस/सराफा करोबारी।**

जिले में लगभग 5000 दुकानें ज्वेलर्स की हैं, इस कारोबार से जुड़े करीब 15 हजार कारीगर हैं। इन पर आर्थिक संकट आएगा। पीएम यह भूल गए हैं कि यदि एक साल तक सोना नहीं खरीदा गया तो इस कारोबार से जुड़े व्यापारी व कारीगर पर नया संकट आ जाएगा। यह सब भी देश की जनता हैं और कैसे जीवन यापन करेंगे।

**सुधीर सोनी बबलू, अध्यक्ष सराफा एसोसिएशन रीवा।**

#### सराफा व्यापारी कस रहे तंज

पीएम मोदी की इस अपील के बाद जिले के सराफा कारोबारी सोशल मीडिया पर तरह-तरह के तंज कस रहे हैं। जिसमें व्यापारी कह रहे हैं कि सरकारी अधिकारी कर्मचारी 2 साल तक घूसखोरी बंद कर दें तो देश की आर्थिक स्थिति सुधर जाएगी, हमारे व्यवसाय पर रोक नहीं सम्मान चाहिए। सोना मत खरीदो, पेट्रोल-डीजल मत खरीदो, दूध मत खरीदो और कल कहेंगे जीना ही छोड़ दो। अभी सोना 1.50 लाख प्रति दस ग्राम रहा, अगले साल 2.50 लाख का होगा, ऐसे में ग्राहक अपनी समझ से कार्य करें।







## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

### हनुमना के जुड़कुड़ की घटना

**जागरण, रीवा।** हनुमना थाना क्षेत्र के जड़कुड़ में युवक ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। पीड़ित सुनील कोल ने बताया कि उसके बड़े पिता परशुराम कोल की लड़की दीनू कोल की हल्दी रस्म का कार्यक्रम था, उन्ही के घर उसका चचेरा भाई कमलेश कोल गया था। हल्दी रस्म का कार्यक्रम रात करीबन 11.30 बजे बन्द हो गया जिसके बाद चचेरा भाई कमलेश कोल घर वापस नहीं आया, अगले दिन मंगलवार की सुबह करीबन 06.00 बजे पता चला कि कमलेश कोल पिता स्व. बसन्तलाल कोल 19 साल ने आम के पेड़ में फांसी लगा ली है, सूचना के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो कमलेश कोल मृत अवस्था में फांसी के फंदे से लटकता मिला। हनुमना पुलिस सूचना के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाई है वहीं मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**जागरण, रीवा।** नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत नईगढ़ी कस्बे में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद संजय गांधी अस्पताल उपचार के लिए लाया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम सोनवर्षा निवासी हिमांशु सिंह पटेल 27 वर्ष निजी कार्य से तहसील कार्यालय नईगढ़ी आ रहे थे। जैसे ही वह तहसील कार्यालय के पास पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रही अर्टिगा कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। चिकित्सक डॉ. आरके पाठक ने बताया कि सड़क हादसे में घायल युवक के सिर एवं पैर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने कार को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दो आदतन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, दर्ज हैं दर्जन भर प्रकरण

**जागरण, रीवा।** गुढ़ पुलिस ने गुण्डागर्दी एवं अड़ीबाजी करने वाले दो आदतन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी पर दर्जनभर से अधिक आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है जबकि दूसरे पर भी चार मामले दर्ज हैं। गुढ़ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम दुआरी मे बीती रात शासकीय शराब दुकान में गुण्डागर्दी एवं अड़ीबाजी करने वाले दो आदतन आरोपी निलेश पटेल तथा निखिल पाठक को गिरफ्तार करते हुए जे आर पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। मामले की शिकायत कम्पोजिट शराब दुकान के सेल्समैन ने की थी। शिकायत में बताया गया था कि आरोपी नीलेश पटेल, पुनीत अग्निहोत्री व निखिल पाठक द्वारा गुण्डागर्दी एवं अड़ीबाजी करते हुए मां-बहन की गाली देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है, शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 296 (ख), 119 (2), 351(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए आरोपियों की पता तलाश करते हुए दो नफर आरोपी नीलेश पटेल व निखिल पाठक दोनो निवासी दुआरी को गिरफ्तार कर जे आर पर न्यायालय रीवा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# जनसुनवाई में उमड़ी भीड़, अलग से लगाने पड़े सुनवाई काउंटर

### 564 आवेदकों के प्रकरणों में की सुनवाई, कलेक्टर ने उपेन्द्र मिश्रा को दी कान की मशीन

**जागरण, रीवा।** कर्मचारियों से विवाद के बाद सुर्खियों में आए नवागत रीवा कलेक्टर की जन सुनवाई जन सैलाव देखा गया। विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों द्वारा कलेक्टर को जनसेवक व ईमानदार छबि दर्शित किए जाने के बाद लनविश्वास बढ़ा है। यही परिणाम है कि मंगलवार को जनसुनवाई में पांच सैकड़ा से अधिक लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। कलेक्टर ने भी शाम पांच बजे तक लोगों की फरियाद सुनी और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। ऐसा पहली बार हुआ है जब रीवा में इतने फरियादी जुटे हों और उनकी समस्याएं सुनी गई हों। जन भीड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सुशासन का संकल्प भी पूरा होता परिलक्षित हुआ। जनता की उम्मीदों पर यदि कलेक्टर सूर्यवंशी खरे उतरे तो वह सरकार के लिए टंच सिक्का साबित हो सकते हैं।

बतादें कि कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को 564 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा अधिकारियों को आवश्यक निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्टर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े खण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने स्तर पर जनसुनवाई करें तथा उनका समाधानकारक निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि यदि आवेदकों की सुनवाई खण्डस्तर पर हो जाय तो वह अनावश्यक जिले में अपनी समस्याओं के लिये नहीं आयेंगे।





### जिसने जो मांगा उसे देने का प्रयास

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने वृद्ध उपेन्द्र मिश्रा को कान की मशीन सौंपी और उपेन्द्र मिश्रा ने कलेक्टर ने धन्यवाद दिया। इसी प्रकार जवा निवासी रामसखी पाठक एवं बिछिया निवासी पार्वती कोरी द्वारा पारिवारिक समस्या से तंग एवं आर्थिक रूप से परेशान होकर कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्या बताई जिस पर कलेक्टर ने दोनों फरियादियों को रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी माध्यम से दस हजार रुपये एवं दो हजार रुपये की त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान कराई। टिकुरी निवासी रामलाल साकेत के बटवारा आवेदन की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने, उलहीकला के निवासियों ने रास्ता से अतिक्रमण हटाने, दुलहरा के हीरालाल साकेत ने शासकीय भूमि का पट्टा दिलाने तथा ओबरा निवासी मुनेन्द्र प्रसाद तिवारी ने नक्शा तरमीम में दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही का आवेदन दिया जिन्हें संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया।

### पंचायतों में गड़बड़ी मिली तो कार्यवाही होना तय

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायतों में सभी आवश्यक कार्य करायें जाय तथा जिसने भी गड़बड़ी की हो उसके विरुद्ध वसूली की कार्यवाही करें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों में अनावश्यक स्थगन न दें। कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति के लिये शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा खण्ड स्तरीय अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं।

# यातायात नियंत्रण के लिए मल्टी-लेवल एवं सेंसर आधारित स्मार्ट पार्किंग का सुझाव

### भोपाल की मैनिट टीम द्वारा निगमायुक्त के समक्ष सभागार में दिया गया प्रजेंटेशन



**जागरण, रीवा।** शहर में बीते दिनों मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट), भोपाल की टीम द्वारा किए गए ट्रैफिक एवं मोबिलिटी सर्वे के आधार पर तैयार कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान 2026 का विस्तृत प्रस्तुतीकरण निगम आयुक्त अक्षत जैन की उपस्थिति में मंगलवार को नगर निगम रीवा के मीटिंग हॉल में आयोजित किया गया। सह प्राध्यापक राहुल तिवारी के निर्देशन में तैयार इस प्रस्तुतीकरण में शहर की वर्तमान एवं भविष्य की यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सुधारात्मक सुझाव प्रस्तुत किए गए। मैनिट टीम द्वारा बताया गया कि कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान तैयार करने से पूर्व शहर में विभिन्न स्तरों पर विस्तृत प्राथमिक सर्वे एवं तकनीकी अध्ययन किए गए। इसके अंतर्गत रिकॉनिसेंस सर्वे, ट्रैफिक वॉल्यूम काउंट, पब्लिक ट्रांसपोर्ट यूजर इंटरव्यू, जंक्शन इन्वेंटरी, हाउसहोल्ड सर्वे, पार्किंग सर्वे, स्पॉट स्पीड स्टडी एवं इंटरमीडिएट पारा ट्रांजिट इंटरव्यू जैसे अध्ययन शामिल रहे। इन सर्वेक्षणों के माध्यम से शहर के यातायात प्रवाह, जाम की स्थिति, सार्वजनिक परिवहन उपयोग, पार्किंग व्यवहार, यात्रा पैटर्न एवं सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण किया गया। टीम द्वारा सर्वे के दौरान प्राप्त आंकड़ों एवं यातायात अध्ययन के आधार पर शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों शिल्पी प्लाजा एवं अस्पताल चौक में बढ़ते पार्किंग दबाव को देखते हुए मल्टी-लेवल पार्किंग एवं सेंसर आधारित स्मार्ट पार्किंग व्यवस्था विकसित करने का सुझाव दिया गया। वहीं जय स्तम्भ, सिरमौर चौराहा, धोबिया टंकी एवं घोड़ा चौराहा जैसे प्रमुख जंक्शनों पर यातायात दबाव एवं जाम की स्थिति के विश्लेषण के आधार पर इनके रीडिजाइन एवं चैनलाइजेशन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान निगम आयुक्त अक्षत जैन ने कहा कि जिन मॉडल्स एवं व्यवस्थाओं को अन्य शहरों में सफलतापूर्वक लागू किया गया है एवं वह सुचारू रूप से संचालित है, उन्हें रीवा की स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से लागू करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### मिनी सिटी बसों के संचालन का प्रस्ताव

बैठक में मैनिट टीम द्वारा तैयार रिपोर्ट के अनुसार बताया गया कि शहर की वर्तमान एवं भविष्य की यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु मिनी सिटी बसों के संचालन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। ये बसें 5 प्राथमिक बस कॉरिडोर एवं 4 फीडर रूटों पर संचालित किए जाने का सुझाव दिया गया। इसके साथ ही शहर में नए बस टर्मिनल एवं इंटरचेंज नोड्स विकसित करने की आवश्यकता भी बताई गई, जिससे सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था अधिक सुगम एवं प्रभावी हो सके।

**पैदल और साइकिल के लिए फुटपाथ का सुझाव :** प्रस्तुतीकरण में पैदल यात्रियों एवं साइकिल चालकों के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन व्यवस्था विकसित करने पर भी जोर दिया गया। इसके अंतर्गत चौड़े समर्पित फुटपाथ विकसित करने का सुझाव रखा गया। साथ ही शहर में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत एएनपीआर एवं सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का प्रस्ताव दिया गया, जिससे यातायात अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से मजबूत किया जा सके। मैनिट टीम ने बताया कि यह पूरी योजना अल्पकालिक, मध्यमकालिक एवं दीर्घकालिक तीन चरणों में आगामी 10 वर्षों में लागू किए जाने का प्रस्ताव है तथा इसके लिए चरणबद्ध कार्यान्वयन एवं फेजिंग स्ट्रेटेजी भी तैयार की गई है।

**निगमायुक्त ने दिया शहर का जाम कम करने पर जोर :** निगमायुक्त श्री जैन ने कहा कि प्रस्तुत किए गए प्रपोजल एवं सुझावों का विस्तृत अध्ययन कर आवश्यकतानुसार व्यवहारिक एवं सफल मॉडलों पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान के अंतर्गत प्रस्तुत यह प्रपोजल शहर की भविष्य की यातायात एवं परिवहन रणनीति तैयार करने में महत्वपूर्ण आधार साबित होगा। उन्होंने विशेष रूप से प्रथम चरण में प्रमुख जंक्शनों एवं चौराहों के सुधार, ट्रैफिक मूवमेंट को व्यवस्थित करने एवं जाम की स्थिति कम करने के कार्यों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।




संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# सोना आयात नीति बदलने की जरूरत

सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं, रुपया लगातार कमजोर हो रहा है और भारत का आयात व्यय तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे माहौल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोगों से 'एक साल तक गैर-जरूरी सोना खरीदने से बचने' की अपील अब सिर्फ एक सामान्य सलाह नहीं मानी जा रही, बल्कि इसे देश की आर्थिक स्थिति और विदेशी मुद्रा बचाने की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

2021 में जहां डॉलर के मुकाबले रुपया करीब 74-75 के स्तर पर था, वहीं 2026 में यह 95 रुपये के करीब पहुंच गया है। यानी कुछ ही सालों में रुपये में करीब 27-28 प्रतिशत की कमजोरी आई है। इसी दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 728 अरब डॉलर के करीब पहुंचने के बाद फिर दबाव में आकर 690 अरब डॉलर के आसपास फिसल गया। बढ़ते कच्चे तेल के दाम, पश्चिम एशिया तनाव और भारी आयात बिल ने भारत के बाहरी आर्थिक मोर्चे पर दबाव बढ़ा दिया है। भारत दुनिया के सबसे बड़े गोल्ड इंपोर्ट करने वाले देशों में शामिल है। देश हर साल बड़ी मात्रा में सोना आयात करता है। 2021 में भारत ने 1,067 टन से ज्यादा सोना आयात किया था। लंबे समय का औसत देखें तो भारत हर साल करीब 800 टन सोना बाहर से खरीदता है।

समस्या यह है कि सोना डॉलर देकर खरीदा जाता है। यानी जितना ज्यादा सोना आयात होगा, उतने ज्यादा डॉलर देश से बाहर जाएंगे। ऐसे समय में जब तेल का आयात व्यय पहले से बढ़ रहा हो, तब सोने पर खर्च होने वाले डॉलर सरकार के लिए चिंता का विषय बन जाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि सोने की मांग टन के हिसाब से करीब 5 प्रतिशत घटी, लेकिन अंतरराष्ट्रीय कीमतें इतनी बढ़ गईं कि कुल डॉलर बिल और ज्यादा हो गया।

प्रधानमंत्री मोदी का संदेश 'सोने के खिलाफ' नहीं है। सरकार लोगों से सिर्फ यह कह रही है कि मौजूदा संकट के दौर में गैर-जरूरी गोल्ड खरीद को कुछ समय के लिए टाल दिया जाए ताकि डॉलर की बचत हो सके। यह अपील एक बड़े 'फॉरेक्स बचाओ अभियान' का हिस्सा है। सरकार पहले ही वर्क फ्रॉम होम, विदेशी छुट्टियां कम करने, पेट्रोल-डीजल की खपत घटाने और फर्टिलाइजर आयात कम करने जैसे संदेश दे चुकी है। उनका कहना है कि अभी सबसे बड़ा दबाव तेल और ऊर्जा आयात से आ रहा है। ऐसे में सोना वह हिस्सा है जिसे कुछ समय के लिए टाला जा सकता है। सरकार फिलहाल सीधे प्रतिबंध लगाने या भारी टैक्स बढ़ाने के बजाय लोगों की खरीदारी की आदत बदलने की कोशिश कर रही है। वजह यह है कि 2013 की तरह कड़े नियम लागू करने पर स्मगलिंग बढ़ने का खतरा रहता है।

दिलचस्प बात यह है कि अब भारत में ज्वेलरी की करीब 50 प्रतिशत मांग पुराने सोने के एक्सचेंज और रीसाइक्लिंग से पूरी होने लगी है। यानी लोग नया सोना खरीदने के बजाय पुराने गहने बदल रहे हैं। महंगे सोने की वजह से ज्वेलरी इंडस्ट्री भी अब हल्के वजन और कम कैरेट वाले गहनों पर ज्यादा फोकस कर रही है ताकि ग्राहकों के लिए कीमतें थोड़ी किफायती रहें।

दरअसल सरकार गोल्ड खत्म नहीं करना चाहती। गोल्ड आज भी दुनिया में ऐसी संपत्ति मानी जाती है जो किसी केंद्रीय बैंक की 'लायबिलिटी' नहीं है और लंबे समय में महंगाई और करेंसी कमजोरी से बचाव देती है। लंबी अवधि में गोल्ड पर बुलिश नजरिया बना हुआ है। दुनिया धीरे-धीरे 'डी-डॉलराइजेशन' यानी डॉलर पर निर्भरता कम करने की तरफ बढ़ रही है और इसका सबसे बड़ा फायदा गोल्ड को मिल सकता है। ब्रोकरेज का अनुमान है कि अगले 12-18 महीनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 6,000 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। यानी सरकार फिलहाल सिर्फ इतना चाहती है कि लोग संकट के दौर में थोड़े समय के लिए नई खरीद टालें। लेकिन लंबी अवधि में सोना अब भी सुरक्षित निवेश और संपत्ति बचाने का मजबूत जरिया माना जा रहा है।

प्रसंगवश

# परीक्षा जी का जंजाल नहीं बननी चाहिए !

भारत में हर साल 37 लाख से ज्यादा नौजवान जेईई और नीट की परीक्षाएं देते हैं। ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में गणित और जीव विज्ञान पढ़ने वाले बच्चों के लिए ये परीक्षाएं अब योग्यता की कसौटी नहीं, जी का जंजाल बन गई हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि बच्चों पर अब सिर्फ पढ़ाई का दबाव नहीं होता, बल्कि सामाजिक और प्रशासनिक दबाव भी उन्हें परेशान करता है। परीक्षा हॉल में घुसने से पहले ही बच्चे टूट रहे हैं। यहां कदाचार रोकने या सख्ती के नाम पर जो कुछ हो रहा है, वह बच्चों के लिए गंभीर मानसिक उत्पीड़न है। लंबी आस्तीन मना, जूते मना, घड़ी मना, रबर बैंड मना। लड़कियों के झुमके, बालों की क्लिप, नाक की लौंग, और तो और, कई बार उनके अंतर्वस्त्र तक चेक किए जा रहे हैं। तीन घंटे के पेपर से पहले दो घंटे गेट पर बच्चों को अपराधियों की तरह लाइन में खड़ा करके जांचा जा रहा है।

एनटीए कहता है कि कदाचार रोकने के लिए यह सब किया जाता है, किंतु सोचिए कि एक 17 साल के बच्चे या बच्ची के अंतर्वस्त्र उतरवाना चीटिंग रोकना है या उसकी गरिमा की हत्या? साल 2024 में नीट का पेपर लीक बिहार-गुजरात से हुआ। बड़े माफिया पकड़े गए, पर सजा किसे मिली? गेट पर खड़ी उस बच्ची को, जिसके अंतर्वस्त्र में हुक था या उसे, जिसकी पैंट में मेटल बटन था, उसे सजा मिल रही है। नीट 2024 में ही पेपर लीक के आरोप उछले, 67 बच्चों को 720 में से 720 नंबर मिले। ग्रेस मार्क्स का घोटाला हुआ। एनटीए ने 1,563 बच्चों को 20 से 70 नंबर का 'टाइम लॉस' का ग्रेस दिया। सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई, फिर से परीक्षा हुई। सोचिए, उस बच्चे का क्या, जो बॉर्डरलाइन स्कोर पर था? पहले ग्रेस से चयन हुआ, फिर री-टेस्ट में बाहर। इस तरह सिस्टम ने एक महीने में उसे दो-दो बार मारा। पेपर लीक एनटीए की अपनी कमजोरियों और गलतियों के कारण हुआ था, लेकिन उसकी सजा परीक्षार्थियों को आज भी मिल रही है।

साफ है, इस पूरी व्यवस्था में बदलाव की गंभीर आवश्यकता है। साल में तीन बार नीट और चार बार जेईई की परीक्षा हो सकती है, जिनका बेस्ट स्कोर गिना जाना चाहिए। इसी तरह, जांच के नाम पर बच्चों का उत्पीड़न और समय की बर्बादी को भी रोकना जरूरी है। बच्चों से जब परीक्षा फीस जमकर वसूली जा रही है, तो परीक्षा-केंद्रों पर कदाचार रोकने की आधुनिक व्यवस्थाएं क्यों नहीं की जा सकती हैं? कहने का अर्थ यही है कि आज जिस तरह से ये परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं, वह 'एंट्री एग्जाम' नहीं, एंट्री गेट पर ही 'एग्जीक्यूशन' है।

दूसरी ओर एक पक्ष का ये भी मानना है कि ऐसी सख्ती न हो और कदाचार के मामले सामने आ जाएं, तो यकीनन उस केंद्र की परीक्षा रद्द कर दी जाएगी। ऐसे में, आपकी मेहनत बर्बाद हो जाएगी। एक की गलती की सजा आखिर सभी परीक्षार्थियों को क्यों मिलनी चाहिए? इसलिए, परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले ही उस 'एक' को पकड़ने की व्यवस्था की जाती है, ताकि सही परीक्षार्थियों को नुकसान न उठाना पड़े। इस तरह परीक्षा की शुचिता पर किसी तरह के दाग भी नहीं लग पा रहे।

नीट ने परीक्षा में धांधली रोकने के लिए कई तरह की अभूतपूर्व व्यवस्था की है। बायोमेट्रिक पहचान सुनिश्चित करने के साथ ही कड़ी जांच-पड़ताल व तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। डमी उम्मीदवार मिलने पर तुरंत गिरफ्तारी और तीन साल तक के लिए उसे प्रतिबंधित करने का प्रावधान है। इतना ही नहीं, परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में धारा 163 (पूर्व में 144) लागू की जाती है, ताकि किसी भी बाहरी दखल को रोका जा सके। परीक्षा की गरिमा को बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है। बहरहाल यह भी बेहद आवश्यक है कि परीक्षाओ मे कदाचार को रोकने के नाम पर परीक्षार्थियों को इतना परेशान न किया जाए कि परीक्षाएं उनहे जी का जंजाल महसूस हो, और वे परीक्षा देने से ही कतराने लग जाएं ।



पर्यावरण संरक्षण

हम जो भी उपभोग करते हैं वह हर उत्पाद करता है कार्बन उत्सर्जन

# उत्पाद पर दर्शाया जाए कार्बन फुटप्रिंट

अनिल पी. जोशी



आज सरकारें उद्योगों पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनियां प्रदर्शित करने के लिए दबाव बना रही हैं। यदि यह संभव है, तो उत्पादों पर कार्बन फुटप्रिंट भी दर्शाया जाना चाहिए, क्योंकि हर उत्पाद कार्बन उत्सर्जन करता है, जो पृथ्वी के लिए नुकसानदेह है।

बढ़ते तापमान और अनिश्चित जलवायु व्यवहार ने पारिस्थितिक तंत्र को असंतुलित कर दिया है। हम इससे इन्कार नहीं कर सकते कि हमारे आसपास जो कुछ हो रहा है, वह हमारी ही देन है। हमारी वर्तमान जीवनशैली और उपभोक्तावाद इसके प्रमुख कारण हैं। पृथ्वी की एक सीमित वहन क्षमता है, और इसका शोषण उस सीमा से अधिक नहीं किया जा सकता। जलवायु परिवर्तन और वैश्विक ऊष्मीकरण इसी अति-शोषण के स्पष्ट उदाहरण हैं।

मानव पहले की तुलना में कहीं अधिक उपभोक्ता बन गया है। पहले हमारी निर्भरता स्थानीय संसाधनों तक सीमित थी, जो स्थिरता का समर्थन करती थी। औद्योगीकरण के साथ, उपभोक्ता बाजारों ने ऐसे उत्पाद बनाने शुरू किए, जो आकर्षक तो थे, लेकिन बढ़ते कार्बन फुटप्रिंट के कारण जलवायु परिवर्तन और वैश्विक ऊष्मीकरण में महत्वपूर्ण योगदान देने लगे।

हममें से बहुत कम लोग जानते हैं कि हम जो कुछ भी लेते, खाते या उपभोग करते हैं, उसका अपना एक कार्बन फुटप्रिंट होता है। जितना अधिक हम ऐसे उत्पादों का उपभोग करेंगे, उतना ही हम सीधे तौर पर कार्बन उत्सर्जन का हिस्सा बनते जाएंगे। यदि यह समझ हमें हो जाए, तो शायद हम शुरुआत में ही व्यक्तिगत और संस्थागत स्तर पर कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में प्रभावी कदम उठा सकते हैं। लेकिन जानकारी के अभाव के कारण अब तक हम ऐसे बड़े कदम नहीं उठा पाए हैं।

हर उत्पाद पृथ्वी के संसाधनों का उपयोग करता है और उन्हें कार्बन उत्सर्जन के रूप में वापस लौटाता है। उदाहरण के लिए, चाहे हम चिप्स, कोल्ड ड्रिंक या कपड़ों का उपयोग करें, हर उत्पाद का अपना कार्बन फुटप्रिंट होता है। प्रत्येक कोल्ड ड्रिंक लगभग 0.15 से 0.3 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जित करती है। व्यापक रूप से पसंद किए जाने वाले जंक फूड का कार्बन फुटप्रिंट 0.3 से 3 किलोग्राम तक होता है, जो उसके घटकों और प्रसंस्करण पर निर्भर करता है। कॉस्मेटिक उत्पाद भी अपनी संरचना, पैकेजिंग और अन्य प्रक्रियाओं के कारण लगभग 0.2 से 6 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जित करते हैं।

उच्च कार्बन फुटप्रिंट वाले उत्पादों में खाद्य पदार्थों के साथ-साथ औद्योगिक उत्पाद भी शामिल हैं। आमतौर पर उपभोग किए जाने वाले उत्पादों में, कॉफी बीन्स लगभग 17 किलोग्राम प्रति किलोग्राम कार्बन उत्सर्जित करते हैं, जबकि चॉकलेट लगभग 19 किलोग्राम प्रति किलोग्राम। प्रोसेस्ड स्नैक्स जैसे आलू के चिप्स या वेफर्स लगभग 2.5-4 किलोग्राम प्रति किलोग्राम, नमकीन या भुजिया लगभग 2-3.5 किलोग्राम प्रति किलोग्राम, बिस्कुट लगभग 2-3 किलोग्राम प्रति किलोग्राम, और इंस्टेंट नूडल्स लगभग 3-5 किलोग्राम प्रति किलोग्राम कार्बन उत्सर्जित करते हैं। खाद्य पदार्थों में, बीफ का उत्सर्जन सबसे अधिक होता है, जो लगभग 15.5 किलोग्राम प्रति 100 ग्राम (लगभग 155 किलोग्राम प्रति किलोग्राम) है। इसके बाद मटन लगभग 5.8 किलोग्राम प्रति 100 ग्राम और प्रॉन लगभग 4.1 किलोग्राम प्रति 100 ग्राम उत्सर्जित करते हैं। पनीर लगभग 2.8 किलोग्राम प्रति 100 ग्राम कार्बन उत्सर्जित करता है, जबकि पोर्क और चिकन क्रमशः लगभग 2.4 किलोग्राम और 1.8 किलोग्राम प्रति 100 ग्राम उत्सर्जित करते हैं।

इसके विपरीत, मैन्युअल या घरेलू उत्पादों का कार्बन फुटप्रिंट कम होता है। घर पर बने भुने हुए स्नैक्स का कार्बन फुटप्रिंट एक किलोग्राम प्रति किलोग्राम से कम होता है, जिससे वे अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प बनते हैं। मुख्य खाद्य उत्पादन में, चक्की आटा लगभग 0.4-1.0 किलोग्राम प्रति किलोग्राम कार्बन उत्सर्जित करता है, जबकि पारंपरिक घराट या हाथ से चलने वाली चक्कियां केवल 0.05-0.2 किलोग्राम प्रति किलोग्राम कार्बन उत्सर्जित करती हैं। इसी प्रकार, खेती की पद्धतियों में भी अंतर दिखाई देता है। जैविक खेती लगभग 0.2-0.6 किलोग्राम प्रति किलोग्राम कार्बन उत्सर्जित करती है, जबकि रासायनिक आधारित खेती का कार्बन फुटप्रिंट अधिक होता है, जो 0.8 से 2.5 किलोग्राम प्रति किलोग्राम तक होता है। औद्योगिक वस्त्र उत्पादन का कार्बन फुटप्रिंट अधिक होता है, क्योंकि यह बिजली से चलने वाली मशीनों, जीवाश्म ईंधन, रासायनिक प्रसंस्करण और लंबी परिवहन शृंखलाओं पर निर्भर करता है। औसतन, फैक्टरी में बने वस्त्र लगभग 15-25 किलोग्राम प्रति किलोग्राम कपड़े के हिसाब से कार्बन उत्सर्जित करते हैं। इसके विपरीत, हाथकरघा (हैंडलूम) से बने वस्त्रों का कार्बन फुटप्रिंट बहुत कम होता है, जो लगभग 1-3 किलोग्राम प्रति किलोग्राम होता है। हस्तनिर्मित कागज औसतन लगभग 100-300 किलोग्राम प्रति टन कार्बन उत्सर्जित करता है, जबकि पेपर मिल लगभग 600-1,900 किलोग्राम प्रति टन कार्बन उत्सर्जन करती हैं।

उपभोक्ता इन तथ्यों से काफी हद तक अनजान हैं। दुर्भाग्यवश, मितव्ययिता उद्योगों के लिए एक चुनौती बन गई है, क्योंकि उनकी वृद्धि अत्यधिक उपभोग को बढ़ावा देने पर निर्भर करती है। पिछले 100 वर्षों में वैज्ञानिक प्रगति ने मानव जीवन को अधिक आरामदायक बनाया है, और उद्योगों ने इसका लाभ उठाकर अपने उत्पादों का आक्रामक प्रचार किया है, जो अक्सर आकर्षक मगर भ्रामक जानकारी पर आधारित होता है। आज सरकारें उद्योगों पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनियां प्रदर्शित करने के लिए दबाव बना रही हैं। यदि यह संभव है, तो उत्पादों पर कार्बन फुटप्रिंट क्यों नहीं दर्शाया जाना चाहिए? यह इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि उपभोक्ता इस बात से अनजान हैं कि उनका उपभोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। यह वह समय है, जब जलवायु परिवर्तन और वैश्विक ऊष्मीकरण के प्रति व्यापक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उत्पादों पर कार्बन उत्सर्जन की जानकारी, ठीक वैसे ही दी जानी चाहिए, जैसे कैलोरी और सामग्री की दी जाती है। यह उपभोक्ताओं को यह समझने में मदद कर सकती है कि कोई उत्पाद न केवल उनके स्वास्थ्य पर, बल्कि पृथ्वी पर भी क्या प्रभाव डालता है।

हमें यह समझना चाहिए कि प्रकृति का सिद्धांत कहता है कि उपभोक्ता को योगदानकर्ता भी होना चाहिए। इस पहल के माध्यम से लोग यह निर्णय ले सकते हैं कि उन्हें कम कार्बन वाले उत्पादों का उपयोग करना है, और इस प्रकार हम सभी प्रकृति की सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं।

खुला मंच

# कुकरी शोज बनाम गहरी साजिश

असीम तिवारी

कुकरी शो देखने में बहुत अच्छे लगते हैं, समस्या बस यह है कि देखते देखते आत्मा में मचलने लगती है कि भाई ये जो तूने पिचहत्तर कटोरियां सजा ली हैं, एक में इलायची, एक में लौंग, एक में दालचीनी, एक में काली मिर्च, एक में वो मसाला जिसका नाम सुनकर लगता है मुगलकाल में किसी सूबेदार की उपाधि रही होगी, इनको धोएगा कौन बे?

हमारे घर में अव्वल तो ऐसी क्रॉकरी निकलती ही मेहमानों के आगे है, मेहमान उसमें खा लेते हैं, फिर उसे धोकर वापस ऐसे रैक में सेट कर दिया जाता है जैसे उसका असली काम घर की इज्जत संभालना हो। हमारे घर में कांच की कटोरी छूने की इजाजत तभी है जब उसमें कस्टर्ड हो, आइसक्रीम हो या कोई ऐसा मेहमान हो जिसके सामने घरवाले हमें सभ्य दिखाना चाहते हों।

तुम नमक डाल रहे हो स्वादानुसार, हमारा नमक जाता है मुट्ठी भर, फिर नींबू जाता है गलती सुधारने, फिर मिर्च जाती है नींबू का जवाब देने, फिर चीनी जाती है मिर्च को शांत कराने, और आख़िर में डिश ऐसी बनती है कि खाते हुए पता ही नहीं चलता सब्ज़ी खा रहे हैं या घर में चल रही पुरानी रंजिश।

एक बार हमने भी पैन उछाल कर पनीर सॉते करने की कोशिश की थी, पनीर नीचे आया, शिमला मिर्च स्लैब के पीछे चली गई, और ग्रेवी छत के बल्ब पर ऐसी चिपकी कि आज भी लाइट जलती है तो कमरे में पनीर लबाबदार की आत्मा घूमती महसूस होती है। शो में प्याज भी इतने सलीके से कटता है कि लगता है प्याज नहीं किसी रानी का श्रृंगार हो रहा है, फाइन चॉप्ड, थिन स्लाइस्ड, जूलियन कट।

हमारे यहां तो मसालादानी होती है, वही स्टेनलेस स्टील की उड़नतश्तरी, जिसमें हल्दी, मिर्च, धनिया, जीरा, गरम मसाला और बीच में छोटी सी चम्मच रहती है, वह चम्मच अगर गायब हो जाए तो पूरा घर असंतुलित हो जाता है, फिर वही चम्मच बाद में चायपत्ती के डिब्बे में मिलती है, और घर में आधे घंटे तक यह बहस चलती है कि लोग चीज़ें अपनी जगह पर क्यों नहीं रखते...

धनिया इनके यहां ऐसे उपलब्ध रहता है जैसे घर की बालकनी में निजी खेत लगा हो, हमको सब्ज़ी वाला दस रुपए में इतना धनिया देता है कि उसे देख कर लगता है किसी ने हरे रंग की याद दे दी हो। इनके किचन इतने साफ़ होते हैं कि लगता है वहां बर्तन इंटरव्यू देने आते हैं, हमारे घर में खाना बनते वक्त सिंक में बर्तन ऐसे जमा होते हैं जैसे सबने सामूहिक धरना दे दिया हो, घर की रसोई में घुसते ही समझ आ जाता है कि खाना बनाना असल में बर्तन धोने की ऐसी साजिश है जिसे स्वाद के नाम पर हमसे छिपाया गया है।

डिजिटल क्रांति

समाज का हर तबका अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु डिजिटल सिस्टम पर निर्भर

# डिजिटल इंडिया के लिए जरूरी हैं सस्ते स्मार्टफोन

डॉ पीएस वोहरा




बीते एक दशक में भारत में हुई डिजिटल क्रांति का अर्थव्यवस्था को चार ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने में बड़ा योगदान है। आज देश की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी स्मार्टफोन के माध्यम से इंटरनेट का उपयोग करती है। इस माध्यम के जरिये सूचनाओं के आदान-प्रदान के कारण विभिन्न कामकाजी पुरुष व महिला बीते एक दशक से अधिक समय में डिजिटल क्रांति का हिस्सा बन गये हैं। आज भारतीय समाज का तकरीबन हर तबका अपनी विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु डिजिटल सिस्टम पर निर्भर हो चुका है। भारत में आज करीब 96 करोड़ लोग इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं, जिनमें 57 प्रतिशत ग्रामीण हैं। यह हैरतअंगेज लग सकता है, पर सच्चाई यही है। इसी तरह, शहरी उपभोक्ताओं में करीब 23 करोड़ लोग पिछले वर्ष ऑनलाइन शॉपिंग में संलग्न रहे। वहीं 44 प्रतिशत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न स्रोतों का उपयोग भी किया।

इतना ही नहीं, आज यूपीआइ भारतीय समाज के भुगतान का एक बड़ा माध्यम बन गया है। यकीनन इसके चलते बैंकिंग व्यवस्था में भी नकदी के प्रवाह में आमूलचूल परिवर्तन आया है। यूपीआइ की शुरुआत नवंबर, 2016 में एकाएक हुई नोटबंदी के बाद एक विकल्प के रूप में हुई थी, परंतु इसी सरकार ने नोटबंदी से पहले लोगों को बैंकिंग में लाने के लिए जनधन खातों की भी शुरुआत की थी। आज एक दशक के बाद भारतीय समाज जनधन खातों के माध्यम से यूपीआइ के जरिये भुगतान और इंटरनेट का उपयोग करने के कारण डिजिटल क्रांति का बड़ा हिस्सा बन चुका है। इससे अर्थव्यवस्था में भी बड़ी तेजी आयी है। इसका सकारात्मक परिणाम यह हुआ है कि भारत में स्मार्टफोन की बिक्री तेजी से बढ़ी है। भारत ने इसे एक अवसर के रूप में लेकर इसके उत्पादन में भी अपनी बड़ी पैठ बनायी है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बीते एक दशक में भारत ने मोबाइल फोन की मांग को तकरीबन शत-प्रतिशत तक घरेलू उत्पादन पर निर्भर कर दिया है। वर्ष 2014 तक करीब 75 प्रतिशत मोबाइल की मांग को आयात के माध्यम से पूरा किया जाता था, जो आज एक प्रतिशत से भी कम रह गया है। वर्ष 2024-25 में 5.45 लाख करोड़ रुपये मूल्य के मोबाइल का उत्पादन हुआ और भारत का निर्यात दो लाख करोड़ रुपये से ऊपर चला गया, जो 2014-15 में मात्र 1,500 करोड़ रुपये था। बीते एक दशक में मोबाइल उत्पादन की यूनिटें भी 300 से अधिक हो गयी हैं, जो पहले मात्र दो ही थीं। यह आत्मनिर्भरता की तरफ भारत की बड़ी छलांग है। इसमें 2020 में सरकार द्वारा देश में मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गयी पीएलआइ योजना का बड़ा योगदान है।

वर्तमान में 32 लाभार्थी कंपनियों को सरकार द्वारा इस क्षेत्र में करीब 17,000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गयी है। लेकिन इन सबके बीच चिंता की बात यह है कि 2026 के पहले चार महीनों में भारत के घरेलू बाजार में मोबाइल की मांग में एकाएक कमी आयी है और यह आंकड़ा तकरीबन 10 प्रतिशत के आसपास है। भारत में कुल मोबाइल की मांग का करीब 60 प्रतिशत हिस्सा 10,000 से लेकर 20,000 रुपये तक के मूल्य वाली मोबाइल का है और इसी मूल्य श्रेणी की मांग में पिछले चार महीनों में अचानक से कमी आयी है। इस कमी का कारण है मोबाइल में लगने वाली मेमोरी चिप की किल्लत हो जाना, क्योंकि वैश्विक स्तर पर मेमोरी चिप बनाने वाली कंपनियों ने साधारण मोबाइल फोन के लिए चिप का उत्पादन बंद कर दिया है।

अब उनका पूरा ध्यान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए हाई बैंडविथ वाली मेमोरी चिप बनाने पर है। इसके चलते साधारण मोबाइल में उपयोग होने वाली मेमोरी चिप की लागत 50 से 60 प्रतिशत बढ़ गयी है। इसी के चलते मोबाइल कंपनियों को 10 से 20 हजार रुपये तक के मोबाइल का विक्रय मूल्य 40 से 50 प्रतिशत तक बढ़ाना पड़ा है। इन सबके बीच डॉलर के मुकाबले लगातार रुपये का अवमूल्यन भी संकट पैदा कर रहा है, क्योंकि मोबाइल निर्माताओं के लिए लागत का भुगतान करना महंगा होता जा रहा है। इसका स्पष्ट कारण भारत द्वारा मोबाइल चिप का आयात करना है।

इसका एक और कारण है, वह है जीएसटी की दर। वर्ष 2025 में जब जीएसटी की दरों में सुधार किया गया था, तब मोबाइल को उन कर सुधारों से दूर रखा गया था। पहले की तरह आज भी मोबाइल पर जीएसटी की दर 18 प्रतिशत ही है। अब जबकि घरेलू बाजार में 10 से 20 हजार वाले मोबाइल के दाम चार से पांच हजार रुपये तक बढ़ गये हैं, ऐसे में यदि सरकार मोबाइल पर लगने वाले जीएसटी दर में कुछ कमी करती है, तो इससे आम उपभोक्ता को राहत मिलेगी। अन्यथा, भारतीय समाज का एक बड़ा तबका डिजिटल क्रांति से बाहर होने को मजबूर हो जायेगा, जो पिछले एक दशक में इससे जुड़ा है और जिसके प्रयासों से एक दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था चार ट्रिलियन डॉलर तक पहुंची है। यह उन भारतीय निर्माताओं के लिए भी बड़ी राहत होगी, जिन्होंने बीते एक दशक में मोबाइल उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाया और विश्व के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक देश का तमगा भी दिलाया।

जीवन दर्शन

# दुनिया में सबसे अनमोल है जीवन की शांति



आज दुनिया को जिस चीज की सर्वाधिक आवश्यकता है वह है जीवन की शांति। व्यक्ति के जीवन की शांति से ही, परिवार, समाज व देश में शांति संभव है। अक्सर पूछा जाता है कि शांति की परिभाषा क्या है, किसको शांति कहते हैं। किसी ने कहा, युद्ध न होना ही शांति है। लेकिन दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां युद्ध नहीं है तो क्या वहां शांति है... किसी ने कहा कि आवाज का अभाव शांति है... तो क्या आवाज नहीं होना शांति है। दरअसल, जीवन में जैसा आप सोचेंगे वैसे ही अनुभव करेंगे। वैसा ही हमारा जीवन होगा। लेकिन जो मन की शांति है, वो बाहर नहीं मिलेगी। इसीलिए कहा जाता है कि अंदर शांति है तो बाहर शांति।

सही मायने में शांति मन की स्थिति है। शांति आत्मा का स्वभाव है। आत्मा का स्वधर्म शांति। जहां आत्मा अपने स्वधर्म को महसूस करती है, वहां शांति व्याप्त होती है। हर चीज का अपना स्वभाव होता है। प्रकृति का अपना स्वभाव है। जैसे हवा का स्वभाव वेग है। जल का स्वभाव शीतलता है। आत्मा का स्वभाव स्वभावतः शांति है। इसी कारण हर कोई शांति चाहता है। हम अपने कर्म और स्वभाव के अनुसार शांति की इच्छा रखते हैं, क्योंकि यह हर किसी का मूल स्वभाव है। हमारे जीवन का लक्ष्य हो कि न दुख दो न दुख लो। ये आत्मा का ट्रीटमेंट है। शांति से संतुलित करुणामय समाज का निर्माण होगा। हमें नफरत की आग को बुझाना है। शांति का सपना सजाना है हमें। लेकिन आत्मा की शान है शांति की अनुभूति। आज वैश्विक आवश्यकता है शांति। युद्ध के बादल पूरी दुनिया में छाये हुए हैं। निस्संदेह, हमारे जीवन से दूसरों के जीवन में शांति आएगी। लेकिन आज हम अपने स्वधर्म को भूल गए हैं।

वर्तमान समय में दुनिया में कई जगह युद्ध चल रहे हैं। लेकिन समाज व परिवार में भी किसी प्रकार का कोई संघर्ष है वो समाप्त हो। मनुष्य के जीवन व परिवार में शांति हो। जीवन में प्रगति तभी संभव है जब वहां शांति हो। जब आपका मन शांत होता है, तो आपकी निर्णय क्षमता स्पष्ट हो जाती है। विश्व शांति के साथ-साथ हमारे मन में भी शांति होना आवश्यक है। हम सभी की सोच श्रेष्ठ हो। सकारात्मक सोच हो। हमारे हर कार्य में शांति का संदेश हो। ऐसा जीवन का लक्ष्य हो कि शांति व्यापक हो जाए।

शांति के लिए अपने अंदर झांकिए मैं कौन हूं। मैं क्यों इस दुनिया में आया हूं। मुझे क्या करना है। मुझे कहां जाना है। आपको भीतर से जवाब मिलेगा कि मैं एक आत्मा हूं। एक सूक्ष्म ज्योति हूं। हम जीवन में जो कार्य करते हैं वो हमारा अभिनय मात्र है। यह दुनिया हमारा कर्म क्षेत्र है। हमारा निवास पांच तत्वों से निर्मित शांति का धाम है। मन और बुद्धि से हम उसी धाम में पहुंच जाएं। तब असीम शांति मिलेगी, क्योंकि हमारी आत्मा शांति स्वरूप है। संसार में हर आत्म शांति का अनुभव करें। तब यह संसार सुख शांति से संपन्न हो जाएगा।

हम सबको सुख देने का प्रयास करें। कर्मक्षेत्र में सोच श्रेष्ठ है तो जीवन श्रेष्ठ होगा। जीवन में आनंद से रहें। श्रीकृष्ण की मुरली ने दुनिया में शांति का संदेश फैलाया। बंधुत्वता में शांति का संदेश निहित है ।

**डॉ मधुसूदन शर्मा**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

यथा चित्तं तथा वाचो यथा वाचस्तथा क्रियाः।
चित्ते वाचि क्रियायांच साधुनामेक्रूपता॥

**भावार्थ**

अच्छे लोगों के मन में जो बात होती है, वे वही वो बोलते हैं और ऐसे लोग जो बोलते हैं, वही करते हैं। सज्जन पुरुषों के मन, वचन और कर्म में एकरूपता होती है।

## बाणसागर तलैया अनुज्ञा मामले में लगातार शिकायत, निगम का मौन

# फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद भी कार्यवाही नहीं, अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठने लगे सवाल

### इधर निगम की रोक के बाद भी दिनरात काम चल रहा, शिकायत कर कार्यवाही की मांग

जागरण, रीवा

नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा में हुए कारनामे को लेकर अब तक किसी प्रकार की कार्यवाही निगम प्रशासन की ओर से नहीं हुई है, जबकि इस मामले में एक छोटी सी जांच कर मामले का खुलासा अधिकारी कर सकते हैं, भवन अनुज्ञा के लिए लगाए गए सभी दस्तावेज ऑनलाइन हैं और इसे जांच कर देखा जा सकता है लेकिन बीते करीब 20 दिन से अधिकारी जांच के नाम पर फाइल दबाए बैठे हुए हैं, इसका फायदा भवन अनुज्ञा लेने वाले को मिल रहा है, उसके द्वारा निगम की रोक के बाद भी लगातार दिन रात निर्माण किया जा रहा है। अब समाजसेवियों ने इसको लेकर मोर्चा खोल दिया है, उनका कहना है कि किसी गरीब व्यक्ति को अनुज्ञा लेना हो तो उसे बार-बार भटकाया जाता है और इस प्रकार के दस्तावेजों की बिना जांच के अनुज्ञा दे दी गई जो पूर्णतः गलत है, इस पर कार्यवाही हो नहीं हो नगर निगम प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली का विरोध किया जाएगा। शिकायत अधिवक्ता मानवेन्द्र द्विवेदी ने कर


बाणसागर तलैया भवन अनुज्ञा मामलाः सामने आए दस्तावेजों में बड़ी कमियां
नोटरी कराई जून 2021 में, पंजीयन की वैधता थी दिसंबर 2023
निगम में नवंबर 2025 में जमा किया गया 21 बिंदुओं का शपथ पत्र
बड़ी लापरवाही को नजरअंदाज कर जारी की गई अनुमति
वेबसाइट में नहीं शो हो रही भूमि
तत्काल रोक दी जाती है फाइल

जांच पूरी कर कार्यवाही की मांग की है, उन्होंने आवेदन में कहा है कि हैरानी इस बात की है कि इस छोटी सी जांच के लिए यदि निगम प्रशासन इतना समय ले रहा है तो बड़े मामलो पर तो सालों बीत जाएंगे। हालांकि निगमायुक्त ने जल्द ही इस मामले में कार्यवाही की बात कही है। चर्चा है कि मामले में दलबदलू पूर्व सांसद द्वारा भी अधिकारियों पर कार्यवाही न करने का दबाव बनाया जा रहा है।

### क्या है पूरा मामला...

बता दें कि बीते 30 दिसंबर 2025 को नगर निगम के सहायक यंत्री अंबरीश सिंह द्वारा अपने सेवानिवृत्त के ठीक एक दिन पहले बाणसागर स्थित आराजी क्रमांक 631/2 रकबा 04050 हे. में से 2030 वर्गमीटर रकवा मौजा समान पटवारी हल्का समान तहसील हूजूर में विश्वनाथ सिंह पिता रामजी सिंह निवासी वार्ड क्रमांक 25 समान रीवा को मंजूरी दी गई है। इस मंजूरी के संबंध में लगाए दस्तावेजों में कमी बताई जा रही है, बताया जा रहा है कि इस अनुज्ञा के लिए जो 21 बिंदुओ का शपथ पत्र आवेदक विश्वनाथ सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया है, इस शपथ पत्र को नोटरी 2 जून 2021 में किया गया था, इतना ही नहीं नोटरी करने वाले अनिल श्रीवास्तव ने जो सील लगाई है, उसमें उनके पंजीयन की वैधता भी 12 दिसंबर 2023 की ही दिख रही है लेकिन इस शपथ पत्र को प्रस्तुत किया गया 8 नवंबर 2025 को जबकि नियमानुसार अधिकारियों को भवन अनुज्ञा देते समय वित्तीय वर्ष 2025 का शपथ पत्र लिया जाना चाहिए था लेकिन अधिकारियों ने इसे नजरअंदाज कर दिया। जिस तारीख पर यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया उस तारीख पर लगाई गई सील के अनुसार उस समय के पंजीयन की वैधता समाप्त हो चुकी थी, गवाह के भी नाम व हस्ताक्षर नहीं कराए गए। मतलब साफ है कि अधिकारियों ने इस बड़े दस्तावेज में अनदेखी कर डाली। इसके साथ ही आवासीय डायवर्सन, लैंडयूज, लगाए गए खसरे में कई कमियां हैं। वहीं बताया गया कि फाइल खाली प्लॉट पर लगाई गई थी लेकिन यहां पहले से कच्चा मकान बना हुआ था और इसका टैक्स भी आवासीय जमा किया गया है। जिसे गिराकर अब निर्माण शुरू किया गया।

### शिकायत में यह कहा

अधिवक्ता मानवेन्द्र द्विवेदी ने शिकायत कर कहा है कि बीते एक माह से इस मामले का खुलासा समाचार पत्र दैनिक जागरण द्वारा किया जा रहा है, दस्तावेजों में कमियां होने के बाद भी अधिकारियों ने सेवानिवृत्ति के एक दिन पूर्व भवन अनुज्ञा जारी कर दी। इसका प्रकरण भी हाईकोर्ट में विचाराधीन है, इसके बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नगर निगम द्वारा नहीं की गई, यह चिंतनीय है। यदि प्रशासन का दावा है कि जिस भूमि पर अनुज्ञा दी गई वह शासकीय है तो आखिर उसमें निगम अधिकारियों को भवन अनुज्ञा जारी करने की इतनी जल्दबाजी क्यों थी और अब जब जांच की मांग लगातार हो रही है तो जांच क्यों नहीं की जा रही है। जिससे साफ है कि अधिकारी इस मामले में पर्दा डालना चाहते हैं।

मामला संज्ञान में हैं, जांच की जा रही है, जल्द कार्यवाही की जाएगी।
अक्षत जैन
**आयुक्त नगर निगम रीवा**

# किसानों ने प्रशासनिक लापरवाही पर जताई नाराजगी

### समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण, रीवा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष सुग्रीव सिंह के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर कलेक्टर को विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से सेवा सहकारी संस्था बीडा क्रमांक-02 में धान खरीदी भुगतान में कथित भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं, किसानों के समर्थन मूल्य पर उपज विक्रय में आ रही समस्याओं, बिजली विभाग की लापरवाही, सिंचाई संकट, आवारा पशुओं से फसल नुकसान तथा भूमि अभिलेखों के अद्यतन न होने जैसी गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाते हुये कहा कि क्षेत्र में खराब ट्रांसफार्मर एवं जर्जर केबिलों को समय पर नहीं बदला जा रहा है, जिसके कारण बार-बार विद्युत दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई स्थानों पर बिजली की चिंगारी से घरों एवं खेतों में आग लग चुकी है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। किसानों ने यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित समय के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है तथा कई बार 10 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है, जिससे सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है और किसान परेशान हैं। संगठन के जिला अध्यक्ष सुग्रीव सिंह ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन टिकैत किसानों के हित में व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर किसानों की समस्याओं को तत्काल प्रभाव से निराकरण कराने की प्रशासन से मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सुग्रीव सिंह, प्रदेश महासचिव उमेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह, वीरेन्द्र पयासी, युवा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष डी.पी. पाण्डेय, ब्लॉक उपाध्यक्ष अरुण सिंह, कलेश्वर सिंह, अशोक सिंह, छोटेलाल सिंह, विद्याधर पाण्डेय, मिथिलेश सिंह, सुदीप यादव, सुरेन्द्र सिंह झलवार, भूपेन्द्र विश्वकर्मा, राजबली बिंद, ऋषिकेश पाठक, देवेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र बौद्ध सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।


## आम सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि आराजी नं. 405/14/1/1 रकवा 0.1210हे. स्थित मौजा अनंपुर, प.ह. अनंतपुर, रा.नि. म. इटौरा, तहसील हुजूर नगर, जिला रीवा म.प्र. में स्थित है एवं ग्राम मझिगवों स्थित आराजी नं0 236/2 रकवा 0.0411हे. एवं आराजी नं0 525/1/1 रकवा 0.0400 हे एवं 525/21 रकवा 0.0240हे. एवं ग्राम मझिगवों में स्थित आराजी नं0 201/1/2 रकवा 0.0560हे. एवं 201/1/3 रकवा 0.8300हे एवं 201/1/4 रकबा 0.0530हे. का वारिसाना नामांतरण श्री विकास सिंह पिता स्व. राधाकृष्ण निवासी इटौरा तहसील हुजूर नगर, जिला रीवा म.प्र. के नाम स्वीकार किया गया है। उक्त आराजियो को केनरा बैंक मेन ब्रांच खुटेही रीवा के पक्ष बंधक दर्ज किया जाना हैं। जिस किसी भी व्यक्ति को आवेदित आराजियो से संबंधित कोई उच्च व आपत्ति हो तो 10 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में संबंधित बैंक में प्रेषित करे। अथवा समयावधि व्यतीत होने के उपरांत पेश की गई आपत्ति अमान्य मानी जावेगी।

दिनांकः 12.05.2026

मुख्य शाखा प्रबंधक
केनरा बैंक खुटेही रीवा,
जिला रीवा म.प्र.

RN-85511


# जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी अधिकारी भागीदारी निभाएंः कमिश्नर

### एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही कर प्रतिवेदन देने के दिए निर्देश



**जागरण, रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी संभागीय बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करके पोर्टल पर प्रतिवेदन दर्ज कराएं। अधीनस्थ जिला अधिकारियों के माध्यम से समस्त कार्यवाहियाँ सुनिश्चित करें। कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर भी सतत कार्यवाही करें। संभाग के सभी जिलों में जल संरक्षण के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। सभी संभागीय अधिकारी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। जल संरक्षण और संवर्धन हम सबका नैतिक और सामाजिक दायित्व है। जल के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। आज हमने जल संरक्षण के यदि थोड़े से प्रयास कर लिए तो भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित हो जाएगा। सभी अधिकारी सप्ताह में कम से कम दो दिन जल संरक्षण और संवर्धन कार्यों में श्रमदान करें। कमिश्नर ने कहा कि ई-ऑफिस में रीवा संभाग सभी अधिकारियों की सक्रियता के कारण अक्टूबर 2025 से संभागीय रैंकिंग में प्रदेश में लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है। संभाग और जिलों की सम्मिलित रैंकिंग में रीवा संभाग को टॉप फाइव में पहुंचाने के लिए सभी फाइलें और पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से करें। अधीनस्थ जिला अधिकारियों का फाइल मूवमेंट यदि जीरो रहता है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। मैहर, मऊगंज और सतना जिलों पर विशेष ध्यान दें। सीएम हेल्पलाइन में भी प्रकरणों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिन विभागों में एक हजार से अधिक आवेदन लंबित हैं तथा जिनमें सौ दिन से अधिक समय से 500 से अधिक आवेदन लंबित हैं उन सभी को कारण बताओ नोटिस दें। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। संभागीय अधिकारी इसकी जिलेवार समीक्षा करके हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

कमिश्नर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री पीएचई पेयजल व्यवस्था की सतत निगरानी करें। सभी जिलों में पर्याप्त संख्या में राइजर पाइप तथा सिंगल फेज मोटर उपलब्ध कराकर इनके उपयोग की मॉनिटरिंग करें। हर बसाहट में पेयजल की सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। सुधार योग्य हैण्डपंप को दो दिन की समय सीमा में सुधारें। नलजल योजनाओं के संचालन और संधारण पर भी सतत निगरानी रखें। बैठक में संयुक्त संचालक पशुपालन ने क्षीरधारा ग्राम योजना की बिन्दुवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना को संभाग के सभी जिलों में तीन चरणों में लागू किया जा रहा है। योजना के तहत पशुओं के टीकाकरण, दुधारू पशुओं के नस्ल सुधार तथा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों को गति दी जाएगी। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त एलएल अहिरवार, एसडीओ वन हितेश खण्डेलवाल तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# महुआ का पेड़ गिरने से बाइक सवार की मौत



**जागरण, वैढ़न।** नवानगर थाना क्षेत्र के निगाही पेट्रोल पंप के पास भारी.भरकम महुआ का पेड़ बाइक सवार पर गिर गया। हादसे में बाइक सवार अरुण कुमार साहू की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के मुताबिक नवानगर थाना क्षेत्र के निगाही पेट्रोल पंप के पास आज महुआ का पेड़ बाइक सवार पर गिर गया इस दुर्घटना में बाइक सवार अरूण कुमार साहू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची नवानगर पुलिस में मार्ग कायम कर मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है।


## नाम सुधार सूचना

मैं फूला गुप्ता पत्नी शिवमंगल प्रसाद गुप्ता उम्र-37वर्ष निवासी ग्राम गड़ेहरा, पोस्ट देवखर तहसील जवा जिला रीवा म.प्र की रहने वाली हूं। यह कि मेरे नाम से रिलायंस निप्पान लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से पालिसी नम्बर 52082627 से जीवन बीमा है। मेरे पालिसी बांड़ में फूला देवी पत्नी शिवमंगल गुप्ता दर्ज है, जबकि आधारकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम फूला गुप्ता दर्ज है। यह कि पालिसी बांड़ में दर्ज नाम तथा आधार कार्ड में दर्ज नाम मुझ शपथकर्ता के ही हैं। आधार कार्ड के मुताबिक दर्ज नाम पॉलिसी बांड में किया जाए मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी, गलत जानकारी दिए जाने पर संपूर्ण जवाबदारी मुझ शपथ कर्ता की होगी

RN- 85063 फूला गुप्ता

## नाम सुधार सूचना

मैं भगवान दीन बंसल पिता श्री कामता निवासी वार्ड संख्या 40 नया तालाब रीवा तहसील-हुजूर नगर जिला रीवा म.प्र. पिन कोड नं0-486001 का निवासी हूँ व शपथपूर्वक कथन करता हूं कि-आधार नं0-3384 0485 0868 है। पुत्र हरिओम बंसल HARIOM BANSAL नाबालिक है। यह कि मेरे पुत्र का आधार कार्ड न0-6777 8699 4345 है। आधार पोर्टल में पुत्र का नाम सन्नी-SUNNY प्रदर्शित हो रहा है। जबकि पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम-हरिओम बंसल HARIOM BANSAL दर्ज है जो सही व सत्य है। यह कि जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार नाम अपडेट ना होने से अनेको प्रकार की परेशानी होती है। अतः आधार कार्ड पोर्टल में मेरे पुत्र का नाम हरिओम बंसल HARIOM BANSAL जन्म प्रमाण पत्र जारी अनुसार दर्ज किया जाय, तथा लिखा पढा समझा व मान्य किया जाय।

RN- 85062 भगवान दीन बंसल

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-ई-2026-112 | अनुमानित लागत : ₹ 53633209.80

कार्य का नामः झाँसी डिवीज़न :- प्रोविज़न ऑफ़ कुईक वाटरिंग फेसिलिटीस फॉर पैसेंजर ट्रेनस एट बाँदा।

अमानत राशिः ₹ 1072700.00 | निविदा बन्द होने की तिथिः 03.06.2026 at 15:00 hrs.

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह

• निविदा दिनांक 03.06.2026 को 15.00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1055/26(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# किसी भी फ्लाई ओवर के नीचे नहीं हो सकती व्यावसायिक गतिविधि!

### सिर्फ रीवा शहर में ही नियम विरुद्ध सभी फ्लाई ओवरों के नीचे संचालित हो रही दुकानें हटाने पर पुलिस से भिड़ जाते हैं अतिक्रामक



**जागरण, रीवा।** शहरी विकास मंत्रालय और सुरक्षा एजेन्सियों के स्पष्ट निर्देश हैं कि फ्लाई ओवर के नीचे किसी भी तरह की व्यावसायिक गतिविधि नहीं हो सकती। यह न केवल यातायात को बाधित करती है, अपितु सुरक्षा की दृष्टि से भी एक बड़ा खतरा है। किन्तु शहर में उक त निर्देश के विरुद्ध कार्य हो रहा है। सिर्फ सिरमौर चौराहा ही नहीं, समान फ्लाई ओवर के साथ ही रेलवे फ्लाई ओवर के नीचे न सिर्फ पार्किंग संचालित की बल्कि पार्किंग की आड़ में हजारों दुकानें भी संचालित हो रही हैं। जिसमें ठेकेदार से अधिक नगर निगम के जिम्मेदारों की संलिप्तता है। यहां से प्राप्त पार्किंग आय प्रतिमाह निगम कार्यालय में कितनी पहुंचती है? अवैध रूप से संचालित हो रही दुकानों से नगर निगम को प्रतिमाह कितनी आय हो रही है, ये जानकारी विभागीय जिम्मेदारों को भी नहीं। क्योंकि आधेसे अधिक दुकानदार तो बाले-बाले निगम के सेटिंगबाज कर्मचारियों की शह पर यहां दुकानें संचालित कर उन्हें ही आर्थिक लाभ पहुंचा रहे हैं, जबकि पार्किंग के नाम पर भी सिरमौर चौराहे में गत माह एक व्यक्ति फर्जी तरीके से वाहन चालकों से वसूली करते पकड़ा जा चुका है। जिससे यही जाहिर होता है कि पार्किंग भी नाममात्र के लिए चल रही है, यहां आने वाले अधिकतर वाहन तो सड़क किनारे ही खड़े रहते हैं। सिरमौर चौराहे स्थित फ्लाई ओवर के नीचे अवैध रूप से संचालित हो रही दुकानों को गत दिवस एक यातायात कर्मचारी ने जब हटाने के लिए बोला तो अवैध रूप से कब्जा कर दुकानें संचालित कर रहे लोग यातायात कर्मचारी से ही बहस करने लगे और झुंड के रूप में एकत्रित होकर यातायात कर्मचारी को धमकाने लगे, अवैध दुकान लगाने वालों में से कोई कह रहा था कि वे लोग भी इसका किराया भरते हैं, तुम हटाने वाले कौन होते हो, यदि हम अवैध रूप से कब्जा किए हैं तो नगर निगम कार्यवाही करे, वे तो रोज यहां आते हैं और बिना कार्यवाही किए लौट जाते हैं। काफी देर तक दुकानदार तमाशा करते हुए यातायात कर्मचारी को भला-बुरा कहते रहे, किन्तु एक ने भी दुकानें नहीं हटाई। जब शहरी विकास मंत्रालय और सुरक्षा एजेन्सियों के स्पष्ट निर्देश हैं कि फ्लाई ओवर के नीचे किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि नहीं हो सकती तो भला ऐसे में यहां संचालित पार्किंग और दुकानें कैसे वैध हो सकती हैं? इस प्रश्न का उत्तर तो नगर निगम के जिम्मेदार ही बेहतर बता सकते हैं।


## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति रीवा, जिला रीवा (म0प्र0)

क्रमांक / मण्डी / कैन्टीन/2026-27/141 रीवा, दिनांक 08.05.2026

द्वितीय निविदा विज्ञप्ति

एतद् द्वारा कृषि उपज मण्डी समिति रीवा के मण्डी प्रांगण करहिया में कृषकों को किफायती दर रूपये पाँच पर प्रति थाली भोजन उपलब्ध कराने की योजना अंतर्गत कैन्टीन संचालक तीन लिफाफा बंद पद्धति में निविदाएं दिनांक 01.06.2026 को शायं 05:30 बजे तक पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के संबंध में विस्तृत जानकारी दिनांक 25.05.2026 तक कार्यालयीन दिवस व समय पर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 02.06.2026 को समय 03:00 बजे सक्षम समिति द्वारा अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा की दरें स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार मण्डी समिति को होगा।

| क्र. | अधोसंरचना का नाम | धरोहर राशि (आर.टी.जी.एस./ एफ.डी.आर.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | कैन्टीन/भोजनालय का संचालन | 100000.00 रूपये (एक लाख रूपये) | 500.00 (पाँच सौ रूपये) |

कैन्टीन/भोजनालय की निविदा से संबंधित शर्तें कार्यालयीन समय पर अवलोकन किया जा सकता है।

सहायक संचालक/सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
रीवा जिला रीवा (म.प्र.)

## OFFICE OF THE KRISHI UPAJ MANDI SAMITI NAGOD DISTT. SATNA (M.P.)

No./NIT/111/2026-27/e-tendering/ Nagod, Dated : 28.04.2026

NOTICE INVITING TENDER

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Repair work of 500 MT Godown At new Mandi Yard Nagod and Additional work in sulabh Toilet at old Mandi Yard Nagod, **(PAC amount Rs. 5.26 Lacs)**, Repair Work of Existing Structures In mandi yard Nagod, **(PAC amount Rs. 16.29 Lacs)** and Nala Filling At Sub Mandi Yard Unchehra. **(PAC amount Rs. 16.86 Lacs) Tender Number : 2026_MPSAM_504430_1 (PAC amount Rs. 38.41 Lacs)**.The following works Tender to be received online up to **17:30PM on 03.06.2026.** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http:// mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/125735/2026 **SECRETARY**



## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


# 72 लीटर अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, सतना ।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी उपनिरीक्षक नीलेश गुप्ता ने उसके कब्जे से 72 लीटर अवैध शराब जप्त कर ली है। बाइक भी जप्त की गई है। यह कार्यवाही कलेक्टर सतीश कुमार एस के निर्देश जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम के मार्गदर्शन में वृत्त प्रभारी क्रमांक 2 नीरज गुप्ता और उनके टीम द्वारा की गई है।

### बाइक से हो रही थी तस्करी

बताया जाता है कि आरोपी एचएफ डिलेक्स क्रमांक एमपी जेड क्यू 3518 द्वारा शराब की अवैध तस्करी कर रहा था। आबकारी विभाग के अमले ने आरोपी सन्तुकोल पिता स्व.घिरी कोल उम्र 27 साल निवासी जवाहर नगर गली नं 7 थाना सिटी कोतवाली को गिरफ्तार किया है। उक्त कब्जे से 72 लीटर अवैध शराब जप्त कर धारा 34-2 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी की बाइक समेत कुल एक लाख तीस हजार रूपये की जप्ती बनाई गई है इस कार्यवाही में आरक्षक सरिता बिजौरिया, अशुतोष तिवारी व नगर सैनिक अनिल गौतम का सराहनीय योगदान रहा।


**बेचना है** KASTA PIPES
**अजय ट्रेडिंग कंपनी**
गोलपार्क पुराना बस स्टैण्ड
रीवा कास्ता पाइप के लिए
संपर्क करें:- 9425185028
RN-87512 (12/6)

**आवश्यकता है**
कर्मचारी की आवश्यकता है।
संपर्क करें:- 9993634826, 8770231515
RN-87508 (13/5)

## कार्यालय नगर परिषद गुढ़ जिला- रीवा (म.प्र.)
Office of The Nagar Parishad Gurh Dist. Rewa (M.P.)
Address:- Ward No.-12 Gurh Dist.- Rewa (M.P.) Pin No. 486553 Email: cmogudh@mpurban.gov.in

क्र.667/(E.T.)/न.परि./2026 गुढ़ दिनांक 12.05.2026

//छठवी ई-निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेन्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_506902_1 दिनॉक- 12.05.2026 | Interception & Diversion of Nallahs with STP works Project of Gurh town under SBM 2.0 | 1-12 माह वर्षाकाल को छोड़कर 2- 337.32 लाख | 1-15000.00 2-168660.00 | 29.05.2026 |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाइड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(मोहित शुक्ला)
मुख्य नगर पालिक अधिकारी
नगर परिषद गुढ़, जिला-रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

N.I.T क्र 02 (E.T)/ विद्युत-शाखा / न.पा.नि/2026-27 सतना दिनांक 08.05.2026

//निविदा आमंत्रण सूचना//

नगर पालिक निगम सतना द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आनॅ लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र.व जारी दिनांक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02 08.05.2026 | 2026_UAD_506145_1 | नवीन एल.ई.डी स्ट्रीट लाइट सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण | 35,83,860/- | 50,000/- | 5000/- | 45 दिवस |

शर्ते :- 1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 09.05.2026 समय 15:30 से दिनांक 08.06.2026 समय 17:30 बजे तक आनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा। 2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट ही प्रकाशित की जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

विभागाध्यक्ष (विद्युत-शाखा)
नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)

## OFFICE OF THE KRISHI UPAJ MANDI SAMITI HANUMANA DISTT. MAUGANJ (M.P.)

No./NIT/560/2025-26/e-tendering/ Hanumana, Dated : 11.03.2026

NOTICE INVITING TENDER

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) For 1. Repairing & Maintenance of Existing Structures (Compound Wall, Covered Auction Platform etc.) at Mandi Yard Hanumana, Distt. Mauganj (M.P.) **Tender Number : 2026_MPSAM_505335_1 (PAC amount Rs. 12.79 Lacs)** and 2. Construction of Boundary wall Mandi yard Hanumana & Repair of 500 MT Godown Sub Mandi yard Mauganj **Tender Number : 2026_MPSAM_505336_1 (Second call) (PAC amount Rs. 8.26 Lacs).** The following works Tender to be received online up to **17:30 PM on 03.06.2026** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http:// mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/125736/2026 **SECRETARY**

## संक्षिप्त खबरें

### जीतू बोले मैं भाजपा की जमीन नापने वाला



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार को छतरपुर के ढोढन बांध कार्यस्थल पहुंचे,जहां उन्होंने आंदोलनरत विस्थापितों से चर्चा की । वहां पटवारी ने कहा कि मैं भाजपा की जमीन नापने वाला पटवारी हूं। पटवारी ने कहा कि विस्थापित परिवारों की यह लड़ाई केवल जमीन की नहीं, बल्कि उनके जल, जंगल, जमीन, संस्कृति और सम्मान की लड़ाई है। प्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने में विफल रही है और उन्हें उचित मुआवजा एवं पुर्नवास नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान और प्राकृतिक न्याय की भावना कहती है कि जिस परिवार की जमीन और जंगल छीने जाएं,उन्हें जमीन के बदले जमीन और सम्मानपूर्वक पुर्नवास मिलना चाहिए, केवल कागजी मुआवजा देकर आदिवासी परिवारों का भविष्य सुरक्षित नहीं किया जा सकता। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है,लेकिन कांग्रेस पार्टी आदिवासी,किसान और विस्थापित परिवारों के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी। इसमें चाहे मुकदमे लगाए जाएं या जेल भेजने की धमकी दी जाए,कांग्रेस पीड़ितो परिवार के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

### हाईकोर्ट में आज से ओबीसी आरक्षण मामले की अंतिम स्तर की सुनवाई

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष ओबीसी आरक्षण के मामले पर अंतिम सुनवाई विगत दिनों टल गई थी। सुप्रीम कोर्ट की याचिकाओं का रिकार्ड पेश नहीं होने के कारण यह कदम उठाया गया था। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने राच्य शासन को सुप्रीम कोर्ट से रिकार्ड ट्रांसफर कराने के निर्देश दिए थे। ये दस्तावेज अपलोड होने के बाद ही सुनवाई शुरू होगी, यह व्यवस्था दी गई थी। कोर्ट ने 13, 14 और 15 मई को अंतिम सुनवाई करने के निर्देश दिए थे। दरअसल, इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से ट्रांसफर हुई चार लंबित याचिकाओं की अब तक लिस्टिंग नहीं की गई थी। ओबीसी आरक्षण मामले की सुनवाई 27, 28 और 29 अप्रैल को लगातार होनी थी, लेकिन दूसरे दिन ही तकनीकी कारणों के चलते यह टल गई। 27 अप्रैल को कोर्ट ने सभी पक्षों के है अधिवक्ताओं के लिए बहस की समयसीमा तय कर दी थी। 28 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने हाईकोर्ट में जीएडी का 27 अप्रैल, 2026 का आदेश प्रस्तुत किया। इसमें बताया गया था कि सुप्रीम कोर्ट के सालिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडिशनल सालिसिटर जनरल केएम नटराज सरकार की ओर से पक्ष रखेंगे।

### सत्येंद्र भूषण सिंह ने किया पदभार ग्रहण



**विसं भोपाल।** प्रदेश भाजपा के पूर्व कार्यालय प्रभारी सत्येंद्र भूषण सिंह ने मंगलवार को मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड के अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम मंत्री चेतन्य कश्यप सहित पार्टी पदाधिकारी, संगठन के कार्यकर्ता तथा आयुक्त एमएसएमई दिलीप कुमार उपस्थित रहे। अध्यक्ष सिंह ने नियुक्ति पर प्रदेश शासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम केवल एक उपक्रम नहीं, बल्कि लाखों कारीगरों, शिल्पकारों और उद्यमियों के सपनों का मंच है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा देश के युवा उद्यमियों के लिए जो रोड मैप तैयार किया गया है उस पर संकल्पित होकर निगम को प्रगतिशील बनायेंगे। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल को ग्लोबल फॉर लोकल बनाना और कारीगर से कारोबारी तक जिले में छिपी हुई हुनर को मुख्य बाजार से जोड़ना, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस, लघु उद्यमियों के लिए प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी, समयबद्ध और लाभप्रद बनाना उनका लक्ष्य है।

# अपात्र भाजपा नेता भी निकलते हैं ताम-झाम के साथ सड़कों पर

## एक दर्जन से ज्यादा विधायक चलते हैं सरकारी सुविधाओं के साथ ▸▸ नेताओं के वाहनों में हूटर और सायरन लगा रहना आम बात

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** बिना तामझाम के दौरा करने वाले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के राज्य में पावर का जालवा दिखाने वाले जनप्रतिनिधियों और नेताओं पर किसी भी तरह की लगाम नहीं लगाई जाती। आलम यह है कि मंत्रियों से लेकर कई विधायक तक वाहनों के काफिले और सरकारी सुरक्षा के घेरे में सड़क पर निकलते है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश सरकार के कुछ विधायक और मंत्री पात्रता से भी ज्यादा सरकारी सुविधाओं को उपयोग कर रहे है। वीआईपी कल्चर को बढ़ावा देने वाले कुछ विधायकों के साथ फॉलो गार्ड, पायलट और सुरक्षा कर्मी दौरा करते है। सबसे हैरानी वाली बात ये है कि ये विधायक राजधानी या अपने क्षेत्र से जब भी स्थानीय प्रवास पर रहते है, तब भी उनके साथ सरकारी ताम-झाम चलता है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद विधायकों के वाहनों में सायरन और हूटर का इस्तेमाल किया जा रहा है। इतना ही नहीं उनके बंगलों में सुरक्षा के नाम पर पुलिस कर्मी भी तैनात है। जिसका भार सरकार पर आ रहा है। यहां काबिलेगौर बात यह भी है कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा पद ग्रहण करने के बाद से अब तक किसी भी तरह की सरकारी सुविधाओं का इस्तेमाल नहीं किया जाता, जबकि उनके सामने ही कई निगम मंडल व पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा हूटर लगे वाहनों का उपयोग कर रहे हैं। कुछ विधायक बिना पायलट और फॉलो गार्ड के एक कदम भी अपना वाहन आगे नहीं बढ़ाते है। इस संबंध में कई बार भाजपा संगठन के मंचों पर अनुशासन और पार्टी के चाल चरित्र चेहरे को लेकर चर्चाए भी हुई,लेकिन उस पर न तो किसी ने अमल किया और न ही प्रदेश संगठन ने इस पर सख्ती ही दिखाई। कुछ विधायकों के काफिले तो ऐसे निकलते है,कि आम राहगीर धोखा खा जाता है,कि मुख्यमंत्री का काफिला जा रहा है।



### पद पाते ही अध्यक्ष को मिला नोटिस

इधर बीते सोमवार को पाठ्य पुस्तक निगम का अध्यक्ष पद संभालने सैकड़ो वाहनों के साथ शक्ति प्रदर्शन करने वाले मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सौभाग्य सिंह को प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने नोटिस थमा दिया है। उनसे जवाब मांगते हुए कहा गया है कि पार्टी संतुष्ट नहीं हुई,तो एक्शन लिया जाएगा।

### वाहन से दूर रहे,लेकिन शहर भर में दिखे पोस्टर

प्रधानमंत्री मोदी ने फिजूलखर्ची से बचने की सलाह के बाद प्रदेश भाजपा की हिदायत का नवनिर्वाचित अध्यक्षों ने पालन तो किया,लेकिन वे केवल वाहन से परहेज करते ही दिखे,जबकि पार्टी दफ्तर में उनकी ताजपोशी पर समर्थको ने जमकर आतिशबाजी की और पूरे शहर बड़े-बड़े होर्डिंग और पोस्टर से भरे पड़े रहे।

### ई-रिक्शा से पद ग्रहण करने पहुंचे अध्यक्ष

प्रदेशाध्यक्ष के एक्शन का प्रभाव ऐसा पड़ा कि मंगलवार को निगम मंडलों में अपने पद ग्रहण करने पहुंचे नवनियुक्ति अध्यक्षों की शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी धरी रह गई। कोई ई-रिक्शा से पार्टी दफ्तर और अपने शपथ लेने कार्यालय पहुंचे,तो किसी ने चुपके से जाकर अपना पद ग्रहण कर लिया।

### कांग्रेस बोली ढोंग कर रही भाजपा

पीएम की अपील के बाद भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्षों द्वारा ई-मेल का इस्तेमाल करने एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा ई-बाईक से मंत्रालय जाने को कांग्रेस ने ढोंग बताया है। उनका कहना है कि लंबे -लंबे काफिले में चलने के आदी हो चुके नेता पर किसी अपील का कोई फर्क नहीं पड़ता।



### ई-बाइक से मंत्रालय पहुंचे मंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ई-बाईक से मंत्रालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि वे परिस्थितियों के अनुरुप वाहनों का उपयोग करेंगे। यदि जरुरी नहीं हुआ,तो वे कार का उपयोग नहीं करेंगे और ई-बाईक का ही उपयोग करेंगे।



"प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील का हम सभी अनुशरण करें,ईंधन की बचत करें एवं वाहनों के अनावश्यक उपयोग से बचें। खासकर निगम-मंडल के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता,जो शपथ लेने जा रहे हैं,वे इस संदेश को आत्मसात कर अपने दैनिक जीवन में उतारे। आज यह केवल एक अपील नहीं,बल्कि समय की आवश्यकता और हमारी जिम्मेदारी है।

● **हेमंत खंडेलवाल,** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मप्र.

# एमपी की प्रगति में फ्रांस बनेगा मददगार 8 कंपनियों ने भोपाल आकर किए करार

## रोपवे-केबल कार से पर्यटन स्थलों का विकास शहरों की प्लानिंग और जलापूर्ति का बदलेगा सिस्टम

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में विकास और निवेश के नए रास्ते खोलने के लिए राजधानी में इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। भोपाल के मिंटो हॉल में आयोजित इस सम्मेलन में 8 प्रमुख फ्रांसीसी कंपनियों ने प्रदेश सरकार के साथ एग्रीमेंट किए हैं, जो अन्य क्षेत्रों में आधुनिक बदलाव लाएंगे। फ्रांस की पोमा रोपवेज नाम की कंपनी अब प्रदेश के शहरों में ट्रैफिक कम करने और पर्यटन स्थलों व तीर्थस्थलों को जोड़ने के लिए आधुनिक केबल कार और रोप-वे सिस्टम विकसित करेगी। डसॉल्ट सिस्टम्स अपनी खास वर्चुअल ट्विन तकनीक का इस्तेमाल शहरों की प्लानिंग, पानी के मैनेजमेंट और युवाओं को कुशल बनाने में करेगी। टेक्सटाइल सेक्टर में टेस्का टेक्सटाइल्स ने वाहनों की सीट के कंपोनेंट्स के निर्माण के लिए मध्य प्रदेश में फैक्ट्री लगाने का प्रस्ताव दिया है।



### किसानों और स्वास्थ्य सेवा पर भी जोर

इस समिट में फ्रांस की खेती-किसानी से जुड़ी कंपनी सोफ्रले जौ की खेती को बढ़ावा देने के लिए कॉन्ट्रैक्ट फ्रामिंग का मॉडल लाएगी, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और उन्हें बेहतर स्टोरेज की सुविधा मिलेगी। इसी तरह ऊर्जा के क्षेत्र में इंजी कंपनी सोलर एनर्जी और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे ईंधन पर काम करेगी। फ्रांस की एक अन्य कंपनी सिस्ट्रा परिवहन और इंजीनियरिंग से जुड़ी परियोजनाओं में सरकार को तकनीकी सहयोग देने पर राजी हुई है, जबकि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सनोफ्री नाम की कंपनी सरकार के साथ मिलकर मधुमेह और दुर्लभ बीमारियों से लड़ने के लिए ट्रेनिंग और हेल्थकेयर सिस्टम को मजबूत करने का काम करेगी।

### एमपी को ग्लोबल हब बनाने की तैयारी

फ्रांस के राजदूत थियरी माथो की मौजूदगी में हुए इस कार्यक्रम में करीब 150 उद्योगपतियों ने भी हिस्सा लिया। इस कॉन्फ्रेंस का मकसद मध्य प्रदेश को भारत-फ्रांस के नवाचार और व्यापार के केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इस दौरान एमपीआईडीसी के अफ़सरों ने बताया कि इन सभी प्रोजेक्ट के जमीन पर उतरने से 2030 तक राच्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक विकास होगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इस दौरान इंडो-फ्रेंच चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महानिदेशक पायल एस. कंवर ने कहा कि मध्य प्रदेश फ्रांसीसी निवेश के लिए एक उभरता हुआ पावर हाउस है और यह साझेदारी राज्य के साथ-साथ दोनों देशों के रिश्तों को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। कार्यक्रम में प्रदेश के एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप और मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ उद्योग विभाग के पीएस राघवेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

# घाडगे को प्रदेश अध्यक्ष ने किया तलब, जवाब देने के दिए निर्देश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक एवं प्रदेश कार्यसमिति के विशेष सदस्य कृष्णा घाडगे को मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल तलब किया और उन्हें नोटिस का जवाब तीन दिन के अंदर जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति को देने के निर्देश दिए।



जानकारों की माने तो प्रदेश अध्यक्ष ने घाड़गे से कहा है कि इस तरह की पोस्ट से बचा जाना चाहिए, क्योंकि पार्टी की छबि खराब होती है। उल्लेखनीय है कि घाड़गे को सोशल मीडिया में उनकी एक पोस्ट को लेकर पार्टी ने नोटिस थमाया है और तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और गुना शिवपुरी से सांसद रहे के.पी. यादव के बीच की तल्खी किसी से छिपी नहीं है। पिछले दिनों जब यादव आपूर्ति निगम के अध्यक्ष बने थे, तब उन्होंने अपने समर्थकों से कहा था कि अब वे दो साल तक हर मंच में दिखाई देंगे। लेकिन गुना में एक शिलान्यास कार्यक्रम में यादव मौजूद नहीं रहे। इसी के बाद कृष्णा घाड़गे का सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुआ। जिसमें उन्होंने के.पी. यादव का नाम लिए बिना लिखा कि आज तो नहीं दिखे बालक बुद्धि नेता। कहा जा रहा है कि घाड़गे का यह पोस्ट पूर्व सांसद एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष के.पी.यादव के लिए लिखा गया । इस पोस्ट पर भाजपा संगठन ने एतराज जताया है। इस पर भोपाल जिला भाजपा अध्यक्ष रविन्द्र यति ने घाड़गे को नोटिस देकर उनसे तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। हालांकि इस नोटिस पर कुछ नेताओं ने यह कहते हुए सवाल खड़े किए है कि घाड़गे प्रदेश कार्यसमिति के विशेष आमंत्रित सदस्य है, ऐसे में उन्हें जिलाध्यक्ष नोटिस नहीं दे सकते है। हालांकि इस पर भाजपा के नेताओं का कहना है कि विशेष परिस्थितियों में वरिष्ठ नेतृत्व के निर्देश पर जिला संगठन द्वारा कदम उठाया जा सकता है।

### राहुल गांधी के मामले में सुनवाई अब 14 को



**जबलपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भोपाल की विशेष अदालत में लंबित मानहानि प्रकरण के खिलाफ दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान की ओर से जवाब पेश करने मोलहत मांगी गई। जस्टिस पीके अग्रवाल की एकलपीठ ने दो दिन की मोहलत देते हुए मामले को अंतिम सुनवाई के लिए 14 मई को नियत किया है। कोर्ट ने फिलहाल ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। दरअसल, भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह के परिवाद पर एमपी-एमएलए कोर्ट भोपाल के विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा राहुल गांधी को समन जारी किया गया था। समन व परिवाद को निरस्त कराने हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। राहुल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा एवं अजय गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने आरोपों को नकारते हुए परिवाद को बेबुनियाद बताया। राहुल गांधी ने याचिका में भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान द्वारा दायर मानहानि केस को चुनौती दी है। कार्तिकेय सिंह ने एमपीएमएलए कोर्ट में मानहानि का केस दायर कर कहा है कि 2018 में राहुल कॉंग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष थे। उस समय झाबुआ में हुई चुनावी सभा में राहुल गांधी ने एक भाषण के दौरान कथित तौर पर पनामा पेपर्स लीक का जिक्र करते हुए शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे कार्तिकेय का नाम लिया था। राहुल गांधी ने तुलना करते हुए कहा था कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ पर कार्रवाई हुई, लेकिन मध्यप्रदेश में ऐसा नहीं हुआ। इस बयान को लेकर कार्तिकेय सिंह चौहान ने इसे अपनी छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताते हुए मुकदमा दायर किया है।

# हाईकोर्ट का आदेश : पुलिस कमिश्नर भोपाल के बयान को शिकायत मानकर करें कानूनी कार्यवाही

## कांग्रेस आईटी सेल के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को हाईकोर्ट ने प्रथम दृष्टया माना अवैध हिरासत

**जबलपुर।** भोपाल से गिरफ्तार किये गये कांग्रेस आईटी सेल के तीन कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी प्रक्रिया में हाईकोर्ट ने प्रथम दृष्ट्या अवैध हिरासत माना है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने आदेश जारी किये है कि न्यायिक मजिस्ट्रेट जबलपुर के द्वारा पीड़ित के द्वारा दर्ज किये गये वयानों की प्रति पुलिस कमिश्नर भोपाल को भेजी जाये।

पुलिस कमिश्नर बयान को शिकायत मानते हुए कानून अनुसार उचित कार्यवाही करें। गौरतलब है कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया के नाम से वायरल फर्जी पत्र के मामले में मध्य प्रदेश पुलिस के सहयोग से राजस्थान पुलिस ने भोपाल से कांग्रेस आईटी सेल के तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया था। युवकों को पुलिस के द्वारा अवैध रूप से हिरासत में रखे जाने के खिलाफ भोपाल निवासी खिजर खान सहित अन्य की तरफ से बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि 20 अप्रैल 2026 की सुबह लगभग तीन बजे



साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन भोपाल में पुलिस द्वारा कांग्रेस आईटी सेल के तीन कार्यकर्ताओं को अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था। उन्हें दो दिनों तक किसी भी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश नहीं किया गया है। याचिका की सुनवाई के दौरान शासन की तरफ से बताया गया कि राजस्थान पुलिस की मौखिक सूचना पर तीनों को पुलिस थाने बुलाकर पूछताछ की गई और फिर उनके परिवार वालों को सौंप दिया गया। राजस्थान पुलिस ने पुन फोन कर बताया था कि तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। अगले दिन दोपहर को फिर सायबर सेल बुलाया और राजस्थान पुलिस के आने पर उन्हें सौंप दिया गया था। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने गिरफ्तार किये गये तीनों युवकों सहित संबंधित थाने की सीसीटीव्ही फुटेज पेष करने के आदेश जारी किये थे। हाईकोर्ट के आदेश पर पिछली सुनवाई के दौरान गिरफ्तार किये गये तीनों युवकों को युगलपीठ के समक्ष पेष किया गया। राजस्थान पुलिस की तरफ से युगलपीठ को बताया गया कि युवकों को अवैध रूप से हिरासत में नहीं रखा गया था। उन्हें 22 अप्रैल को दोपहर को गिरफ्तार किया गया तथा उसी दिन संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। उन्हें जयपुर की अदालत से जमानत मिल चुकी है, लेकिन जमानत प्रस्तुत नहीं होने के कारण वे अभी भी हिरासत में हैं। राजस्थान पुलिस ने यह भी कहा कि युवाओं को भोपाल से गिरफ्तार कर नहीं लाया गया था। वह मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारियों के साथ स्वयं जयपुर आए थे। तीनों युवकों ने राजस्थान व मध्य प्रदेश पुलिस के वयानों को गलत बताया था। युगलपीठ ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जबलपुर को निर्देश दिया कि किसी अधिकारी को नियुक्त कर तीनों युवकों के अलग-अलग बयान दर्ज कराए बयान में यह बताया जाए कि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संपर्क किए जाने से लेकर जयपुर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किए जाने तक वास्तव में क्या हुआ।

बयान के बाद युवकों को वापस जयपुर भेजने के निर्देश दिए गए ताकि वे जमानत की शर्तें पूरी कर सकें। युगलपीठ ने डीआईजी क्राईम जयपुर तथा डीसीपी क्राईम भोपाल को दोनों के बीच हुई मौखिक बातचीत से लेकर अपने अधिकार क्षेत्र में मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने तक की पूरी घटनाक्रम के संबंध में शपथ.पत्र प्रस्तुत करने निर्देश जारी किये थे।

याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान आदेश का पालन करते हुए प्रमोद कुमार शर्मा, सब इंस्पेक्टर क्राइम ब्रांच भोपाल और राजस्थान पुलिस के एसीपी बलराम चौधरी, ब्ब्, अशोकनगर, श्रीमती संतरा मीणा एसएचओ सहित अन्य पुलिस कर्मचारी थाना च्योति नगर जयपुर उपस्थित हुए। उनकी तरफ से 29 अप्रैल को सिविल जज जबलपुर के द्वारा दर्ज किये गये बयान को सीलबंद सीलबंद लिफाफे में हाईकोर्ट की रजिस्ट्री को भेजा गया है। इसे रिकॉर्ड पर ले लिया गया है।

## तकनीक से संरक्षण

### एआई, सेमीकंडक्टर, ड्रोन, स्पेसटेक की मदद से पर्यावरण बचाने की मुहिम

# वन संरक्षण के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बनी है मध्यप्रदेश की : सीएम

**विशेष संवाददाता,भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जिस तरह से वन और वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में काम किए जा रहे है,उससे इस क्षेत्र में राज्य की वैश्विक पहचान बन रही है।



डॉ.यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि राज्य सरकार ने वन्य जीवों के संरक्षण को केवल पर्यावरणीय दायित्व नहीं माना। सरकार ने इसे विकास, पर्यटन, स्थानीय रोजगार, सांस्कृतिक चेतना और सामुदायिक सहभागिता से जोड़कर व्यापक जन आंदोलन का स्वरूप दिया है। सरकार की दूरगामी सोच से मध्यप्रदेश आज टाइगर स्टेट के साथ ही देश के सबसे व्यापक और वैज्ञानिक वन्य जीव संरक्षण मॉडल के रूप में उभरा है। सीएम ने कहा कि श्योपुर का कूनो नेशनल पार्क आज विश्व स्तर पर वन्यजीव संरक्षण का प्रतीक बन चुका है। प्रदेश में चीतों साथ ही लुप्त हो चुकी 'जंगली भैंसा' प्रजाति को भी कान्हा की घास-भूमि में आबाद किया जा रहा है। राज्य सरकार अब कूनो को 'ग्लोबल ब्रीडिंग सेंटर' के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। साथ ही गांधी सागर अभयारण्य को चीतों का दूसरा और वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व, नौरादेही को तीसरा बड़ा चीता लैंडस्केप बनाया जा रहा है।

### नेक्स्ट जेन टेक्नोलॉजी हब बनेगा प्रदेश

अपने एक अलग वक्तव्य में सीएम ने कहा कि प्रदेश उभरते आईटी राच्य से आगे बढ़ते हुए नेक्स्ट जेन टेक्नोलॉजी हब के रूप में अपनी नई पहचान स्थापित कर रहा है। मध्यप्रदेश निश्चित ही आने वाले समय में देश की डिजिटल और तकनीकी अर्थव्यवस्था के प्रमुख ग्रोथ इंजन के रूप में कार्य करेगा। राज्य तकनीक, नवाचार और कौशल आधारित विकास मॉडल की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारा प्रदेश देश का ऐसा राज्य है,जिसने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी-2025लागू की है। इस नीति से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को टेक्नोलॉजी, अनुसंधान, एनालिटिक्स और साझा सेवाओं के केंद्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### 35 से ज्यादा तकनीकी निवेश प्रस्तावित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार वैश्विक निवेशकों और तकनीकी कंपनियों के साथ सक्रिय संवाद स्थापित कर रही है। मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) को इन तकनीकी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है। वर्तमान में प्रदेश में 35 से अधिक बड़े तकनीकी निवेश प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं, जिनकी अनुमानित लागत 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक है।डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश तकनीक, नवाचार और कौशल आधारित विकास मॉडल की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जीसीसी, एआई, सेमीकंडक्टर, ड्रोन, स्पेसटेक और एवीजीसी-एक्सआर जैसे क्षेत्रों में लागू की गई नीतियां प्रदेश को देश की नई तकनीकी शक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# मुख्यमंत्री के कारकेड में कम होंगे वाहन, नहीं निकलेगी रैली

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्ववान के बाद मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अपने कारकेड में न्यूनतम वाहनों का उपयोग करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है।



सीएम ने अधिकारियों से कहा है कि पेट्रोल और डीजल की बचत के दृष्टिगत आगामी आदेश तक उनके कारकेड में सुरक्षा की दृष्टि से न्यूनतम वाहन का उपयोग किया जाए। इसके अलावा भ्रमण के दौरान फिलहाल किसी भी तरह की वाहन रैली का आयोजन नहीं किया जाएगा। सीएम ने अपने मंत्रियों से भी कहा है कि वे यात्रा के समय न्यूनतम वाहनों का उपयोग करें। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के जरिए नवनियुक्त निगम-मंडल के पदाधिकारियों से भी सादगी के साथ अपना कार्यभार ग्रहण करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में प्रदेश पेट्रोल और डीजल की खपत करने के लिए कृत संकल्पित है। जिसमें आम जनता का सहयोग भी आवश्यक है। सीएम ने प्रदेशवासियों से सार्वजनिक परिवहन का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने को भी कहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने बीते सोमवार को कैबिनेट की बैठक से पहले अपने मंत्रियों से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री की अपील पर मितव्ययिता के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### केरलम के मुख्यमंत्री का ऐलान 24 घंटे के भीतर

**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** केरलम के अगले सीएम के नाम की घोषणा अगले 24 घंटे में हो सकती है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. मुरलीधरन ने राहुल गांधी से मिलने के बाद यह दावा किया। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात या बुधवार सुबह तक मुख्यमंत्री के नाम सामने आ जाएगा। मुरलीधरन ने बताया कि सोनिया गांधी के आवास '10 जनपथ' पर राहुल ने केरल के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों और कार्यकारी अध्यक्षों के साथ अगले मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चा की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार शाम को बेंगलुरु से दिल्ली आ रहे हैं। उनके आने के बाद एक और दौर की बातचीत होगी। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम पर आखिरी फैसला होगा। 2026 केरलम विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को ही आ गए थे। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन को 140 में से 102 सीटें मिली थीं।

### नेता और अधिकारियों के काफिले होंगे आधे: योगी

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागरिकों से प्रधानमंत्री के आह्वान का पालन करने की अपील की है।



उन्होंने ईंधन खपत कम करने और ऊर्जा-बचत की आदतें अपनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने अनावश्यक सोने की खरीद से बचने का भी आग्रह किया। उन्होंने अधिकारियों के काफिले में वाहनों की संख्या में 50 फीसदी कमी का निर्देश दिया। साथ ही प्रदेश में वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति को भी प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने पीएनजी, मेट्रो, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों आदि के उपयोग पर विशेष बल दिया।

### पंजाब रिश्वत केस: विजिलेंस हेडक्वर्टर पर सीबीआई रेड

**चंडीगढ़/मोहाली, जेएनएन।** पंजाब विजिलेंस विभाग पर रिश्वतखोरी के गंभीर आरोपों के बीच सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने मोहाली स्थित विजिलेंस हेडक्वार्टर पर बड़ी कार्रवाई की।



सोमवार देर रात छापेमारी के बाद मंगलवार सुबह भी सीबीआई की टीम विजिलेंस मुख्यालय पहुंची और कई दस्तावेजों की जांच की। यह कार्रवाई एक कथित रिश्वत मामले में की गई है, जिसमें अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई के अनुसार मामला पंजाब के एक स्टेट टैक्स अधिकारी की शिकायत पर दर्ज हुआ था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि विकास उर्फ विक्की गोयल और उसके बेटे राघव गोयल ने विजिलेंस विभाग में उसके खिलाफ लंबित शिकायत बंद करवाने के बदले 20 लाख की रिश्वत मांगी थी।

### अपनी चीन यात्रा को लेकर ट्रंप उत्साहित

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चीन दौरे पर बयान दिया है। ट्रंप ने सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि उन्हें अपने इस चीन दौरे से बहुत उम्मीद है और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से अपनी मुलाकात को लेकर वह बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि इस मुलाकात के दौरान वाशिंगटन और बीजिंग के लिए 'बहुत अच्छी चीजें' होंगी। अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा - 'अपने चीन दौरे को लेकर मैं बहुत ही उत्साहित हूं। चीन एक शानदार देश है। इसके राष्ट्रपति शी जिनपिंग का सभी सम्मान करते हैं। ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन के दौरे पर रहेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप के साथ अमेरिकी कारोबारियों एवं तकनीक से जुड़े दिग्गजों का एक बड़ा दल भी जाएगा। ट्रंप के साथ एपल के सीईओ टिम कूक, टेस्ला एवं स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क, ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक भी जाएंगे।

### सीबीआई प्रमुख की चयन प्रक्रिया से राहुल नाराज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पहुंचे, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में देश के अगले केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक के चयन से जुड़ी अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चयन प्रक्रिया पर कड़ा विरोध दर्ज कराया और औपचारिक रूप से असहमति नोट भी सौंपा। राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा कि विपक्ष का नेता कोई रबर स्टैम्प नहीं है। उन्होंने कहा कि वे अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी से समझौता नहीं कर सकते और किसी भी पक्षपातपूर्ण प्रक्रिया या में भाग लेकर उसे वैधता नहीं दे सकते। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार लगातार सीबीआई का राजनीतिक उपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी कारण चयन समिति में विपक्ष के नेता की भूमिका सुनिश्चित की गई थी, लेकिन उन्हें प्रभावी भागीदारी से वंचित किया जा रहा है।

# युद्धविराम के बाद पाक ने की थी ईरान के एयरक्राफ्ट छिपाने में मदद

## रिपोर्ट: ईरान ने पाकिस्तान के साथ अफगानिस्तान भी भेजे अपने विमान, पाकिस्तान की सफाई-बातचीत के लिए आए थे

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान ने अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान ईरानी सैन्य विमानों को अपने एयरबेस पर जगह दी। यह दावा सीबीएस न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में किया है। रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि अप्रैल में सीजफायर के ऐलान के कुछ दिन बाद ईरान ने कई विमान पाकिस्तान एयरफोर्स के नूर खान एयरबेस भेजे। रिपोर्ट में कहा गया है कि भेजे गए विमानों में ईरानी एयरफोर्स का आरसी-130 विमान भी शामिल था। यह लॉकहीड सी-130 हरक्यूलिस ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट का खुफिया और निगरानी मिशन वाला वर्जन माना जाता है। दूसरी तरफ पाकिस्तान ने भी माना है कि ये विमान उसके एयरबेस पर पहुंचे थे। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, 'पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान युद्धविराम के दौरान आए थे और उनका किसी सैन्य अभियान से कोई संबंध नहीं है।'



**दावा: माहान एयर का एक विमान पहुंचा था काबुल**

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान ने कुछ नागरिक विमान अफगानिस्तान भी भेजे। एक अफगान सिविल एविएशन अधिकारी ने दावा किया कि माहान एयर का एक विमान युद्ध शुरू होने से पहले काबुल पहुंचा था। ईरानी एयरस्पेस बंद होने के बाद वह विमान काबुल एयरपोर्ट पर ही रुका रहा। मार्च में पाकिस्तान और तालिबान सरकार के बीच तनाव बढ़ने पर काबुल एयरपोर्ट पर हमले की आशंका बनी। इसके बाद तालिबान के सिविल एविएशन अधिकारियों ने माहान एयर के विमान को सुरक्षा कारणों से ईरान सीमा के पास हेरात एयरपोर्ट भेज दिया।

**ईरान और चीन को नाराज नहीं करना चाहता पाकिस्तान:** पाकिस्तान एक तरफ खुद को अमेरिका के सामने मध्यस्थ और स्थिरता लाने वाले देश के रूप में पेश कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ वह ईरान और चीन को नाराज करने से बचने की कोशिश कर रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले दशक में पाकिस्तान की चीन पर सैन्य निर्भरता काफी बढ़ी है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक स्टडी के मुताबिक 2020 से 2024 के बीच पाकिस्तान के 80 प्रतिशत बड़े हथियार चीन ने सप्लाई किए। पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान और अमेरिका के बीच 11-12 अप्रैल को इस्लामाबाद में पहले दौर की बातचीत हुई थी।

# आतंकवाद की रक्षा करने वाले देशों की छवि खराब होगी: भारत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान चीन के पाकिस्तान को समर्थन देने पर कहा कि आतंकवाद की रक्षा करने वाले देशों को दुनिया देख रही है कि वे खुद को किसके साथ जोड़ रहे हैं। उन्हें इस बात पर विचार करना चाहिए कि ऐसे काम से उनकी प्रतिष्ठा पर क्या प्रभाव पड़ता है। मंगलवार को विदेश मंत्रालय की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान उन रिपोर्ट्स का जिक्र हुआ, जिनमें चीन ने स्वीकार किया था कि उसने मई 2025 के सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को तकनीकी मदद दी थी। एमईए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस बारे में कहा कि हमने ऐसी रिपोर्टें देखी हैं जो इस बात की पुष्टि करती हैं।



**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान की मदद की**

# सीएम विजय षणमुगम से मिले, अन्ना द्रमुक में बगावत, 30 विधायक टूटे

## दावा: 30 बागी विधायक सरकार को देंगे समर्थन, एआईएडीएमके के कृष्णमूर्ति ने दी चेतावनी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** तमिलनाडु में एक बार फिर एआईएडीएमके बनाम एआईएडीएमके की जंग छिड़ गई है, क्योंकि विजय मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ ही दिनों बाद फ्लोर टेस्ट की तैयारी कर रहे हैं। नवनियुक्त मुख्यमंत्री ने मंगलवार को एआईएडीएमके विधायक सीवी षणमुगम के आवास का दौरा किया और बागी नेताओं से मुलाकात की। यह मुलाकात उस वक्त हुई जब बागी गुट ने उनकी पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) को अपना समर्थन देने की घोषणा की।

विधायक एसपी वेलुमणि और षणमुगम के नेतृत्व में लगभग 30 विधायक उस खेमे में बताए जा रहे हैं जो पार्टी की करारी हार के बाद पलानीस्वामी के नेतृत्व का विरोध कर रहे हैं। षणमुगम ने कहा कि वह टीवीके सरकार को समर्थन देने वाला पत्र विजय को सौंपेंगे।

उन्होंने कहा, 'हमने इस पार्टी की स्थापना डीएमके के विरोध में की थी। 53 वर्षों से हमारी राजनीति डीएमके के विरोध पर केंद्रित रही है। एक प्रस्ताव रखा गया था कि डीएमके के समर्थन से एआईएडीएमके सरकार बनाई जाए, जिसे हमारे अधिकांश सदस्यों ने खारिज कर दिया।' दूसरी ओर, एआईएडीएमके नेता एग्री एसएस कृष्णमूर्ति ने बागी विधायकों को चेतावनी देते हुए कहा कि पार्टी के निर्देश के खिलाफ काम करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, 'एआईएडीएमके ने अपने सभी विधायकों को बुधवार को विधानसभा में टीवीके के खिलाफ वोट करने का निर्देश दिया है।



### मुख्यमंत्री विजय का निर्णय: धार्मिक स्थलों और स्कूलों के पास की 717 शराब दुकानें होंगी बंद

**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनने के बाद विजय एक के बाद एक कड़े फैसले ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अब राज्य में धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों और बस स्टैंडों के पास चल रही 717 सरकारी शराब की दुकानों को बंद करने का आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, इन स्थलों के 500 मीटर के दायरे में आने वाली सभी दुकानों को हटाया जाएगा। तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (टास्मैक) को निर्देश दिया गया है कि अगले दो हफ्तों में इन चिन्हित दुकानों को बंद किया जाए। वर्तमान में राज्य में कुल 4,765 'टास्मैक' दुकानें हैं। नई नीति के तहत बंद होने वाली 717 दुकानों में धार्मिक स्थलों के पास की 276, शिक्षण संस्थानों के पास की 186 और बस स्टैंडों के पास की 255 दुकानें शामिल हैं। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद लिए गए इन फैसलों को राज्य में 'सामाजिक सुधार' की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### सीएम ने अपने ज्योतिषी राधन पंडित को ओएसडी बनाया

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने अपने भरोसेमंद साथी और निजी ज्योतिषी राधन पंडित वेट्रिवेल को राज्य सरकार में विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) नियुक्त किया है। वेट्रिवेल लंबे समय से विजय के करीब रहे हैं और माना जाता है कि विजय के राजनीतिक सफर के बड़े फैसलों में उनकी अहम भूमिका रही है। वेट्रिवेल वही ज्योतिषी हैं, जिनके सुझाव पर मुख्यमंत्री ने 10 मई को अपने शपथ ग्रहण का समय दोपहर 3:45 बजे से बदलकर सुबह 10 बजे किया था। वेट्रिवेल एक जाने-माने आध्यात्मिक गुरु हैं और उन्होंने चुनाव से काफी पहले ही विजय की जीत की भविष्यवाणी कर दी थी।

### टीवीके उम्मीदवार के विधायक बनने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक



फ्लोर टेस्ट से पहले मद्रास हाईकोर्ट ने टीवीके के उम्मीदवार आर. श्रीनिवासा सेतुपति को विधायक के तौर पर शपथ लेने से रोक दिया है। श्रीनिवासा सेतुपति ने तिरुपत्तूर सीट से चुनाव लड़ा था और उन्हें महज 1 वोट के अंतर से जीत हासिल हुई थी। सेतुपति को 83,375 वोट मिले थे, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी डीएमके उम्मीदवार के.आर. पेरियाकरुप्पन को 83,374 वोट मिले थे। पेरियाकरुप्पन ने इस मामूली अंतर को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, जिसके बाद कोर्ट ने सेतुपति की शपथ पर रोक लगा दी है।

### जेसीडी प्रभाकर सर्वसम्मति से तमिलनाडु विस के अध्यक्ष चुने



तमिलनाडु में तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) के विधायक जेसीडी प्रभाकर को मंगलवार को सर्वसम्मति से राज्य विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा की यह जिम्मेदारी है कि वह लोगों की अपेक्षाओं को योजनाओं और कानूनों में बदले। विजय ने कहा, 'यहां सभी समान हैं। विपक्षी सदस्यों और सत्ताधारी टीवीके द्वारा व्यक्त किए गए विचारों को समान महत्व दिया जाएगा।

# सनातन को खत्म किया ही जाना चाहिए: उदयनिधि

## तमिलनाडु विस में द्रमुक नेता का विवादित बयान

**चेन्नई, जेएनएन।** डीएमके नेता उदयनिधि ने एक बार फिर से कहा है कि सनातन धर्म को मिटाना ही चाहिए। इस बार उन्होंने ये बयान तमिलनाडु विधानसभा में सीएम विजय के सामने दिया। तमिलनाडु विधानसभा में नए बने मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय की मौजूदगी में भाषण देते हुए उदयनिधि ने कहा, 'लोगों को बांटने वाले सनातन धर्म को खत्म कर देना चाहिए।'



इससे पहले पिछली सरकार में डिप्टी सीएम रहे उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू-मलेरिया से की थी और कहा था कि जिस तरह इन बीमारियों को मिटाना चाहिए उसी तरह सनातन धर्म को भी खत्म किया जाना चाहिए। उदयनिधि के इस बयान पर तब खूब हंगामा हुआ था। इस मामले में उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया था। अब उन्होंने एक बार फिर से ये बयान दिया है। तमिलनाडु विधानसभा में मंगलवार को बतौर नेता प्रतिपक्ष बोलते हुए उदयनिधि ने कहा कि बतौर नेता प्रतिपक्ष तमिलनाडु विधानसभा में ये मेरी पहली पारी है। बता दें कि अभी-अभी खत्म हुए विधानसभा चुनाव में डीएमके को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। इसके बाद उदयनिधि को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। भाजपा के प्रवक्ता सीआर केसवन ने उदयनिधि के कमेंट पर तीखी प्रतिक्रिया दी और इसे जहरीला बकवास बताया। उन्होंने कहा, 'बार-बार गलती करने वालों को यह ध्यान रखना होगा कि तमिलनाडु के स्टेट सिंबल में एक मंदिर का गोपुरम है और तमिलनाडु के लोग अपनी आस्था और भावनाओं के इस तरह के खुलेआम गलत इस्तेमाल और अपमान को न तो भूलेंगे और न ही माफ करेंगे।'

# पुणे से आने और जाने वाली आठ ट्रेनें निरस्त, कुछ का मार्ग बदला

## मनमाड़ के पास चल रहा रेल लाइन दोहरीकरण का काम

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्य रेलवे के पुणे मंडल में दौंड़-मनमाड़ के बीच रेल लाइन के दोहरीकरण का काम चल रहा है। यह कार्य 16 से 18 मई तक जारी रहने की संभावना है। इसलिए रेलवे ने पुणे रूट की कुछ ट्रेनों को निरस्त और कुछ का मार्ग बदलने का निर्णय लिया है। नान इंटरलाकिंग कार्य के कारण भोपाल मंडल से होकर संचालित की जाने वाली कुछ गाड़ियां प्रभावित रहेगी जिसका विवरण इस प्रकार है।

### प्रारम्भिक स्टेशन से निरस्त ट्रेनें

1. गाड़ी संख्या 01415 पुणे-गोरखपुर स्पेशल 14 से 18 मई तक।
2. गाड़ी संख्या 01416 गोरखपुर-हडपसर स्पेशल 15 से 19 मई तक।
3. गाड़ी संख्या 01449 पुणे-दानापुर स्पेशल 16 एवं 17 मई।
4. गाड़ी संख्या 01450 दानापुर-हडपसर स्पेशल 16 एवं 17 मई।
5. गाड़ी संख्या 01924 वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई झांसी- हडपसर स्पेशल 16 मई को।
6. गाड़ी संख्या 01923 हडपसर- वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई झांसी स्पेशल 17 मई।
7. गाड़ी संख्या 02132 जबलपुर-पुणे स्पेशल 17 मई को।
8. गाड़ी संख्या 02131 पुणे-जबलपुर स्पेशल 18 मई को।

### गाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन

1. गाड़ी संख्या 12630 हजरत निजामुद्दीन-यशवंतपुर एक्सप्रेस 15 मई। को परिवर्तित मार्ग से चलेगी।
2. गाड़ी संख्या 17323 हुबली-बनारस एक्सप्रेस 15 मई।
3. गाड़ी संख्या 12627 बंगलुरु सिटी-नई दिल्ली एक्सप्रेस 15 से 17 मई को।
4. गाड़ी संख्या 11078 जम्मूतवी-पुणे एक्सप्रेस 14 से 16 मई को।
5. गाड़ी संख्या 20657 हुब्बल्ली-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस 15 मई को।
6. गाड़ी संख्या 20658 हजरत निजामुद्दीन-हुबली एक्सप्रेस 17 मई को।
7. गाड़ी संख्या 15030 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस 16 मई को।
8. गाड़ी संख्या 22685 यशवंतपुर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस 17 मई को।
9. गाड़ी संख्या 22590 हडपसर-बनारस एक्सप्रेस 16 से 18 मई तक।
10. गाड़ी संख्या 22589 बनारस-हडपसर एक्सप्रेस 14 से 16 मई तक।

# तलाक की खबरों से सुर्खियों में मौनी रॉय पति को सोशल मीडिया से किया अनफॉलो

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय तलाक की अफवाहों से चर्चा में हैं। इसी बीच मौनी रॉय ने सोशल मीडिया से पति को अनफॉलो कर तलाक की खबरों को और तेज कर दिया है। मौनी रॉय के तलाक की खबरें सोशल मीडिया से शुरू हुईं। सामने आया कि कपल को लंबे समय से एक-दूसरे के साथ पब्लिकली स्पॉट नहीं किया गया है। इसी बीच मौनी रॉय की सोशल मीडिया फॉलोविंग और फॉलोवर्स लिस्ट देखने से सामने आया कि वो पति सूरज नांबियार को फॉलो ही नहीं कर रही हैं। ठीक इसी तरह उनके पति भी उन्हें फॉलो नहीं करते। हालांकि ये साफ नहीं है कि ये सिलसिला पहले से चला आ रहा है या कपल ने हाल ही में एक-दूसरे को अनफॉलो किया है। इसके अलावा मौनी का इंस्टाग्राम अकाउंट खंगालने से सामने आया है कि उन्होंने पति के साथ पोस्ट की हुईं सभी तस्वीरें हटा दी हैं। 2024 तक उनके अकाउंट में पति की कोई तस्वीर ही नहीं है।

**2022 में हुई थी मौनी-सूरज की शादी**



मौनी रॉय ने 22 जनवरी 2022 में बिजनेसमैन सूरज नांबियार से गोवा में शादी की थी। ये शादी मलयाली रीति-रिवाजों से हुई। इसके बाद मौनी ने सोशल मीडिया पर पति के साथ वेकेशन की कई खूबसूरत तस्वीरें भी शेयर की थीं। साल 2025 में मौनी रॉय फिल्म भूतनी में नजर आई थीं। जल्द ही वो तमिल फिल्म विश्वंभरा में कैमियो करती दिखेंगी। इसके अलावा वो है जवानी तो इश्क होना है और द वाइव्स जैसी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।

# सुवेंदु अधिकारी के पीए मर्डर केस की जांच करेगी सीबीआई

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। सीबीआई ने केस अपने हाथ में लेते ही 7 मेंबर्स की स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई है। टीम की अगुआई डीआईजी रैंक के अधिकारी करेंगे। इस केस में अब तक बिहार और यूपी से 3 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को तीनों को नॉर्थ 24 परगना के बारासात कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। बंगाल चुनाव नतीजों के दो दिन बाद, 6 मई को नॉर्थ 24 परगना के मध्यमग्राम में 42 साल के चंद्रनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर ने उनकी कार रोककर कई राउंड फायरिंग की, जिसमें उन्हें सीने और पेट में तीन गोलियां लगीं।

**बंगाल के पूर्व मंत्री सुजीत को ईडी ने गिरफ्तार किया:** पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और टीएमसी नेता सुजीत बोस को नगर निगम भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को अरेस्ट किया। सुजीत अपने बेटे समुद्र बोस के साथ सुबह करीब 10 : 30 बजे ईडी ऑफिस पहुंचे थे। उनसे करीब 10 घंटे पूछताछ की गई, फिर रात को गिरफ्तार कर लिया गया। सुजीत बोस पर 2014-2018 के बीच साउथ दमदम नगर निगम में करीब 150 लोगों की अवैध भर्ती कराने का आरोप है। कहा जाता है कि सुजीत ने इसके बदले पैसे और फ्लैट लिए थे। सुजीत उस वक्त दमदम नगर पालिका के उपाध्यक्ष थे। सुजीत बोस हाल ही में विधानसभा चुनाव हार गए हैं।

**रिपोर्ट** — 1991 में गिरवी रखना पड़ा था सोना, अर्थव्यवस्था में सोने के 4 बड़े किस्से

# इंदिरा-चिदंबरम की भी थी अपील, सोना न खरीदें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इतिहास गवाह है कि जब-जब देश की अर्थव्यवस्था मुश्किल में फंसी, तब-तब सरकारों ने लोगों से सोना कम खरीदने की अपील की है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अपील ने एक बार फिर उसी बहस को जिंदा कर दिया है। अगर इतिहास के पन्ने पलटें तो यह कोई नई बात नहीं है। देश पहले चार बार भी ऐसे दौर देख चुका है, जब सोना अर्थव्यवस्था बचाने का हथियार बन गया था।



साल 1962 में चीन के साथ युद्ध के दौरान देश आर्थिक और सैन्य दोनों मोर्चों पर दबाव में था। उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने लोगों से राष्ट्रीय रक्षा कोष में पैसा और सोना दान करने की अपील की थी। उस दौर में इंदिरा गांधी ने खुद करीब 367 ग्राम सोने के गहने दान कर दिए थे। सरकार का कहना था कि यह सिर्फ सेना की मदद नहीं, बल्कि देश के भविष्य और सुरक्षा के लिए जरूरी कदम है। उस समय लोगों ने इस पहल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। चीन युद्ध और पाकिस्तान के साथ 1965 की लड़ाई के बाद भारत की आर्थिक हालत कमजोर हो चुकी थी।

भारत की आर्थिक कहानी का शायद सबसे मुश्किल अध्याय 1991 का माना जाता है। हालात इतने खराब हो चुके थे कि देश के पास सिर्फ कुछ हफ्तों का विदेशी मुद्रा भंडार बचा था। तब भारत सरकार ने रिजर्व बैंक के पास रखा सोना गिरवी रखने का फैसला लिया। पहले 20 टन सोने के बदले करीब 200 मिलियन डॉलर जुटाए गए। इसके बाद 47 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड भेजा गया। आज भी उस दौर को भारत की अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा संकट माना जाता है।

साल 2013 में यूपीए सरकार के समय देश का चालू खाता घाटा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था और इसकी बड़ी वजह भारी मात्रा में सोने का आयात माना जा रहा था। तब तत्कालीन वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने लोगों से सोना न खरीदने की अपील की थी। सोने के आयात शुल्क भी बढ़ाया था।

**पश्चिम एशिया संकट पर पवार बोले**

### मोदी सर्वदलीय बैठक बुलाएं

**मुंबई, जेएनएन।** शरद पवार ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संकट पर पीएम नरेंद्र मोदी से सर्वदलीय बैठक बुलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित के मामलों में सभी दलों को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करना जरूरी है। पवार ने एक्स पर लिखा - पीएम मोदी ने जनता से सोना न खरीदने और पेट्रोल-डीजल कम खर्च करने की अपील की है। इससे अर्थव्यवस्था पर लंबे समय तक असर पड़ सकता है। इन घोषणाओं से आम लोगों और कारोबारियों में बेचैनी बढ़ी है। ज्वेलरी काउंसिल का कहना है कि पीएम को उनसे बात करनी चाहिए थी। पीएम की अपील से उनकी रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा। दरअसल, पीएम मोदी ने लगातार दो दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील की।



# आशियाना उजड़ा तो छलका दर्द, कलेक्टर को सुनाई पीड़ा

**भोपाल।** राजधानी के कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में उस वक्त भावुक कर देने वाला दृश्य सामने आया, जब अयोध्या बायपास स्थित अर्जुन नगर बस्ती के विस्थापित बड़ी संख्या में अपना दुखड़ा लेकर पहुंचे। वर्षों से बसे घरों पर चले बुलडोजर और प्रशासन के वादों की हकीकत बयां करते हुए महिलाओं की आँखों से आंसू छलक पड़े। बाहर जमीन पर बैठी इन महिलाओं का एक ही सवाल था कि हम गरीब हैं, पर हमारा कसूर क्या है?




### वादा कान्हासैया का, भेज दिया 25 किमी दूर लालपुरा

अर्जुन नगर निवासी धन सिंह और रमेश ने बताया कि वे बीते 25-30 वर्षों से अयोध्या बायपास पर निवास कर रहे थे। सड़क चौड़ीकरण के नाम पर रविवार को प्रशासन ने उनके घरों को जमींदोज कर दिया। पीड़ितों का आरोप है कि अधिकारियों ने पहले उन्हें व्यवस्थित ढंग से कान्हासैया में शिफ्ट करने का आश्वासन दिया था, लेकिन हकीकत में उन्हें शहर से 25 किलोमीटर दूर लालपुरा गांव के एक खाली मैदान में छोड़ दिया गया। बस्ती वासियों ने बताया कि लालपुरा में न पानी की व्यवस्था है और न ही शौचालय की। भीषण गर्मी में बच्चे और बुजुर्ग बीमार हो रहे हैं। वहीं अर्जुन नगर में पुरुष मैकेनिक और मजदूरी का काम करते थे, जबकि महिलाएं आसपास की कॉलोनियों में काम कर जीविकोपार्जन करती थीं।



# कांस-2026: आलिया भट्ट का पहला लुक सामने आया

**फेस्टिवल में सेक्स वर्कर्स पर बनी भारतीय फिल्म दिखाई जाएगी, फ्रांस के फ्रेंच रिवेरा में 23 मई तक आयोजित होगा फिल्म फेस्टिवल**

**पेरिस, जेएनएन।** दुनियाभर का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल और कल्चरल इवेंट कांस मंगलवार से शुरू हो चुका है। ये 12-23 मई तक फ्रांस के फ्रेंच रिवेरा में आयोजित हो रहा है। आलिया भट्ट इस फेस्टिवल में शामिल होने फ्रांस पहुंच चुकी हैं। फ्रेंच रिवेरा के होटल मार्टिनेज के बाहर आलिया की पहली झलक सामने आई है।

तस्वीरों में आलिया कोर्सेट-स्टाइल प्रिंटेड बॉल गाउन में नजर आईं। इस ड्रेस की सबसे बड़ी खासियत इसका 'वाटर कलर' जैसा प्रिंट था। गाउन पर पेस्टल ग्रीन, ब्लू, लैवेंडर और हल्के पीले रंग के शेड्स थे, जो किसी गार्डन पेंटिंग जैसा अहसास दे रहे थे।

आलिया ने अपने इस लुक को काफी सिंपल और क्लासी रखा। फिलहाल इस ड्रेस के डिजाइनर के नाम का खुलासा नहीं हुआ है। आलिया कान्स 2026 में लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर शामिल हुई हैं। फेस्टिवल के आगाज के साथ जानिए, इस साल भारत के कौन से सेलेब्स रेड कार्पेट पर पहुंचेंगे, कौन सी फिल्में दिखाई जाएंगी, भारत की कांस में क्या अचीवमेंट्स हैं और क्या है कांस का भव्य इतिहास।

### ये इंडियन सेलेब्स कांस में हो रहे हैं शामिल

इस साल भारत से ऐश्वर्या राय, दीपिका पादुकोण, मौनी रॉय, अदिति राव हैदरी और एहसास चन्ना कांस के रेड कार्पेट में पहुंचेंगी। एक्ट्रेस तारा सुतारिया भी कांस रेड कार्पेट पर डेब्यू करने वाली हैं। आलिया भट्ट, लॉरियल पेरिस की तरफ से कांस में आई हैं। तभी से कयास लग रहे हैं कि उन्होंने ऐश्वर्या राय को रिप्लेस किया है।





### महाराष्ट्र का सांस्कृतिक विभाग नहीं ले रहा हिस्सा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में जनता से कम-से-कम ट्रेवल करने और कम तेल-ईंधन इस्तेमाल करने की अपील की है। यही वजह रही कि महाराष्ट्र का सांस्कृतिक विभाग अब कांस फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा नहीं ले रहा है। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने बताया कि पीएम मोदी की अपील के बाद विभाग का प्रतिनिधिमंडल अब कांस नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग में वाहनों का इस्तेमाल कम किया जाएगा और जरूरी बैठकों को वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया जाएगा।

### "ट्वीट ऑफ द डे"



भगवंत मान
सीएम पंजाब

अग्निवीरों के आरक्षण और चयन से जुड़े मानदंडों को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाना चाहिए। आरक्षण नीति की रूपरेखा समयबद्ध और व्यापक तरीके से तैयार की जानी चाहिए ताकि इन अत्यधिक प्रशिक्षित और अनुशासित युवाओं की सेवाओं का सर्वोत्तम उपयोग किया जा सके। देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों का प्रभावी पुनर्वास और उनकी क्षमताओं का उपयोग पंजाब के सामाजिक और आर्थिक विकास में किया जाएगा।

# मेट्रोपोलिटन में बढ़ा लोक परिवहन का दायरा सीहोर और रातापानी तक जाएंगी सिटी बसें

**भोपाल में सिटी बस के 26 नए रूट, ऑपरेटरों को चुकानी होगी डेढ़ गुना फीस, इंदौर-उज्जैन में भी बनाए 40 नए मार्ग**

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** भोपाल और इंदौर को मेट्रोपोलिटन रीजन के रूप में विकसित किए जाने के सरकार के फैसले के बाद सबसे पहला बदलाव परिवहन विभाग ने किया है। भोपाल में सिटी बसों के लिए 26 नए रूट तय कर दिए गए हैं, जिनका विस्तार सीहोर और रायसेन जिलों तक कर दिया गया है।

परिवहन विभाग ने अधिसूचना जारी करते हुए इसे लागू कर दिया है। भविष्य में मेट्रोपोलिटन एरिया के विस्तार को देखते हुए राजधानी और आस-पास के इलाकों में लोकल कनेक्टिविटी बढ़ाने का प्रयास है। नोटिफिकेशन के अनुसार भोपाल मेट्रोपोलिटन रीजन के लिए फिलहाल तय किए गए 26 रूट से ही अब सिटी बसों का संचालन किया जाएगा। इसमें सबसे लंबा रूट 68.5 किमी का सीहोर से रातापानी का तय किया गया है, जबकि सबसे छोटा रूट केवल 21.1 किमी का है जो कोच फैक्ट्री से बैरागढ़-चीचली के बीच होगा।

### ये अहम रूट हुए भोपाल के लिए तय

| रूट | स्थान | लंबाई | यहां से होकर जाएंगे वाहन |
|---|---|---|---|
| बी 25 | सूखी सेवनिया से भोजपुर | 49 | भानपुर, पीएचक्यू, रोशनपुरा, बंगरसिया |
| बी 26 | अटल विवि से बगरौदा कैंप | 50.6 | सूखी सेवनिया, पीएचक्यू, बोर्ड ऑफिस, बंगरसिया |
| बी 27 | अचारपुरा से बीडीए कॉलोनी | 32 | जगदीशपुर, नादरा बस स्टैंड, चेतक ब्रिज, रानी कमलापति |
| बी 28 | अचारपुरा से बिलकिसगंज | 41.8 | अरवलिया, मालवीय नगर, नीलबड़, रातीबड़ |
| बी 29 | परवलिया से औबेदुल्लागंज | 56.8 | एयरपोर्ट, लालघाटी, जवाहर चौक, 11 मील, मंडीदीप |
| बी 30 | सीहोर से रातापानी | 68.5 | बैरागढ़, लालघाटी, एमपी नगर, चूना भट्टी, बीमाकुंज |
| बी 31 | सीहोर से कटारा बाइपास | 53.7 | बैरागढ़, कमलापार्क, एम्स, बागमुगलिया |
| बी 32 | कोच फैक्ट्री से औबेदुल्लागंज | 41.3 | अशोक गार्डन, जिला अदालत, डीआरएम, सिमरई |
| बी 33 | फंदा से मंडीदीप | 65.3 | बैरागढ़, नई जेल, करोंद चौराहा, पिपलानी, मिसरोद |
| बी 34 | बिलखिरिया से सीहोर | 61.5 | एलएनसीटी, पिपलानी, बैरागढ़, पचामा |




### सिंहस्थ से पहले उज्जैन के 12, इंदौर के 28 नए रूट

भोपाल के अलावा इंदौर और उज्जैन भी मेट्रोपोलिटन रीजन के तहत विकसित किए जाने हैं। इसके अलावा उज्जैन में 2028 में होने वाले महाकुंभ के दौरान लगभग 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इनमें से आधे से अधिक सड़क मार्ग से आएंगे और सिटी बसों की यहां अहम भूमिका रहेगी। फिलहाल परिवहन विभाग ने उज्जैन में 12 नए रूट तय कर दिए हैं। अब इन्हीं रूट से सिटी बस ऑपरेट होंगी। इसके अलावा इंदौर में भी परिवहन विभाग ने 28 नए रूट फाइनल किए हैं। इन मार्गों के अलावा अन्य मार्गों से सिटी बसों का संचालन होने पर बस ऑपरेटर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इंदौर और उज्जैन में भी भोपाल की तर्ज पर नए रूटों के लिए सिटी बस ऑपरेटरों को अधिक फीस चुकानी होगी।

### नए रूटों पर 90 के बजाय 150 रुपए प्रति सीट होगा शुल्क

परिवहन विभाग की अधिसूचना के मुताबिक फिलहाल भोपाल और अन्य महानगरों में सिटी बस सर्विस के लिए तय लोकल रूट पर हर तीन माह में 90 रुपये प्रति सीट के हिसाब से परमिट फीस ली जाती है। मेट्रोपोलिटन एरिया के विस्तार और भोपाल की अन्य शहरों और नजदीकी कस्बों से कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए इन नए रूटों में से किसी एक को वाहन संचालक को चुनना होगा। इन सभी रूट के लिए हर तीन माह में प्रति सीट 150 रुपये के हिसाब से फीस परिवहन विभाग को चुकानी होगी। भोपाल के अलग-अलग इलाकों से अब सीहोर, पचामा, औबेदुल्लागंज, बिलकिसगंज, रातापानी, सिमरई, मुबारकपुर, कंकाली मंदिर आदि के लिए अब सीधे सिटी बसों का संचालन हो सकेगा। अभी भोपाल शहर में बीसीएलएल लगभग एक दर्जन रूट पर सिटी बसों का संचालन करती है, जबकि निजी ऑपरेटर सीहोर, औबेदुल्लागंज, बैरसिया आदि स्थानों से शहर के अलग-अलग इलाकों के लिए सिटी बस ऑपरेट करते हैं।

**30 लाख की वसूली के आरोप पर कोर्ट सख्त**

# तत्कालीन एसपी समेत चार पर डकैती का केस होगा दर्ज

**जागरण, ग्वालियर।** प्रदेश के गुना, नरसिंहपुर और इंदौर में वसूली के आरोपों से घिरी पुलिस के लिए ग्वालियर में नई मुसीबत खड़ी हो गई है। ग्वालियर की विशेष सत्र अदालत ने तत्कालीन एसपी राजेश चंदेल, तत्कालीन थाटीपुर थाना प्रभारी सुरेंद्र नाथ सिंह, एसआई अजय सिंह और हवलदार संतोष वर्मा के खिलाफ डकैती, लूट के अलावा साजिश रचने का केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने सभी आरोपियों को 22 जून को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए समन जारी किया। मामला दो साल पहले वर्ष 2024 का है। शिकायतकर्ता अनूप राणा ने कोर्ट में आरोप लगाया था कि पुलिसकर्मियों ने उसके परिवार से करीब 30 लाख की अवैध वसूली की। कोर्ट में पिछले दो साल से केस सुनवाई में था, जिस पर यह आदेश सुनाया गया। शिकायतकर्ता पक्ष के अधिवक्ता अशोक प्रजापति ने उक्त आदेश की पुष्टि की है। शिकायतकर्ता पक्ष के मुताबिक, अनूप राणा के भाई पर थाटीपुर थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज था, जिसमें फरियादी से समझौता हो चुका था। इसके बावजूद पुलिस ने पहले पांच लाख रुपए लिए और बाद में और पैसों की मांग करने लगी। कोर्ट में दी गई दलील के अनुसार, तत्कालीन थाना प्रभारी सुरेंद्र नाथ सिंह के इशारे पर हवलदार संतोष वर्मा ने अनूप राणा के घर से 9.50 लाख रुपए और मामले से जुड़ी एक महिला आरोपी के घर से 15 लाख रुपए लिए।



### एसपी से की थी लिखित शिकायत

अनूप राणा ने जब तत्कालीन एसपी राजेश चंदेल से इसकी लिखित शिकायत की, तो कार्रवाई करने के बजाय मामला दोबारा थाटीपुर थाने भेज दिया। आरोप है कि पुलिस ने बाद में अनूप राणा को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने साल 2024 में अदालत का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने थाटीपुर थाने के सीसीटीवी फुटेज मांगे थे। इस पर पुलिस की ओर से दलील दी गई कि 3 जनवरी 2024 से पहले के फुटेज डिलीट हो चुके हैं। कोर्ट ने इस जवाब पर सख्त नाराजगी जताई। मामले में रेडियो एसपी की जांच का भी जिक्र सामने आया, जिसमें थाने के स्टाफ को पहले ही कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके थे। अदालत ने इसे भी रिकॉर्ड पर लिया।

### आरोप: पुलिस ने आरोपियों को बचाया

पुलिस का दावा है कि यह मामला नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह की जांच से जुड़ा है और अनूप राणा व उसका भाई उसी रैकेट का हिस्सा थे। वहीं, अनूप राणा का कहना है कि वह खुद ठगी का शिकार हुआ था और अपने भाई की मदद के लिए थाने पहुंचा था, लेकिन पुलिस ने उसे ही आरोपी बना दिया। आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों को बचाते हुए उससे और उसके भाई से लाखों रुपए वसूले।

## संक्षिप्त खबरें

### छह महीने बाद मां को मिली डेढ़ साल की बेटी

**जागरण, धार।** जिले के सरदारपुर में पुलिस ने एक मां को उसकी डेढ़ साल की बेटी से मिलाया। महिला अपनी बेटी से पिछले छह माह से अलग थी। पुलिस ने यह कार्रवाई धार एसपी कार्यालय में शिकायत मिलने के महज चार घंटे के भीतर की। ग्राम रूपारेल निवासी पूजा ने एसपी ऑफिस पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। पूजा ने बताया कि उसके पति विष्णु ने लगभग छह माह पहले मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। पति ने उनकी डेढ़ साल की बेटी को अपने पास रख लिया था। घर से निकाले जाने के बाद पूजा अपने मायके लेड़गांव चली गई थी। बेटी के बिना उसका जीवन कठिन हो गया था और वह हर दिन बच्ची को याद करती थी, उसने कई बार बच्ची को वापस लाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सकी। इसके बाद उसने एसपी से मदद मांगी। एसपी सचिन शर्मा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सरदारपुर एसडीओपी विश्वदीप सिंह परिहार को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद अमझेरा थाना प्रभारी राजू मकवाना ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया और उनसे बातचीत की। पूछताछ के दौरान यह भी सामने आया कि महिला के पति ने दूसरी शादी कर ली है। पुलिस अफसरों ने पति को समझाया कि इतनी छोटी बच्ची को उसकी मां से अलग रखना उचित नहीं है। शुरुआती आनाकानी के बाद, पति बच्ची को उसकी मां को सौंपने के लिए सहमत हो गया। छह माह बाद अपनी बेटी को पाकर मां भावुक हो गई और उसने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### अल्लाह पर अभद्र बातों से मुस्लिम समाज हुआ नाराज

**नगर संवाददाता, भोपाल।** दो दिन पहले गोविंदपुरा की होटल में पकड़ाए एक युवक की पिटाई के दौरान अल्लाह पर अभद्र टिप्पणी को लेकर शहर काजी ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। शहर काजी ने पुलिस कमिश्नर से अल्लाह के बारे में अभद्र टिप्पणी कर धार्मिकभावनाएं भड़काने के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी मंगलवार को आक्रोशित युवाओं के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने पुलिस कमिश्नर को बताया कि दो दिन पहले गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में एक मुस्लिम युवक एक हिंदू युवती के साथ होटल में पकड़ाया था। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पिटाई कर युवक पर गोबर मल दिया और अर्द्धनग्न कर उसका जुलूस निकाला। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में बजरंग दल के कार्यकर्ता मुस्लिम युवक की पिटाई करते समय अल्लाह के बारे में बार बार अशोभनीय बातें बोल रहे हैं। वीडियो देख मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने शहर काजी के दफ्तर पहुंचकर नाराजगी जताई और दोषियों पर कार्रवाई के लिए प्रदर्शन किया। युवाओं की नाराजगी इस बात से थी कि पुलिस ने पहचान होने के बाद भी अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया है।

# रतलाम में साल का सबसे गर्म दिन, 46.5 डिग्री पहुंचा पारा, एमपी के तीन जिलों में लू

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में गर्मी एक बार फिर रौद्र रूप में आ चुकी है। मंगलवार को रतलाम में साल का सबसे गर्म दिन रिकार्ड किया गया। यहां दिन का अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री रहा। जो कि इस साल का सबसे बड़ा आंकड़ा है। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार रतलाम, झाबुआ और धार में अत्यधिक गर्मी रिकार्ड की गई है। यहां मंगलवार को लू का असर भी रहा। राजस्थान की तरफ से आने वाली गर्म हवाओं के कारण इस क्षेत्र में ज्यादा गर्मी पड़ रही है। आने वाले दिनों में इस क्षेत्र के साथ साथ मालवा और निमाड़ में भी गर्मी बढ़ने की संभावना है।

**भोपाल में 44 पार जा सकता है पारा:** मौसम विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक मंगलवार को राजधानी भोपाल में दिन का अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री रहा। हालांकि इससे पहले भी भोपाल में पारा 42 से 43 डिग्री के बीच पहुंच चुका है। इस बार गर्मी के तेवर और भी ज्यादा बढ़ने की संभावना है। अगले पांच दिन में दिन का पारा 2 से 4 डिग्री की बढ़त ले सकता है। यदि ऐसा हुआ तो शहर का अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री के बीच पहुंच सकता है। मंगलवार को एक तरफ जहां रतलाम में आसमान से आग बरस रही थी, वहीं दूसरी ओर ग्वालियर में राहत की बारिश हुई। जानकारी अनुसार दिन में बारिश से ग्वालियर का मौसम सुहाना हो गया। उधर, निवाड़ी जिले के बीजौर में तेज आंधी और बारिश के साथ ओले गिरे। टेहरका में भी तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। ग्वालियर में शाम को तेज हवाएं चलीं। पानी भी गिरा। बालाघाट में 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट है।

# बार काउंसिल चुनाव: तीखी तपन में भी 62 प्रतिशत से अधिक वकीलों ने डाले वोट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद (बार काउंसिल) के सदस्य पदों के चुनाव के लिए मंगलवार को वोट डाले गए। भोपाल जिला न्यायालय परिसर में वोटिंग को लेकर सुबह से ही वकीलों में खासा उत्साह देखा गया। तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप के बावजूद सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान केंद्रों पर मतदान के लिए वकीलों की लंबी कतारें लगी रहीं। भोपाल में पंजीकृत कुल 6,288 अधिवक्ताओं में से 3,921 ने मंगलवार को मतदान के जरिए टॉप 25 उम्मीदवारों के नाम चुने। भोपाल में लगभग 62.35 फीसदी वकीलों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव के लिए प्रदेश भर से कुल 122 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें से 20 प्रत्याशी भोपाल के हैं। चुनाव के जरिए 18 पुरुष और 7 महिला सदस्यों का चयन किया जाना है।

**गर्मी पर भारी पड़ी चुनावी सरगर्मी:** राजधानी में दोपहर में तापमान 40 डिग्री के पार हो गया था, लेकिन अधिवक्ता अपने मताधिकार के लिए लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। गर्मी को देखते हुए कोर्ट में बने मतदान केंद्र के बाहर कतार वाले कॉरिडोर में टेंट लगाया गया था। इस दौरान तीखी तपन में सीनियर एडवोकेट्स से लेकर महिला अधिवक्ताओं में भी भारी जोश देखा गया। इस दौरान 75 साल के वरिष्ठ अधिवक्ता यशपाल आहूजा और 70 साल के पीडी मिश्रा जैसे सीनियर वकीलों ने भी मतदान किया। इस दौरान सबसे अधिक उत्साह पहली बार वोट डालने वाले युवा अधिवक्ताओं में देखा गया।



### कांटे की टक्कर, दिन भर रही गहमागहमी

भोपाल में इस बार जो अधिवक्ता बार काउंसिल के चुनाव में तकदीर आजमा रहे हैं, उनमें डॉ. विजय कुमार चौधरी, राजेश व्यास, महबूब अंसारी, डॉ. पीसी कोठारी और भानु प्रताप के नाम प्रमुख हैं। मुख्य मतदान अधिकारी एडीजे मनोहर लाल पाटीदार ने बताया कि चुनाव की प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार और हाई पावर कमेटी की निगरानी में संपन्न कराई गई है। मतदान को देखते हुए पुलिस ने भी अदालत परिसर के भीतर और बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।

### मप्र स्टेट बार काउंसिल चुनाव: प्रदेश भर में 65% हुआ मतदान

**जबलपुर।** स्टेट बार काउंसिल की नवीन कार्यकारिणी के लिए मंगलवार को सुबह 10 से शाम 05 बजे तक मतदान हुआ। जबलपुर के दो सहित राज्य के 250 मतदान केंद्रों में अधिवक्ताओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान का कुल प्रतिशत 65 रहा। कुल मतदाताओं की संख्या 87 हजार के करीब थी। शांतिपूर्ण मतदान के साथ ही 98 पुरुष व 24 महिलाओं को मिलाकर 122 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में कैद हो गया। मतपेटियों को पूरी सुरक्षा के साथ स्ट्रांग रूम में चुनाव अधिकारियों की मौजूदगी में रखवाया गया। दरअसल, इस चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने पिछले कई माह से प्रचार-प्रसार शुरु कर दिया था। नामांकन प्रकिया के बाद 122 प्रत्याशी मैदान में थे, जो कि 23 सदस्यों का चयन करेंगे।

**खोज** आईआईटी इंजीनियर ने बनाया अनोखा डिवाइस, स्टार्टअप इंडिया में शामिल है 'सब्जी कोठी'

# अब बिना बिजली के 30 दिन ताजी रहेंगी सब्जियां

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आम तौर पर हम घरों में सब्जियों को ताजा रखने के लिए फ्रिज का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन गांवों में बिजली की समस्या और महंगे बिजली बिल से लोग परेशान होते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए बिहार के भागलपुर के रहने वाले एक आईआईटी ग्रेजुएट निक्की कुमार झा और उनकी बहन रश्मि झा ने सब्जीकोठी नाम का एक डिवाइस बनाया है। यह डिवाइस को एक तरह का फ्रिज ही समझा जा सकता है, जो कि बिना बिजली या बर्फ के सब्जियों को 30 दिन तक ताजा रख सकता है। यह एग्री-टेक इनोवेशन फसलों की शेल्फ-लाइफ को कई गुना बढ़ा देता है।

दरअसल एथिलीन गैस की वजह से ही सब्जियां और फल जल्दी पकती और सड़ती हैं। इस गैस को कंट्रोल करके यह डिवाइस सब्जियों की शेल्फ लाइफ बढ़ाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस डिवाइस में सब्जियां 3 से 30 दिन तक फ्रेश रह सकती हैं।

यह बात इसे भारत के दूरदराज के गांवों के लिए परफेक्ट बनाता है जहां बिजली की सप्लाई आज भी एक बड़ी चुनौती है। सब्जीकोठी की एक खासियत और है कि एक आम फ्रिज की तुलना में इसकी क्षमता 10 गुना ज्यादा होती है। यह डिवाइस सेल्फ-असेंबल है और सप्तकृषि डाट काम से खरीदा जा सकता है। इसे आसानी से खोलकर एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है। इसके अलावा इसे किसी भी ई-रिक्शा या ठेले पर रखकर सीधे मंडी तक ले जाया जा सकता है।



### एथिलीन गैस को नष्ट कर देता है डिवाइस

सब्जीकोठी का काम भले फ्रिज वाला है लेकिन फ्रिज की टेक्नोलॉजी से काफी जुदा है। दरअसल यह डिवाइस एक कंट्रोल्ड एटमॉस्फियर तैयार करता है। इसकी टेक्नोलॉजी कुछ ऐसी है कि यह पानी को ऑक्सीडाइज करके कार्बन डाइऑक्साइड, हाइड्रोजन और वाष्प में बदल देता है। इसके साथ ही यह डिवाइस फसलों से निकलने वाली एथिलीन गैस को नष्ट कर देता है।

### फ्रिज के मुकाबले क्यों बेहतर?

कृषि वेबसाइट के मुताबिक, इस तकनीक की खासियत है कि यह सौर ऊर्जा पर चलता है। सब्जीकोठी मुख्य रूप से पानी की मदद से काम करता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके लिए सिर्फ 1 लीटर पानी काफी रहता है।

### निक्की को मिल चुका है अवार्ड

इस सब्जी कोठी को केंद्र सरकार ने स्टार्टअप इंडिया में भी शामिल कर चुका है। निक्की झा की सब्जी कोठी के आविष्कार को दिल्ली के विज्ञान भवन में यूथ अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। निक्की को यह अवार्ड केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिया था, जिसके बाद सब्जी कोठी बिहार ही नहीं पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दें कि निक्की झा इससे पहले भी कई बड़े सफल प्रयोग कर चुके हैं। सब्जी कोठी के लिए उन्हें सोशल आब्जेक्टिवस लीड वॉलेंटियर इंटरप्राइज डेवलपमेंट (एसओएलवीइडी) चैलेंज अवार्ड दिया जा चुका है। निक्की झा का पूरा परिवार और गांव अपने लाल के अविष्कार से खुश है।

# शिफ्ट होंगी ईंटखेड़ी और अवधपुरी की शराब दुकानें, एक माह का अल्टीमेटम

**भोपाल।** ईंटखेड़ी और अवधपुरी स्थित शराब दुकानों को शिफ्ट करने के लिए आबकारी विभाग ने ठेकेदारों को नोटिस जारी कर दिया है। सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र धाकड़ ने दोनों दुकानों के ठेकेदारों को नोटिस जारी कर उन्हें एक माह के भीतर नई दुकान खोजकर वहाँ वाइन शॉप शिफ्ट करने को कहा है। इन दुकानों को लेकर आम जनता के साथ जनप्रतिनिधियों ने भी विरोध जताते हुए शराब दुकानों को हटाने की मांग की थी। इस संबंध में कलेक्टर और आबकारी अधिकारियों से विधायक और सांसद ने चर्चा भी की थी। इस साल शराब ठेकों के दौरान यह दावा किया गया था कि इन दोनों दुकानों को नए स्थानों पर ही संचालित किया जाएगा, लेकिन टेंडर के बाद फिर से दुकानें उसी जगह शुरू होने के बाद से लगातार विरोध प्रदर्शन का दौर जारी था। भोपाल के अवधपुरी और ईंटखेड़ी में रहवासी इलाकों के पास शराब दुकानें खोलने के खिलाफ निवासियों का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है।

# सेमरिया में बिना विशेषज्ञ के चल रहा पोषण पुनर्वास केंद्र, स्टाफ नर्स कर रहीं इलाज

## नौनिहालों का कैसे मिटेगा कुपोषण

**सेमरिया, नि.प्र.।** शासन द्वारा कुपोषित बच्चों को नया जीवन देने के लिए लाखों रुपये खर्च कर पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित किए जा रहे हैं लेकिन सेमरिया स्थित केंद्र खुद बीमार नजर आ रहा है। सेमरिया वासियों ने संवाददाता को बताया कि विडंबना यह है कि यहाँ भर्ती होने वाले अति कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए एक भी शिशु रोग विशेषज्ञ तैनात नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि विशेषज्ञों के बिना इन मासूमों को सुपोषित करने का दावा कैसे पूरा होगा?




## स्टाफ नर्सों के कंधों पर उपचार की जिम्मेदारी

नियमों के मुताबिक केन्द्र में भर्ती बच्चों की चौबीस घंटे निगरानी और उनके स्वास्थ्य की बारीकी से जांच के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर का होना अनिवार्य है। लेकिन सेमरिया कुपोषण पुर्नवास केन्द्र में विशेषज्ञ के अभाव में केवल डॉक्टरों या स्टाफ नर्सों के भरोसे ही काम चलाया जा रहा है। गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को अक्सर संक्रमण, निमोनिया और पाचन संबंधी जटिलताएं होती हैं, जिनका उपचार बिना विशेषज्ञ के करना जोखिम भरा हो सकता है।

## सुविधाएं हैं, पर विशेषज्ञ नदारद

केंद्र में बच्चों के लिए बेड, खिलौने और पौष्टिक आहार की व्यवस्था तो कागजों पर दुरुस्त है, लेकिन जब बात चिकित्सा परामर्श की आती है, तो सन्नाटा पसर जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि इलाज के अभाव में माताएं बच्चों को भर्ती कराने से कतरा रही हैं। गंभीर स्थिति होने पर बच्चों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है, जिससे गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है।

## जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

जब इस संबंध में स्थानीय स्वास्थ्य प्रबंधन से संवाददाता द्वारा बात की गई, तो उनका वही पुराना राग था, पदों की कमी है, उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन सवाल यह है कि जब तक पद नहीं भरे जाते, तब तक क्या इन बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ होता रहेगा? कुपोषण मुक्त भारत का सपना केवल दीवारों पर पेंटिंग बनाने से पूरा नहीं होगा। इसके लिए केंद्रों पर डॉक्टरों की उपलब्धता पहली शर्त है। अगर प्रशासन जल्द ही यहाँ शिशु रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं करता, तो सेमरिया का यह पोषण केंद्र मात्र एक भोजन केंद्र बनकर रह जाएगा, जहाँ बच्चे सुपोषित होने के बजाय केवल समय बिताकर लौटेंगे। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीनस्थ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीड़ा में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की तैनाती की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन इस समय पूरी तरह से स्वास्थ्य के प्रति उदासीन होकर जिला के अंदर आने वाली सामुदायिक स्वास्थ केंद्रों का संचालन कर रहा है। स्थानीय लोगों ने कलेक्टर से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में हो रही लापरवाही एवं विसंगतियों को दूर करने की अपील की है।

# गुढ़ क्षेत्र की कम्पोजिट शराब दुकानों में मची लूट

## प्रिंट रेट से ज्यादा दाम पर बिक रही शराब




**गुढ़ (नि. प्र)।** रीवा जिले के गुढ़ नगर सहित पुरवा, मनिकवार और दुआरी क्षेत्र में संचालित कम्पोजिट शराब दुकानों पर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। स्थानीय लोगों और ग्राहकों ने संवाददाता को बताया कि शराब की बोतलें निर्धारित प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर बेची जा रही हैं, लेकिन लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। बीते कई दिनों से सोशल मीडिया पर शराब दुकानों के वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। वायरल वीडियो में ग्राहक अधिक पैसे वसूले जाने का आरोप लगाते दिखाई दे रहे हैं। हालाकि दैनिक जागरण अखबार ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। लोगों का कहना है कि दुकान संचालक मनमाने दाम वसूल रहे हैं और विरोध करने पर ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। स्थानीय नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया है कि शराब दुकानों में बिक्री का कोई निर्धारित समय नहीं है और देर रात से लेकर चौबीस घंटे तक शराब बेची जा रही है। इससे क्षेत्र का माहौल भी प्रभावित हो रहा है और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब शासन द्वारा शराब बिक्री के स्पष्ट नियम तय किए गए हैं, तब इन नियमों का पालन क्यों नहीं कराया जा रहा। शराब की प्रत्येक बोतल पर प्रिंट रेट अंकित होने के बावजूद ग्राहकों से अतिरिक्त राशि वसूलना उपभोक्ता अधिकारों का सीधा उल्लंघन माना जा रहा है। लोगों का आरोप है कि शराब माफिया और ठेकेदारों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि उन्हें प्रशासनिक कार्रवाई का कोई भय नहीं रह गया है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि मिलीभगत और कमीशनखोरी के चलते जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं, जिसके कारण शिकायतों और वायरल वीडियो के बाद भी संबंधित ठेकेदारों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर शराब दुकानों पर छापामार कार्रवाई की जाए तथा प्रिंट रेट से अधिक वसूली करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही वायरल वीडियो की सत्यता की जांच कर दोषियों के लाइसेंस निरस्त करने की मांग भी उठाई जा रही है।

# भाजपा जिला संगठन की बैठक आज

**मऊगंज ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी जिला मऊगंज की मासिक जिला बैठक आज 13 मई को दोपहर 12 बजे भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मऊगंज में होगी, जिसमें संगठन के संभाग प्रभारी विजय दुवे , जिला के प्रभारी शशांक श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा, सांसद जनार्दन मिश्रा, देवतालाब विधायक गिरीश गौतम, मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल, जिला पदाधिकारियों मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को संगठन के ढाँचे को मजबूत करने और मंडल, शक्ति केंद्र के साथ बूथ स्तर तक अनुशासन में रह कर कार्य करने की प्रेरणा देंगे। उक्त जानकारी मऊगंज जिला के जिला मीडिया प्रभारी अजय मिश्रा ने दी।

# लंबित कार्यवाही से जवा के 338 सहायक अध्यापक नहीं बन पाए प्राथमिक शिक्षक

**जवा ब्यूरो।** रीवा जिला अंतर्गत विकासखण्ड जवा के लगभग 338 सहायक अध्यापकों की प्राथमिक शिक्षक पद पर नियुक्ति की कार्यवाही प्रचलन में है। संदर्भित पत्र के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी रीवा द्वारा पत्र जारी कर संकुलों से फाइल नस्ती मंगवाई जाकर गठित जिला अंतरिम कमेटी द्वारा जांच कराई जाकर जिला स्तरीय गठित जिला पात्रता समिति के समक्ष16 मई 2025, 09 जून 2025,एवं 16 जुलाई 2025 को बैठक में प्रस्तुत किया जा चुका हैं। उक्त बैठकों में लगाई गई आपत्तियों की पूर्ति की जाकर पुनः फाइल 29 अक्टूबर 2025 को प्रस्तुत की गई थी जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा द्वारा यह प्रक्रिया इस आशय के साथ रोक लगाया गया है कि सहायक अध्यापक संवर्ग का प्रथमिक शिक्षक संवर्ग मे नियुक्ति नई नियुक्ति है। जिस पर अध्यापक संगठन उप मुख्यमंत्री से अपनी व्यथा सुनाई, और कार्यवाही पूर्ण करने हेतु सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया गया जिस पर पुनः समिति गठित की गई और आज तक समिति के प्रतिवेदन उपरांत भी कार्यवाही बाधित है। जिससे जवा के सैकड़ों सहायक अध्यापकों का भविष्य अधर में लटका हुआ है और फाइलों में इस कार्यालय से उस कार्यालय तक घूमती नजर आ रही है लेकिन अभी तक इनका सम्बिलियन राज्य शिक्षा सेवा में नहीं हो सका है। ये सभी शिक्षक मानसिक रूप से प्रताणित किए जा रहे है, कोई निर्णय आज तक संभव नहीं हो पाया है। जिनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है जबकि जिले के अन्य ब्लॉकों रीवा, मऊगंज,त्यौंथर, सिरमौर, गंगेव के सहायक अध्यापकों का वर्ष 2018 में शासनादेश के अनुक्रम में प्राथमिक शिक्षक पद पर नियुक्ति हो चुकी हैं। विशेष न्यायालय रीवा का लंबित फैसला 10जून 24 को आ चुका है तथा धारा 119 के तहत इन्हें निर्दोष पाया गया है।1998 से कार्यरत इन कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई गई है और बाधित कार्यवाही जल्द पूर्ण कराए जाने की अपील की गई है। जिले के कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया गया है।

# त्योंथर एवं जवा क्षेत्र के थानों में नहीं की जा रही है महिला निरीक्षक एवं उप निरीक्षक की पदस्थापना

## महिला अपराध की विवेचना के लिए बाहर से बुलाना पड़ता है विवेचक

**चाकघाट, नि.प्र.।** शासन और प्रशासन में भी महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित रहती है किंतु त्योंथर एवं जवा पुलिस अनुभाग क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक पुलिस थाना एवं उनकी कई चौकियां के होने के बावजूद भी इस क्षेत्र में एक भी महिला निरीक्षक एवं उप निरीक्षक की तैनाती नहीं की जा रही है जिसके कारण महिलाओं से संबंधित अपराध की रोकथाम एवं मामले की विवेचना करने के लिए रीवा से महिला विवेचक को बुलाया जाता है।

**इन थानों एवं चौकियों में नहीं की गई है महिला अधिकारियों की पदस्थापना :** ग्रामीणों ने संवाददाता को बताया कि इस क्षेत्र में घटने वाली तमाम घटनाएं ऐसी होती हैं जिसकी विवेचना मात्र महिला पुलिस अधिकारी ही कर सकती हैं किंतु यहां के पुलिस थाना चाकघाट, थाना सोहागी, थाना जनेह, थाना जवा, थाना अतरैला,थाना पनवार, थाना डभौरा, पुलिस चौकी त्योंथर, पुलिस चौकी सोनौरी, पुलिस चौकी गढ़ी, एवं जवा अनुभाग की पुलिस चौकियों में एक भी महिला निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक की तैनाती नहीं की गई है। इस अंचल में जब भी महिला को थाना प्रभारी बनाया गया है तो उसकी व्यवस्था, ईमानदारी और अपराध नियंत्रण की कार्यशैली आम लोगों की दृष्टि में सराहनी रहती रही है। किंतु उसे शीघ्र ही यहां से हटा दिया जाता है। पता चला है कि वर्तमान स्थिति यहां की ऐसी है कि तराई अंचल के अनुभाग त्योंथर एवं जावा में एक भी महिला निरीक्षक एवं उप निरीक्षक की पदस्थापना नहीं की जा रही है जिसके चलते यहां विवेचना एवं महिलाओं से संबंधित अपराध को रोकथाम करने की व्यवस्था नहीं बन पा रही है। बताया जाता है कि जब किसी महिला संबंधी अपराध में महिला विवेचक की जरूरत होती है तो 80 किलोमीटर दूर रीवा से विवेचक को बुलाया जाता है जो दूरी के कारण यहां विवेचना के नाम पर खानापूर्ति तक ही सिमट कर रह जाती है।

**ग्रामीणों ने की आधे दर्जन पुलिस थानों में महिला अधिकारियों की पदस्थापना की मांग :** ग्रामीणों ने जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से इस और ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की है कि त्योंथर एवं जावा अनुभाग के आधा दर्जन से अधिक थाना क्षेत्र में महिला निरीक्षक एवं उप निरीक्षक के अभाव को दूर किया जाए। जिससे महिलाओं के साथ घटित होने वाली अपराधिक घटनाओं की निष्पक्ष जांच एवं विवेचना समय पर की जा सके। महिला विवेचन के अभाव के कारण लंबित होने वाले मामलों के संदर्भ में यहां के पुलिस अधिकारी एवं न्यायालय स्तर पर भी चिंता व्यक्ति की जा चुकी है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमलिहा में जन आरोग्य समिति की बैठक में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने पर दिया जोर



**गुढ़ (नि. प्र)।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जरहा के ग्राम अमलिहा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जन आरोग्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं समिति सदस्य अरुण सिंह ने की। बैठक में सरपंच शिवेंद्र सिंह जरहा, शिवधर द्विवेदी, डॉक्टर रावेंद्र पटेल सहित समिति के सदस्य, एएनएम, कंपाउंडर एवं अस्पताल कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में अस्पताल में संचालित योजनाओं एवं शासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान अस्पताल परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण, कंक्रीट सड़क, रैबीज इंजेक्शन की उपलब्धता, इनवर्टर, वाटर कूलर, आउटसोर्स कर्मचारियों के मानदेय, सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा प्रसूता महिलाओं को मिलने वाली सहायता राशि एवं भोजन व्यवस्था के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही पुस्तिका में प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अरुण सिंह ने कहा कि अस्पताल में शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सही तरीके से पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं के लिए क्षेत्रीय विधायक से चर्चा कर शासन स्तर पर प्रयास किए जाएंगे, ताकि स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध हो सकें।

# नरेश गुप्ता को नगर कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना निवासी नरेश गुप्ता टाइल्स वाले को नगर कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया। नरेश गुप्ता ने हर्ष जताते हुए कहा कि उनके द्वारा इस दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से किया जाएगा । नगर कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर गुप्ता ने मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व विधायक सुख सिंह बन्ना का आभार व्यक्त किया । कांग्रेस नगर अध्यक्ष नरेश गुप्ता को बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी व्याप्त हैं। जिसमें प्रमुख रूप से अरजेंद्र गुप्ता, सोनू बैग हाउस, निलेश केसरी बच्चा भैया, श्याम जी गुप्ता, अनूप ग, सोनू मेडिकल हाउस, प्रकाश दुलीचंद गुप्ता, शंकर लाल कोटेदार, रमाशंकर गुप्ता गल्ला वाले, नरोत्तम पान वाले, लकी ट्रेडर्स, राजकुमार गुप्ता टाल वाले, अभिमन्यु गुप्ता टाल वाले,अभिमन्यु गुप्ता एसबीआई बैंक, केशव गुप्ता, शरद मोबाइल, खटखरी मंडलम अध्यक्ष राजू गुप्ता, दिलीप गुप्ता, राजेश गुप्ता, छोटू हलवाई कोषाध्यक्ष रमेश फौजी, टिंकल गुप्ता, मद्रासी गुप्ता आदि नगर के समाजसेवियों ने खुशी जाहिर की है।



# मऊगंज जिले में गौशाला पर दबंगों का हमला, मारपीट के बाद लूट और आगजनी



## बाल-बाल बचे गौवंश

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले के अमोखर गांव स्थित गौशाला में देर रात दबंगों पर जमकर उत्पात मचाने के आरोप लगे हैं। संवाददाता को ग्रामीणों बताया कि आरोपियों ने गौशाला कर्मचारियों के साथ मारपीट कर गौशाला की चाबी और 15 हजार रुपये नकद लूट लिए। इसके बाद तार फेंसिंग और गौशाला का बोर्ड तोड़ते हुए गौशाला में आग लगा दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना में गौवंश बाल-बाल बच गए। समय रहते आग बुझाए जाने से गौवंशों को सुरक्षित बचा लिया गया। फिलहाल गौशाला संचालक ने संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई।

# डॉ.आरपी गौतम को बनाया गया कांग्रेस गौ प्रकोष्ठ का जिला महासचिव



**जवा ब्यूरो।** म.प्र.कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी महासचिव डॉक्टर संजय कामले की सहमति से गौ संरक्षण एवं संवर्धन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.व्ही.पी.एस चौहान द्वारा सेवा निवृत्त पशु-चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ.आर.पी.गौतम को गौ संरक्षण एवं संवर्धन जिला रीवा का महासचिव बनाया गया है । इस अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका निर्वाहन पूरी ईमानदारी निष्ठा के साथ किया जायेगा जिससे कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिल सके,उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष इ.राजेन्द्र शर्मा, अजय मिश्रा महापौर रीवा, रमाशंकर सिंह पटेल त्योथर, ब्लॉक अध्यक्ष जवा कमलेश्वर पटेल, डां.अरूणेन्द्र शेखर मिश्रा, साधू शरण मिश्रा, रामनरेश तिवारी, धनेंद्र द्विवेदी, तरूणेन्द्र द्विवेदी, प्रवीण शर्मा, बालेन्द्र मिश्रा, राजेन्द्र पाण्डेय, लक्ष्मी शंकर मिश्रा, सौरभ मिश्रा, शशिभूषण द्विवेदी सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# मऊगंज में अपर कलेक्टर ने 45 आवेदन पत्रों में की सुनवाई

**मऊगंज जागरण।** कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने आमजनता के आवेदनों की सुनवाई की। उन्होंने जनसुनवाई में 45 आवेदकों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को संतुष्टिपूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कमलेश कुमार गुप्ता मऊगंज निवासी के अतिक्रमण स्थल में नाली निर्माण के आवेदन पर सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग को, पन्नी निवासी जनकदुलारी के सड़क मुआवजा के राशि भुगतान के आवेदन पर एसडीएम मऊगंज को, चपगवां निवासी कामता कुशवाहा के सीमांकन न कर नक्शा व खसरा में भिन्नता के आवेदन पर तहसीलदार नईगढ़ी को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। इसी प्रकार मऊगंज के वार्ड क्रमांक तीन के रहवासियों ने पानी निकासी के लिए नाली निर्माण कराए जाने के लिए आवेदन दिया जिसे अपर कलेक्टर ने सीएमओ नगर परिषद को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया। जनसुनवाई में पुष्पेन्द्र कुमार निवासी ग्राम हर्दी के स्थगनशुदा भूमि में जबरन कार्य करने व सीमांकन न कराए जाने के आवेदन पर तहसीलदार हनुमना को, दशरथ प्रसाद पटेल निवासी सेंगरवान के नकल प्रदाय करने के आवेदन को नकल शाखा को तथा रामदयाल पाल निवासी ग्राम भांटी के सरपंच व सचिव से चबूतरा निर्माण की राशि की वसूली के आवेदन पर सीईओ जनपद को परीक्षण उपरांत कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में जुड़मनिया रघुनाथ में पदस्थ पटवारी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किए जाने के आवेदन को एसडीएम मऊगंज को भेजकर परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सकील खान निवासी मऊगंज के खाद्यान्न प्रदाय करने के आवेदन को खाद्य विभाग को प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# कलेक्टर के निर्देश पर उपार्जन केंद्रों का किया गया निरीक्षण

**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्र बन्ना और खरीदी केन्द्र कैलाशपुर सहित अन्य खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि उपार्जन केंद्रों में गेहूँ विक्रय की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। केंद्र में बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।समिति प्रबंधकों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने केंद्रों पर छायादार स्थान में बैठने की उचित व्यवस्था करें, साथ ही पेयजल हेतु पानी के टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित करें। खरीदी कार्य को निर्धारित स्लॉट बुकिंग के अनुसार समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान सभी समितियों को निर्देशित किया गया कि किसानों से चना एवं मसूर की खरीदी समय पर सुनिश्चित की जाए तथा खरीदे गए फसल का शीघ्र परिवहन करायें। किसानों की फीडिंग समय पर की जाए ताकि उनके भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो और उन्हें तत्काल भुगतान प्राप्त हो सके।

# अपर कलेक्टर ने जनगणना रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**मऊगंज जागरण।** अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी पीके पांडेय ने कलेक्ट्रेट परिसर से जनगणना रथ को हरी झंडी दिखाकर जिले के भ्रमण के लिए रवाना किया। यह रथ जनगणना कार्य के प्रति आमजनों को जागरूक करने और गणना प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जो देश के विकास की योजनाओं और नीतियों के निर्धारण का आधार बनती है। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न नगरीय निकायों और ग्रामीण अंचलों में भ्रमण करेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों और सूचनात्मक संदेशों के माध्यम से नागरिकों को सही जानकारी देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि जब प्रगणक उनके घर पहुँचें, तो वे उन्हें पूरी और सटीक जानकारी प्रदान करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान साझा की गई व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है और इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय और विकासात्मक उद्देश्यों के लिए किया जाता है। इस दौरान जनगणना संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# त्योंथर तहसील में क्षेत्र का दौरा नहीं करते अधिकारी

**त्योंथर ब्यूरो।** रीवा जिले की त्योंथर तहसील में कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों की कार्य प्रणाली सदैव सन्देहास्पद होने के आरोप लगे हैं। समाजसेवियों ने संवाददाता से बात करते हुए आरोप लगाया गया है कि कभी भी टूर प्रोगाम अफसरों द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया और न रात्रि विश्राम गांवों में अधिकारियों द्वारा किया गया, केवल सरकारी धन का दुरुपयोग किए जाने की मंशा से फर्जी दौरा दिखाकर लॉक बुक भरी जाती रही है। उन्होंने आगे कहा कि जिला कलेक्टर रीवा के सख्त तेवरों को देखकर ऐसा लगता है कि अब त्योंथर तहसील में पदस्थ तहसील स्तरीय अधिकारियों को अब क्षेत्र का दौरा निश्चित रूप से करना ही पड़ेगा। अब फ़र्ज़ी लाक बुक नहीं भरी जाएंगी जिला कलेक्टर रीवा के सख्त आदेश से खलबली मची हुई दिखाई पड़ रही है। अभी तक फर्जी लाक बुक बनाने में ऐसे वाहनों का उपयोग दिखाया जाता है जो परिवहन पोर्टल में पंजीकृत ही नहीं दिखते जिनके पास विधिवत् पंजीयन एवं फिटनेस तक नहीं होते वहीं लाकबुक में किए गए दौरों का स्पष्ट विवरण भी नहीं दिया जाता रहा है। यदि मुख्यालय के आसपास 20-25 किलोमीटर की यात्रा करते हैं तो उसे लोकल योग बताया जाता रहा है, कहां-कहां हुआ किस कार्य के लिए हुआ इसका उल्लेख कभी नहीं किया गया, जिसकी जांच आवश्यक है जिसका खुलासा तो जांचोंपरान्त ही सम्भव है किन्तु देखने वाली बात होगी कि जांच होगी भी या इसी तरह से चलता रहेगा यह तो भविष्य के गर्भ में है ।

# त्योंथर तहसील में नामांतरण सीमांकन और बंटवारा कार्य में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के आरोप

**त्योंथर ब्यूरो।** जिले की त्योंथर तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता के आरोप लगे हैं। क्षेत्रवासयिों ने संवाददाता को बताया कि कार्यालय में व्यापक रूप से भृष्टाचार किया जा रहा है। बिना पैसे के तहसील कार्यालय में कोई काम नहीं होता है। ईमानदारी का चोला ओढ़े अधिकारी बाबू किसी भी कार्य में बिना पैसे लिए कार्य नहीं करते हैं, सभी कार्य के दाम फिक्स हैं, हितग्राहियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। संवाददाता को हितग्राहियों ने बताया कि रजिस्ट्री होने के एक माह के ऊपर बीत जाने के वावजूद अल्पना देवी पति दिनेश कुमार द्विवेदी का नामांतरण नहीं हो पाया, बार बार केवल एक ही बात बताई जा रही है कि सर्वर नहीं है, आखिरकार इसका जिम्मेदार कौन है, ग्रामीणों का कहना है कि रीवा कलेक्टर का ध्यान त्योंथर तहसील की ओर आपेक्षित है। हितग्राहियों ने आगे कहा कि त्योंथर तहसील में पदस्थ बाबू एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान हितग्राहियों के कार्यों में न जाकर केवल सुविधा शुल्क पर लगा रहता है, चाहे नामांतरण का मामला हो, सीमांकन हो अथवा बंटवारा हो, जिसका कारण है कि आज त्योंथर तहसील विवादों के घेरे में बनी रहती है। हितग्राहियों ने संवाददाता को आगे कहा कि सबसे बड़ा कारण अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर निर्भर हो जाता है और उनकी कार्य प्रणाली पर भी एक प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है, आये दिन विवाद की स्थिति क्यों बन रहतीं है, इसका मूल कारण क्या है। जिला कलेक्टर रीवा को भी इसका संज्ञान लेना चाहिए। भ्रष्टाचार का खुलासा जांचोंपरान्त ही सम्भव है, यदि सही तरीके से निष्पक्ष जांच हो जाए तो त्योंथर तहसील कार्यालय के भ्रष्टाचार की पोल खुलती नजर आएंगी, । तहसील कार्यालय से अधिकारी कर्मचारी ज्यादा तर नदारद ही रहते हैं नामांतरण की फाइल बाबुओं द्वारा गुम की जा रही है, सर्किल सोहागी प्रकरण क्रमांक 0967अ छ2024/25आदेश 28/11/2024/25 पक्षकार त्रिभुवन सोनिया निवासी ग्राम अकौरी मौजा महेवा की फाइल लंबे अर्से से गुम है, नकल नहीं प्राप्त हो रही है। हितग्राहियों ने तहसील कार्यालय में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| क्लासेन (हैदराबाद) | 508 |
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 501 |
| अभिषेक (हैदराबाद) | 481 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| भुवनेश्वर (बेंगलुरू) | 21 |
| कगीसो रबाडा (गुजरात) | 21 |
| अंशुल कंबोज (चेन्नई) | 19 |

## बाउंड्री मीटर



1053 छक्के

1707 चौके

111 अर्धशतक

विकेटकीपर जोस बटलर ने इस मैच में पांच कैच पकड़े, जो रिकॉर्ड है। उन्होंने गुजरात रिद्धिमान साहा के चार विकेट का रिकॉर्ड तोड़ा।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 8 | 4 | 16 | 0.551 |
| बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 14 | 1.103 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | 0.331 |
| पंजाब | 11 | 6 | 4 | 13 | 0.428 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | 0.185 |
| राजस्थान | 11 | 6 | 5 | 12 | 0.082 |
| दिल्ली | 12 | 5 | 7 | 10 | -0.993 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 | -0.169 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.585 |
| लखनऊ | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.907 |

# गुजरात की सबसे बड़ी जीत, हैदराबाद की सबसे बड़ी हार

## मैच 56: सनराइजर्स को 82 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत के साथ टाइटंस शीर्ष पर

**जेएनएन, अहमदाबाद**

गुजरात टाइटंस ने बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को मंगलवार को 82 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत के साथ आईपीएल अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। साइ सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों से गुजरात ने पांच विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद 14.5 ओवर में 86 रन पर आउट हो गए। कगिसो रबाडा ने शीर्ष क्रम की बखिया उधेड़ते हुए 28 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि जेसन होल्डर ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इस जीत के साथ गुजरात 12 मैचों में 16 अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि सनराइजर्स 12 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। गत चैम्पियन आरसीबी 11 मैचों में 14 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। रनों के लिहाज से आईपीएल में गुजरात की यह सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने इसी सीजन में राजस्थान को 77 रन से हराया था। हैदराबाद की रनों के लिहाज से आईपीएल में यह अब तक की सबसे बड़ी हार है। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने तीसरे ही ओवर में शुभमन गिल का विकेट गंवा दिया। गिल, प्रफुल हिंगे की अंदर आती गेंद पर ऑन-ड्राइव खेलने के चक्कर में मिड-ऑन पर कैच दे बैठे। गिल के आउट होने से साफ हो गया था कि पिच पर ऑन द राइज शॉट खेलना आसान नहीं है। गेंद रुककर आ रही थी और पिच का दोहरा उछाल बल्लेबाजों की परीक्षा ले रहा था। पावरप्ले खत्म होने तक गुजरात का स्कोर 2 विकेट पर सिर्फ 34 रन था। इस सीजन पावरप्ले में गुजरात के लिए यह सबसे धीमी शुरुआत रही।

**454** रन इस मैच में बने, जो हैदराबाद और गुजरात के बीच किसी मैच में बने का स्कोर का सबसे कम है।

**86** रन पर हैदराबाद की टीम ऑलआउट हो गई, जो आईपीएल में उसका न्यूनतम स्कोर है। इससे पहले, 2019 में टीम मुंबई के खिलाफ 96 रन पर ढेर हुई थी।

### सिराज-रबाडा का कहर

लक्ष्य का बचाव करते हुए मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा ने पावरप्ले में कहर बरपाया। दोनों ने मिलकर शुरुआती छह ओवरों में सिर्फ 34 रन दिए और चार विकेट झटके। रबाडा के खाते में तीन और सिराज को एक सफलता मिली। दोनों ही गेंदबाजों ने अपने स्पैल के पहले ही ओवर में विकेट हासिल किए। नतीजा यह रहा कि ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा दूसरे ओवर तक पवेलियन लौट चुके थे। पावरप्ले में ही बैकफुट पर आई हैदराबाद को टाइटंस के पेसरों ने मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। पावरप्ले के बाद जेसन होल्डर ने कमान संभाली और लगातार चार ओवर के स्पैल में सिर्फ 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा ने भी दो विकेट लेकर हैदराबाद के निचले क्रम को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। सनराइजर्स ने सात विकेट 60 रन पर गंवा दिए थे।

- यह आईपीएल में दूसरा मौका है जब गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाजों ने किसी पारी में 9 विकेट लिए। इससे पहले उन्होंने 2023 में हैदराबाद में भी सनराइजर्स के खिलाफ यही कारनामा किया था।

**प्लेयर ऑफ द मैच: कगिसो रबाडा तीन विकेट**



### स्कोर बोर्ड

**गुजरात टाइटंस: 168/5 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का. हिंगे बो. साकिब | 61 | 44 | 5 | 2 |
| गिल का. क्लासेन बो. हिंगे | 5 | 7 | 1 | 0 |
| बटलर का. किशन बो. हिंगे | 7 | 11 | 1 | 0 |
| सिंधू का. क्लासेन बो. कमिंस | 22 | 14 | 3 | 1 |
| सुंदर का. किशन बो. साकिब | 50 | 33 | 7 | 1 |
| जेसन होल्डर नाबाद | 11 | 10 | 0 | 0 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 4 | 1 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त:** 8, **कुल:** 20 ओवर में 5 विकेट पर 168 रन, **विकेट पतन:** 1-15, 2-26, 3-64, 4-124, 5-164, **गेंदबाजी:** कमिंस 4-0-20-1, नीतीश कुमार 3-0-27-0, प्रफुल हिंगे 3-0-17-0, इशान मलिंगा 4-0-46-0, साकिब हुसैन 4-0-37-2, शिवांग कुमार 2-0-19-0..

**सनराइजर्स हैदराबाद: 86/10 (14.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड का. सिंधू बो. सिराज | 0 | 4 | 0 | 0 |
| अभिषेक शर्मा बो. रबाडा | 6 | 4 | 0 | 1 |
| किशन का. बटलर बो. रबाडा | 11 | 7 | 1 | 1 |
| आर स्मरण का. गिल बो. रबाडा | 9 | 15 | 1 | 0 |
| क्लासेन का. बटलर बो. होल्डर | 14 | 16 | 2 | 0 |
| अरोड़ा का. बटलर बो. कृष्णा | 16 | 13 | 3 | 0 |
| नीतीश का. सुंदर बो. होल्डर | 2 | 4 | 0 | 0 |
| कमिंस का. सिराज बो. कृष्णा | 19 | 9 | 1 | 2 |
| शिवांग का. बटलर बो. होल्डर | 4 | 6 | 0 | 0 |
| हिंगे स्टं. बटलर बो. राशिद | 3 | 8 | 0 | 0 |
| इशान मलिंगा नाबाद | 0 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 2, **कुल:** 14.5 ओवर में 86 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन:** 1-0, 2-6, 3-23, 4-32, 5-56, 6-56, 7-60, 8-72, 9-82, 10-86, **गेंदबाजी:** सिराज 3-1-11-1, कगिसो रबाडा 4-0-28-3, जेसन होल्डर 4-0-20-3, प्रसिद्ध कृष्णा 3-0-23-2, राशिद खान 0.5-0-3-1.

## खेल एक नजर

### टी-20 विश्व कप में खेलेंगी शबनिम, संन्यास से वापसी की

**जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला वापस ले लिया, क्योंकि उन्हें 12 जून से पांच जुलाई तक ब्रिटेन में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के लिए देश की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। लौरा वोलवार्ट की कप्तानी वाली टीम में 37 वर्षीय इस्माइल भी शामिल हैं, जिन्होंने दक्षिण



अफ्रीका की तरफ से अपना आखिरी टी-20 मैच फरवरी 2023 में केपटाउन में टी-20 विश्व कप के फाइनल के रूप में खेला था। इस्माइल ने अभी तक 113 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 123 विकेट लिए हैं, जो दक्षिण अफ्रीका की तरफ से रिकॉर्ड है। उनके साथ तेज गेंदबाजी विभाग संभालने के लिए मारिजेन कैप और डेन वैन नीकेर्क को भी टीम में शामिल किया गया है, जो क्रमशः बीमारी और पिंडली की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रही हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज कराबो मेसो भी कलाई की चोट से उबरकर वापसी कर रही हैं। सिनालो जाफ्ता टीम की अन्य विकेटकीपर हैं। दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 महिला टीम की पूर्व कप्तान कायला रेनेके को भी टीम में जगह मिली है।

### दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पर 12 लाख का जुर्माना

**धर्मशाला, जेएनएन।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर आईपीएल में पंजाब के खिलाफ अपनी टीम की जीत के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अक्षर और डेविड मिलर के अर्धशतकों की मदद से दिल्ली ने इस मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को बरकरार रखा। आईपीएल के अनुसार, दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल पर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम, धर्मशाला में पंजाब के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसमें आगे कहा गया है, धीमी ओवर गति से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, इसलिए अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। दिल्ली की टीम अंक तालिका में अभी सातवें स्थान पर है।

# केकेआर पर जीत दर्ज कर प्लेऑफ का दावा मजबूत करने उतरेगी आरसीबी

**जेएनएन, रायपुर**

आईपीएल 2026 में प्लेऑफ की रेस अब आखिरी मोड़ पर पहुंच चुकी है। डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पूरे लीग चरण में सबसे आगे रही है, लेकिन अब भी टीम पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। तीन मैच बाकी हैं और आरसीबी को खुद को सहज स्थिति में पहुंचाने के लिए कम से कम दो और जीत चाहिए। यहां तक कि उसके बाद भी गणितीय रूप से बाहर होने की संभावना खत्म नहीं होगी। दूसरी तरफ 2024 की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सीजन की शुरुआत बेहद खराब की थी। लेकिन टूर्नामेंट के दूसरे हिस्से में टीम ने जबरदस्त वापसी की है। लगातार चार जीत के साथ केकेआर अब प्लेऑफ में पिछला दरवाजा खोलने की स्थिति में दिख रही है। चार मैच बाकी हैं और आठ अंक अब भी दांव पर हैं। पंजाब के खिलाफ बारिश से मिले एक अंक ने भी उनकी उम्मीदों को जिंदा रखा है। प्वाइंट टेबल पर नजर डालें तो रायपुर में आरसीबी को फेवरेट कहना आसान है, लेकिन हालात इतने सीधे नहीं हैं। इसके उलट केकेआर लगातार दो बड़े अवे जीत दर्ज करके आ रही है। टीम ने आठ और सात विकेट से मुकाबले जीते हैं।



### नरेन कस सकते हैं विराट कोहली के बल्ले पर शिकंजा

इस आईपीएल तीन अर्धशतकों के साथ 379 रन बना चुके विराट कोहली पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट हुए हैं। टी-20 मैचों में दूसरी और आईपीएल में पहली बार हुआ है, जब वह लगातार दो मैचों में शून्य पर आउट हुए। हालांकि केकेआर के खिलाफ मैच में वह वापसी कर सकते हैं, क्योंकि इस टीम के खिलाफ उनका रिकॉर्ड बेहतरीन रहा है।

### हेड टू हेड

दोनों टीमों के बीच हुए अब तक 35 मुकाबलों में 20-15 से केकेआर आगे है, वहीं पिछले पांच मुकाबलों में भी केकेआर का पलड़ा 4-1 से भारी है। रायपुर में केकेआर का यह पहला मुकाबला होगा, जबकि आरसीबी यहां अपने दोनों मैच जीत चुकी है।

### केकेआर के लिए भुवनेश्वर खतरा

पिछले मैच में अपने बल्ले और गेंद दोनों से कमाल करके आरसीबी को मैच जिताने वाले भुवनेश्वर इस मैच में भी जलवा बिखेर सकते हैं। वह केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को सात बार आउट कर चुके हैं, जबकि रहाणे उन पर सिर्फ 89 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। नरेन भी भुवनेश्वर का दो बार शिकार हो चुके हैं, जबकि उनके खिलाफ नरेन का स्ट्राइक रेट 106 है। रोवमन पावेल को भी भुवी ने छह पारियों में एक बार शिकार बनाया है, जबकि पॉवेल उन पर सिर्फ 119 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। इस मैच में रहाणे का खराबा फॉर्म जारी रह सकता है, क्योंकि उन्हें भुवनेश्वर के अलावा क्रुणाल पंड्या भी परेशान करते हैं। क्रुणाल ने उन्हें चार बार आउट किया है, जबकि रहाणे उन पर सिर्फ 115 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

## बांग्लादेश ने पहला टेस्ट मैच 104 रन से जीता

# राणा के पांच विकेट से बांग्लादेश ने लगातार तीसरी बार पाक को हराया

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश ने मंगलवार को पाकिस्तान के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन 104 रन से जीत हासिल की। बांग्लादेश की पाकिस्तान के खिलाफ यह लगातार तीसरी जीत है, इससे पहले उन्होंने 2024 की सीरीज 2-0 से जीती थी। बांग्लादेश के 268 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान 163 रन पर सिमट गया, जिसमें तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 40 रन देकर पांच विकेट चटकाए। उन्होंने करियर में दूसरी बार पारी में पांच विकेट भी पूरे किए। चाय के बाद उन्होंने अपने तीन ओवर में पांच रन देकर सऊद शकील (15), मोहम्मद रिजवान (15) और नोमान अली को आउट किया। तेज गेंदबाज तास्किन अहमद ने भी उनका अच्छा साथ निभाते हुए 40 रन पर दो विकेट चटकाए। पदार्पण करने वाले दो खिलाड़ी सलामी बल्लेबाज अजान अवैस (15) और अब्दुल्ला फजल (66) ने दूसरे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। ऑफ स्पिनर मेहदी हसन (47 रन पर एक विकेट) ने पहली पारी में शतक जड़ने वाले अवैस को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। नाहिद ने कप्तान शान मसूद (02) को विकेट के



पीछे कैच कराके पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 68 रन किया। फजल ने सलमान आगा (26) के साथ पारी को संभाला, लेकिन चाय के ब्रेक के बाद बांग्लादेश ने जल्दी-जल्दी दो विकेट लेकर वापसी की। इससे पहले कप्तान नजमुल हुसैन शंटो के 87 रन की मदद से बांग्लादेश ने पाकिस्तान को जीत के लिए 268 रन का लक्ष्य दिया। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 152 रन से करने के बाद दूसरी पारी नौ विकेट पर 240 रन घोषित की। बांग्लादेश ने पहली पारी में 413 रन बनाए थे और फिर पाकिस्तान को 386 रन पर आउट करके 27 रन की बढ़त हासिल की थी। दूसरा टेस्ट शनिवार से सिल्टे में शुरू होगा।

## द्रविड़ यूरोपियन टी-20 लीग में डबलिन गार्डियंस के मालिक बने

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पूर्व भारतीय कप्तान और टी-20 विश्व कप विजेता कोच राहुल द्रविड़ को यूरोपियन टी-20 लीग (ईटीपीएल) की टीम डबलिन गार्डियंस का मालिक घोषित किया गया है। यह ईटीपीएल की छह टीमों में से एक है, जो अगस्त 2026 में शुरू होने वाली छह टीमों की लीग में हिस्सा लेगी। क्रिकेट आयरलैंड, क्रिकेट स्कॉटलैंड और रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन के साथ साझेदारी में शुरू की गई इस लीग में डबलिन, बेलफास्ट, एडिनबर्ग, ग्लासगो, रॉटरडैम और एम्स्टर्डम की टीमें शामिल हैं। यह यूरोप की पहली आईसीसी मान्यता प्राप्त बहु-देशीय फ्रेंचाइजी टी-20 लीग भी है। बॉलीवुड स्टार अभिषेक बच्चन की सह-मालिकाना वाली इस लीग में कई



पूर्व और मौजूदा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों की टीमें शामिल हैं, जिसमें ग्लेन मैक्सवेल (आयरिश वुल्व्स के सहमालिक), स्टीव वॉ (एम्स्टर्डम फ्लेम्स के सहमालिक), नेथन मक्कलम-काइल मिल्स (एडिनबर्ग कैसल रॉकर्स के मालिक), क्रिस गेल (ग्लासगो कॉस्मिक के सहमालिक) और जोंटी रोड्स-फाफ डुप्लेसी-हेनरिक क्लासेन (रॉटरडैम डॉकर्स के मालिक) प्रमुख नाम हैं। डुप्लेसी और मैक्सवेल तो इस लीग में खेलते भी नजर आएंगे।

## सात्विक-चिराग 64 मिनट में जीते

### थाईलैंड ओपन: रोमांचक मुकाबले में इंडोनेशियाई जोड़ी को हराया

**बैंकॉक, जेएनएन।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर के मुकाबले में मंगलवार को इंडोनेशिया के मोह पुत्रा एरवियांस्याह और बागास मौलाना की जोड़ी को शिकस्त दी। विश्व रैंकिंग में चौथे पायदान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 64 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले को 21-19, 21-23, 21-10 से जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। भारतीय जोड़ी शुरुआती गेम में एक समय 11-16 से पीछे चल रही थी। उन्होंने इसके बाद लगातार सात अंक जीतकर मुकाबले में वापसी की। इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 कर दिया, लेकिन सात्विक और चिराग ने दबाव में बेहतरीन खेल दिखाते हुए पहला गेम अपने नाम किया। दूसरा गेम बेहद करीबी रहा। दोनों जोड़ियों के बीच लंबी रैलियां देखने को मिलीं और ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ियों ने मामूली बढ़त बना ली थी। ब्रेक के बाद इंडोनेशियाई जोड़ी ने आक्रामक खेल दिखाते हुए



17-14 की बढ़त हासिल कर ली। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इसका दमदार जवाब दिया, लेकिन इस गेम को मामूली अंतर से गंवा बैठे, जिससे मुकाबला निर्णायक गेम तक पहुंच गया। सात्विक और चिराग तीसरे और अंतिम गेम में पूरी तरह हावी नजर आए। उन्होंने शुरुआत से बढ़त बनाई और ब्रेक तक 11-5 से आगे हो गए।

## पुरस्कार राशि बढ़ाने खिलाड़ियों को एकजुट कर रही हैं पेगुला

**रोम, जेएनएन।** पुरुष एवं महिला वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और आर्यना सबालेंका का टेनिस टूर्नामेंट विशेषकर ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि बढ़ाने के अभियान को जेसिका पेगुला का भी समर्थन मिला है, जो खिलाड़ियों को इस मामले में एकजुट करने की भूमिका निभा रही हैं। यूएस ओपन 2024 की उपविजेता पेगुला के लिए यह स्वाभाविक है, क्योंकि वह खेल प्रबंधकों के परिवार में पली-बढ़ी हैं। उनके माता-पिता एनएफएल की बफेलो बिल्स और एनएचएल की बफेलो सेबर्स के मालिक हैं। पेगुला ने कहा कि मुझे लगता है कि यह शायद स्वाभाविक रूप से हो



जाता है, क्योंकि मुझे लगता है कि मैंने इसमें कुछ हद तक नेतृत्व की भूमिका निभाई है। विश्व की पांचवें नंबर की खिलाड़ी पेगुला को इस साल महिला टेनिस कैलेंडर, रैंकिंग अंकों के नियमों और कुछ स्पर्धाओं में भाग लेने की योग्यता तय करने के लिए गठित किए गए 13 सदस्यीय पैनल का नेतृत्व करने के लिए नामित किया गया था। अब वह पुरस्कार राशि के मुद्दे पर भी काम कर रही हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

# अकीरा को 248 रन से हराकर भोपाल लेपड्र्स सेमीफाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** भोपाल लेपड्र्स ने 14वें स्व. अरविंद चतुर्वेदी क्रिकेट टूर्नामेंट 'रमेश शर्मा गुड्डू भैया ट्रॉफी' में अकीरा क्रिकेट अकादमी को 248 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में बुधवार को उसकी भिड़ंत नर्मदापुरम से होगी। ओल्ड कैंपियन मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल लेपड्र्स की टीम ने 437 रन का बड़ा स्कोर बनाया। अयान (133) और विकास शर्मा (120) ने शतक जड़ा, जबकि अंकुश सिंह ने 88 रन की पारी खेली। अकीरा अकादमी के कप्तान पीयूष राज सक्सेना और आर्यन सिंह ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि इशांत शर्मा को दो सफलता मिली। लक्ष्य का



पीछा करने उतरी अकीरा अकादमी 33 ओवर में 189 रन पर ऑलआउट हो गई। पीयूष ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। कार्तिकेय सोलंकी ने 29 , कुणाल पटेल ने 23 और अर्पण गुप्ता ने 25 रन बनाए। भोपाल लेपड्र्स की कनिष्क दुबे ने चार और अंकुश सिंह ने तीन विकेट लिए। देवेंद्र ठाकुर ने दो विकेट चटकाए।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह' का शुभारंभ

**भोपाल, खेप्र।** खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह-2026 का शुभारंभ किया। मंत्री सारंग ने कहा कि खेल मैदान से व्यक्तित्व निर्माण तक समग्र विकास हमारा लक्ष्य है। इस वर्ष शिविर को पारंपरिक प्रशिक्षण से आगे बढ़ाते हुए समग्र व्यक्तित्व विकास के दृष्टिकोण से नया स्वरूप और नया नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि आरोह का अर्थ है निरंतर आगे बढ़ना यानि शिखर की ओर निरंतर प्रगति करना। इसी भावना के साथ यह शिविर युवाओं को खेल कौशल के साथ जीवन कौशल भी सिखाएगा। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने मलखंभ और रस्साकस्सी की प्रस्तुती दीं। कार्यक्रम में अपर सचिव अजय श्रीवास्तव, संचालक अंशुमान यादव और संयुक्त संचालक बीएस यादव उपस्थित रहे।




- आरोह में खेल गतिविधियां, फिटनेस एवं स्वास्थ्य जागरुकता, व्यक्तित्व एवं नेतृत्व विकास, सांस्कृतिक एवं मनोरंजन गतिविधियां, सामाजिक एवं पारिवारिक जुड़ाव, नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा एवं सामाजिक जागरुकता सहित करियर मार्गदर्शन गतिविधियों को शामिल कर विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

# क्रिकेट टूर्नामेंट: सेंट माइकल ब्लू हाउस की शानदार जीत

**भोपाल, खेप्र।** ब्लू हाउस ने सेंट माइकल इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट में रेड हाउस को दो विकेट से शिकस्त दी। बाबेअली स्टेडियम में रेड हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 280 रन बनाए। टीम के आयुष यादव ने 154 रन की बड़ी पारी खेली। सोहेल ने 62 और इब्तिदा ने 23 रन बनाए। ब्लू हाउस के अजहर ने तीन विकेट लिए। सचिन, स्वयं और हुजैफा ने दो-दो सफलता प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लू हाउस की टीम ने आठ विकेट खोकर मुकाबला जीत



लिया। सचिन ने 88, स्वयं ने 74 और आशु शेख ने 44 रन की पारी खेली। आयुष यादव ने तीन और अरशान ने दो विकेट हासिल किए। आयुष को दोहरे प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ समाजसेवी जहीर खान ने किया।

### मऊगंज में 3559 किसानों से 144751.61 मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित

**रीवा।** कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशन में रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में गेहूं खरीदी का कार्य प्रक्रियाधीन है। जिले में उपार्जन के लिए 26 उपार्जन केन्द्रो में उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया गया है। अभी तक 3559 किसानों से 144751.61 गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। अन्य सभी उपार्जन केन्द्रो पर कार्य प्रारंभ है।

### विंध्य विभूति अंलकरण समोराह 17 को

**रीवा।** 17 मई को कृष्णाराजकपूर ऑडिटोरियम रीवा में विंध्यविभूति अलंकरण समारोह व विंध्य विकास कृतज्ञता महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में आयोजक पूर्व जनपद अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह ने बताया कि समारोह में विंध्य के समुचित विकास के लिए उपमंख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को विंध्यविभूति सम्मान से अंलकृत किया जायेगा। समारोह की अध्यक्षता पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह करेंगे।

# गुढ़ में हत्या: शराब पीकर हंगामा करने से मना किया तो बड़े भाई ने छोटे भाई का कर दिया कत्ल

### गुढ़ थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव में सामने आई वारदात सब्जी काटने के चाकू से किया वार



जागरण, रीवा

सगे भाईयों के बीच हुए मामूली विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई को चाकू मार दिया जिससे आंख में धारदार चाकू घुसने से बड़े भाई की मौत हो गई। घटना गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदुआ गांव में बीती रात करीब 11 बजे के आसपास की है। पुलिस ने हत्या का मामला पंजीबद्ध कर आरोपी बड़े भाई को अभिरक्षा में लिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बड़ा भाई नशे की हालत में घर में वाद विवाद और शोर शराबा कर रहा था, जिस पर छोटा भाई उसे समझाने लगा और इसी बात पर दोनों के बीच वाद विवाद शुरू हो गया। बताया गया कि बड़ा भाई हाथ में सब्जी काटने वाला चाकू लिया हुआ था, इसी दौरान मारपीट में चाकू छोटे भाई की आंख में धंस गया। गंभीर हालत में उसे परिजन गुढ़ स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में सन्नाटा पसर गया और ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। इस घटना में जितेंद्र उर्फ गोलू कोल पिता रामनरेश कोल 23 वर्ष निवासी हरदुआ की मौत हो गई। गुढ़ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हरदुआ गांव निवासी आरोपी बड़ा भाई धर्मेंद्र कोल 28 वर्ष शराब के नशे में था और घर में शोर शराबा कर रहा था। इस दौरान छोटे भाई जितेंद्र उर्फ गोलू कोल ने उसे मना किया जिसके बाद झगड़ा शुरू हो गया। इसी बीच धर्मेंद्र ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

#### शाम को गुढ़ पुलिस के हाथ लगा आरोपी

गुढ़ थाना प्रभारी शैल यादव ने बताया कि घटना के बाद से आरोपी छोटा भाई धर्मेंद्र फरार था, जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगी हुई थी। पुलिस ने शाम को धर्मेंद्र को पकड़ अभिरक्षा में लिया है। बताया गया कि आरोपी को पुलिस आज न्यायालय में पेश करेगी। वहीं मृतक के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। बताया गया कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी धर्मेंद्र कोल अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही गुढ़ थाना प्रभारी सहित पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा था। घटना के बाद हरदुआ गांव में सनाका खिचा हुआ था।

## बनिया तलाब में मिला अधेड़ का शव, नहीं हुई पहचान



**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बनिया तलाब में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने मंगलवार की सुबह अज्ञात व्यक्ति का शव देखा था, पहले तो लोगों ने सूचना चोरहटा पुलिस को दी जिसके बाद पता लगा कि यह क्षेत्र सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में आता है, जिसके बाद दोपहर करीब 12 बजे कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी मिली। पुलिस ने शव को संजय गांधी अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया है साथ ही उसकी शिनाख्तगी का प्रयास किया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष के आसपास आकी जा रही है। वह लाल रंग की शॅर्ट पहने हुए था। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति मृतक को पहचानता हो या उसके संबंध में कोई जानकारी रखता हो तो तत्काल सिटी कोतवाली थाना पहुंचकर जानकारी दे सकता है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## प्रधान आरक्षक पर हमले के आरोपी पिता-पुत्र पकड़ाए

### पुलिस कर्मी व उसका बेटा गिरफ्तार



**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन कॉलोनी में प्रधान आरक्षक के ऊपर प्राण घातक हमला करने वाले पुलिसकर्मी सहित उसके पुत्र और एक साथी को गिरफ्तार कर लिया गया है जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि पुलिस लाइन कॉलोनी में रहने वाले प्रधान आरक्षक मुकेश तिवारी के ऊपर पड़ोस में रहने वाले पुलिसकर्मी सुरेंद्र पांडे उर्फ मामा सहित उसके पुत्र और दो साथियों ने मिलकर रविवार की देर रात्रि प्राणघातक हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल प्रधान आरक्षक मुकेश तिवारी को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया है। वारदात के बाद पुलिस महकमे में सनाका खिंच गया था। घटना की सूचना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बिछिया पुलिस ने हमला करने वाले पुलिसकर्मी सुरेंद्र पांडे सहित उनके पुत्र अंश पंडे और एक साथी सुजीत बंसल निवासी गुढ़ चौराहा को गिरफ्तार कर लिया है जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। बिछिया पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और लाठी डंडे भी बरामद कर लिए है।

## शादी के पांच दिन बाद युवक की फांसी के फंदे में लटकती मिली लाश

**रीवा।** हनुमना थाना क्षेत्र के हाटा गांव में एक युवक का शादी के करीब पांच दिन बाद फांसी के फंदे से लटकता शव मिला। युवक ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों से उठाया यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की जांच कर रही है। हनुमना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हाटा निवासी कमलेश कुमार साकेत पिता स्व. हरिलाल साकेत 30 वर्ष ने सूचना दी कि वो दो भाई एवं तीन बहन हैं। छोटा भाई विमलेश साकेत 23 साल की शादी 05 मई 2026 को ग्राम ढाबा तिवरियान की रहने वाली नेहा साकेत पिता यजनारायण के साथ हुई। शादी के बाद विमलेश की पत्नी नेहा साकेत घर आयी थी, बताया गया कि 10 मई को पत्नी मायके चली गई। इसके बाद सोमवार को विमलेश की सास ने फोन कर बताया कि विमलेश वीडियोकॉल पर गमछा लगा रहा था और अब फोन नहीं उठा रहा। जब परिजन पुराने घर गए तो देखा की विमलेश साकेत पुराने घर के आम के पेड़ में फांसी लगाकर झूल रहा था। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर अब पूरे मामले की जांच कर रही है। फिलहाल युवक ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों से उठाया, पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है।

## सूने घर में चोरों का धावा, नकदी और लाखों के आभूषण पार

### मऊगंज के पाड़र गांव की घटना



**जागरण, रीवा।** मऊगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पाड़र में बीती रात्रि सुने घर में घुसे अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवरात सहित नकदी और अन्य सामान पार कर दिया। पीड़ित परिवार द्वारा घटना की सूचना मऊगंज पुलिस को दी गई है। बताया गया कि कि अज्ञात चोरों ने घर से तकरीबन डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल में पेटियां और अटैचियां फेंकी थी जो परिजनों को टूटी हुई अवस्था में मिली। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद अज्ञात चोरों की पता तलाश शुरू कर दी है। घटना के संबंध में पीड़ित वंशपति लोनिया निवासी ग्राम पाड़र ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि घर के सभी सदस्य बारात में शामिल होने चले गए थे। सुबह जब लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ था जबकि पेटी और अटैची गायब थी। पीड़ित की मानें तो अज्ञात चोर 1 लाख 95 हजार रुपए नकदी सहित सोने चांदी के जेवरात और अन्य सामान चुरा ले गए हैं। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने तकरीबन 10 लाख रुपए से ज्यादा की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल मऊगंज पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## मारपीट के आरोपी दे रहे जान से मारने की धमकी पीड़ित ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**रीवा।** नईगढ़ी थाना क्षेत्र के हकरिया गांव में 25 अप्रैल को सिक्योरिटी गार्ड के ऊपर आरोपियों ने हमला किया था। घटना में घायल ज्ञानेंद्र मिश्रा ने मामले की शिकायत नईगढ़ी थाना में दर्ज कराई थी, शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अरविंद मिश्रा, हर्षिद मिश्रा सहित लोगों पर प्रकरण पंजीबद्ध किया था। मारपीट में पीड़ित के सिर पर गंभीर चोट आई थी जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया था। पीड़ित ने बताया कि 10 मई को आरोपियों ने उसके साथ दोबारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने न्याय की गुहार लगाई है।

## तहसील में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, वीडियो वायरल



### नईगढ़ी तहसील में जमीनी विवाद के प्रकरण में पहुंचे थे दोनों पक्षों के लोग

**जागरण, रीवा।** मऊगंज के नईगढ़ी तहसील न्यायालय परिसर में उस वक्त हडकंप मच गया जब जमीनी विवाद के प्रकरण में पहुंचे दो पक्षों के बीच नोकझोक के बाद जमकर मारपीट शुरू हो गई। तहसील न्यायालय परिसर में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना का वीडियो भी अब सोशल मीडिया में वायरल है। वायरल वीडियो में दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे के साथ लात-घूंसों से मारपीट करते दिखाई पड़ रहे हैं। बताया गया कि न्यायालय परिसर में हुई घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और काफी देर तक अफरा तफरी का महौल निर्मित रहा, इस दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया जो अब वायरल है। घटना के बाद न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े किये जा रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को नईगढ़ी तहसील न्यायालय परिसर में लंबित जमीनी प्रकरण की सुनवाई में पहुंचे वादी और परिवादी पक्ष के बीच पहले कहासुनी हुई और फिर देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गयी। दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर जमकर लात-घूंसे बरसाए। हालांकि घटना के दौरान मौजूद लोगों सहित अधिवक्ताओं ने बीच-बचाव किया और विवाद को शांत कराया है।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे साय 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433, 9981287311

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम
MD, DrNB (गैस्ट्रो)
उपलब्ध सुविधा: एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, फाइब्रोस्केन, ERCP
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
Call Now 8770352872, 7566926696
पता - बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

बी.एड. प्रवेश 2026
02.05.2026 से 14.05.2026
• नीरांचल कॉलेज, (B.Ed 1167) मनकहरी रीवा (म.प्र.)
• श्रीराम कॉलेज (D.Ed 31215) परसिया, जिला मैहर (म.प्र.)
• गुरूकुल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, (D.Ed 31221) अमरपाटन, जिला मैहर (म.प्र.)
• श्रीराम कॉलेज (Bed- 1085) टेढ़ा जिला रीवा (म.प्र.)
• माँ आष्टभुजा कॉलेज ऑफ एजुकेशन (B.Ed-1039) मऊगंज (म.प्र.)
• एक्सीलेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन (B.Ed-1019) महसुआ रायपुर कर्चु., रीवा (म.प्र.)
संपर्क : 9424337730, 6261666812, 7000177901
प्रयागराज काम्प्लेक्स
सिंचाई विभाग के सामने बजरंग नगर गेट के सामने, रीवा (म.प्र.)

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
पं. रामसुन्दर शुक्ला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पहड़िया जिला रीवा (म.प्र.)
कॉलेज कोडः P494 | पंजीयन - री.स. 2440
(राजीव विकास परिषद रीवा द्वारा संचालित)
मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त एवं अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से सम्बद्ध, बार काउंसिल ऑफ इण्डिया एम.पी. बोर्ड भोपाल
स्नातक एवं स्नातकोत्तर में प्रवेश प्रारंभ
दिनांक: 01.05.2026 से 15.05.2026 तक
बी.ए.एल.एल.बी.,एल.एल.बी., एल.एल. एम. में प्रवेश प्रारंभ
दिनांक: 01.05.2026 से 15.05.2026 तक


| क्र. | कक्षा | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | बी.ए.एल.एल.बी. | पांच वर्षीय पाठ्यक्रम – सभी अनिवार्य विषय (बी.ए. के साथ एल.एल.बी.) |
| 2. | डी.एल.एड. (32208) | दो वर्षीय पाठ्यक्रम (वर्ग–3 एवं वर्ग–2 के लिए मान्य) |
| 3. | बी.ए. (नई शिक्षा नीति पैटर्न में) | चार वर्षीय पाठ्यक्रम (राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, संस्कृत, इतिहास, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य) |
| 4. | बी.कॉम (नई शिक्षा नीति पैटर्न में) | चार वर्षीय पाठ्यक्रम, कम्प्यूटर एप्लीकेशन सहित |
| 5. | बी.एस.सी. (नई शिक्षा नीति पैटर्न में) | चार वर्षीय पाठ्यक्रम– (भौतिकशास्त्र, जन्तुशास्त्र, गणित, रसायनशास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान, प्राणिशास्त्र |
| 6. | एल.एल.बी. | तीन वर्षीय पाठ्यक्रम |
| 7. | एल.एल.एम. | दो वर्षीय पाठ्यक्रम (क्रिमिनल लॉ, बिजनिस लॉ, एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ) |
| 8. | एम.एस.सी. | गणित, रसायनशास्त्र |
| 9. | एम.कॉम. | सभी अनिवार्य विषय |
| 10. | एम.ए. | समाजशास्त्र, अंग्रेजी |
| 11 | एम.एस.डब्ल्यू. | सभी अनिवार्य विषय |


संपर्क करें : मो.:9893558718, 9981265181

हम भर्ती कर रहे हैं
जॉस नमकीन एलएलपी (रीवा बेला) में शानदार अवसर
1. डिस्पैच और इन्वेंट्री प्रबंधन के लिए एक व्यक्ति।
2. हमारे दैनिक कंप्यूटर कार्य के लिए एक व्यक्ति (एक्सेल और ईआरपी सॉफ्टवेयर में कुशल होना चाहिए।)
3. एक व्यक्ति जो जवाबदेही और नकदी को संभाल सके।
वेतन: योग्यता के अनुसार
संपर्क नंबर: +91 98798 24578
कृपया अपना बायोडाटा (Resume) इसी नंबर पर साझा करें
JOSS NAMKEEN LLP
REWA BELLA

कमला नेहरू उच्च.माध्य.विद्यालय
प्रवेश प्रारंभ Nur. To 12th English Medium
बाण सागर कालोनी, रीवा
32 वर्षों से संचालित विश्वास का प्रतीक
आवश्यकता है
अंग्रेजी - 2 पद
गणित - 2 पद
आर्ट - 2 पद
इंग्लिश मीडियम प्राथमिक शिक्षक - 6 पद
इच्छुक अभ्यार्थी संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें कार्यालय समयः प्रातः 08 बजे से 02 बजे तक बायोडाटा जमा करें
इंग्लिश मीडियम में योग्य अनुभवी शिक्षकों की आवश्यकता है।
संपर्क करें: 9755844900, 7415156972, 7000215923

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियां Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिकः शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
NCVT & DGET भारत सरकार से मान्यता प्राप्त
सतपुड़ा I.T.I.
'हुनर से रोजगार तक हम आपके साथ है'
ELECTRICIAN 2 YEARS
FITTER 2 YEARS
COPA 1 YEARS
प्रवेश प्रारंभ सत्र- 2026-27
ST/SC/OBC के छात्रों को शासन द्वारा छात्रवृत्ति की सुविधा
Eligibility 10th Pass
प्रवेश हेतु संपर्क करें पता- बारयांकला सीधी रोड, मऊगंज (म.प्र.)
मो.:- 7000558230, 6262604132, 7999190729

SHRI RAMKRISHNA COLLEGE OF PHARMACY
PCI APPROVED/9649
APPROVED BY: PCI NEW DELHI AND AFFILIATED TO RGPV BHOPAL (M.P.)
B.Pharma D.Pharma
REGISTRATION OPEN Session 2026-27
6262084843, 9183484843
Campus -Deora, Airport road chorahata,Rewa (M.P)

SUDHA COLLEGE OF PHARMACY
( Approved By: PCI New Delhi and Affiliated to RGPV Bhopal (M.P.)
B.Pharma 4- Years Course 60 Seats
D.Pharma 2- Years Course 60 Seats
Admission Fees Free
REGISTRATION OPEN Session : 2026-27
Eligibility : 12th Passed (Math/Biology)
Note: Scholarship is also available for eligible candidate
For Admission and Query
Call US: 9993204854, 9425818399
Add.: Sagra Gagahara Road Rewa (M.P.)
Email: sudhacollegeofpharmacy@gmail.com

डॉ. अनुशा पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (ऑब्स एण्ड गायनी)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, लेप्रोस्कोपिक सर्जन
संबंधित समस्याएँ
• सफेद पानी जाना, मासिक में अनियमितता
• मासिक के समय दर्द एवं अधिक रक्त स्राव
• पेशाब का लीक होना, बदबू आना, जलन होना एवं पेशाब सम्बन्धी समस्या
• बच्चा रोक थाम का उपाय
• बाँझपन का इलाज
• अंडाशय की गांठ के ऑपरेशन
• बच्चेदानी के ऑपरेशन
• बच्चेदानी के रसौली का इलाज
• पॉलीसिस्टिक ओवरी डिजीज का इलाज
• रजोनिवृति (Menopause) की समस्याएँ
• नॉर्मल डिलिवरी एवं सिजेरियन डिलिवरी
परामर्श समयः सुबह 11:00 बजे से सायं 07:00 बजे तक प्रतिदिन
निःशुल्क परीक्षण कैम्प हर महीने की 15 तारीख को समयः सुबह 11 से दोपहर 02 बजे तक
एच.बी. और सुगर जांच फ्री सोनोग्राफी में 20% की छूट
मिलने का पता श्री समाधान सोनोग्राफी सेंटर
कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम के सामने शॉप नं.-39, 39A समदड़िया मेडिकल मॉल-रीवा
8085813545

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपतियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

Minerva
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबर:- 18008892250



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com